भाज

१०७ वर्ष

पटना, गुरुवार, २२ अक्तूबर, २०२६ सौर ४ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण ९२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा



सीएम रेवंत रेड्डी

शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार को मिलेंगे 2 करोड़



सोनाक्षी सिन्हा

16 साल में 31 फिल्में, मात्र 6 हिट

बिहार कैबिनेट की बैठक कल कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर



पटना (आससे)। बिहार की राजनीति और प्रशासनिक गतिविधियों के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम 5 बजे मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने की संभावना है। इस बैठक को राज्य के विकास, युवाओं के रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार, शहरी विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अहम माना जा रहा है। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, किन प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी मिलेगी, यह कैबिनेट के फैसलों के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

कैबिनेट की इस बैठक में सबसे अधिक निगाहें रोजगार और रोजी-रोजगार से जुड़े संभावित एजेंडों पर टिकी हुई हैं। बिहार के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना, विभिन्न विभागों में नियुक्तियों से संबंधित प्रस्तावों पर विचार करना और रोजगार व्यवस्था को मजबूत बनाना

(शेष पृष्ठ ९ पर)

हादसे में छह लोगों की मौत

बेगूसराय में पिता-पुत्र और महिला की मौत, महुआ में भी तीन की गयी जान

बेगूसराय/महुआ (आससे)। बिहार के बेगूसराय में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। हाईवे पर तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक पिता, उनका पुत्र और एक महिला शामिल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों लोग मेला देखकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।

उधर वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद संबंधित गांवों में मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



बेगूसराय में हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर घटनास्थल पर जुट गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीनों लोग मेला देखने के बाद वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर सामने से आ रही कार से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार तीनों लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी की दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में

(शेष पृष्ठ ९ पर)

एम्स पटना में आयुष्मान योजना से पहला किडनी ट्रांसप्लांट सफल

फुलवारी शरीफ (आससे)। एम्स पटना में आयुष्मान भारत योजना के तहत पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया. दरभंगा जिले के पचगछिया निवासी 31 वर्षीय मरीज का सफल प्रत्यारोपण होने के बाद बुधवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी. मरीज को उसकी 24 वर्षीय पत्नी ने अपनी किडनी दान की. यह एम्स पटना में किया गया 15वां किडनी ट्रांसप्लांट है.



पत्नी ने दी पति को किडनी तीन लाख की लागत में हुआ प्रत्यारोपण

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, आयुष्मान भारत योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी. करीब तीन लाख रुपये की लागत से हुए इस प्रत्यारोपण का खर्च योजना के तहत वहन किया गया.

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सूडान में ड्रोन अटैक में 153 लोगों की मौत

खार्तूम (एजेंसी)। अफ्रीकी देश सूडान और दक्षिणी सूडान के बीच विवादित क्षेत्र अबेई के एक बाज़ार पर ज़बरदस्त ड्रोन अटैक हुआ जिसमें कम से कम 153 लोगों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक अबेई के एमिएट बाजार में एक पेट्रोल पंप के पास ड्रोन से हमला हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे बाजार में आग फैल गई, ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी और चारो तरफ भगदड़ मच गई। कई लोग बुरी तरह

(शेष पृष्ठ ९ पर)

नवंबर में पीएम मोदी का संभावित बिहार दौरा

भागलपुर (आससे)। बिहार में नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभावित दौरा चर्चा में है। इस दौरान उनके भागलपुर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित कार्यक्रम में पीरपैंती थर्मल पावर स्टेशन, विक्रमशिला के पास नए केंद्रीय विश्वविद्यालय और सुल्तानगंज में अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास शामिल हो सकता है।

तीन बड़ी परियोजनाओं के शिलान्यास की तैयारी


हालांकि, प्रधानमंत्री के दौरे की तारीख और कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। संभावित दौरे को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज शाम समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें तैयारियों और कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होने की संभावना है।

भागलपुर जिले में पीरपैंती थर्मल पावर स्टेशन का शिलान्यास प्रस्तावित

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दारोगा के दो पुत्रों को मारी गोली, एक की मौत

गयाजी/मानपुर। दुर्गा पूजाके दौरान अपराधियोंने एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। मानपुर में बदमाशों ने मोतिहारी में तैनात एक दरोगा के दोनों बेटों को गोली मार दी। इस गोलीबारी में छोटे बेटे की मौत हो गई, जबकि बड़ा बेटा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। गंभीर रूप से घायल बड़े बेटेको इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पतालमें भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।



चर्चा में विवादकी वजह जुए से जुड़ी बताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। गया में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पाक से यूएस के रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं होंगे : मार्को रुबियो

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जयशंकर के साथ रुबियो की बैठक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रुबियो तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत आए हैं। मंगलवार को मुंबई में उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा और लोगों के बीच संपर्क सहित द्विपक्षीय सहयोग के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

टेररिज्म के इकोसिस्टम को खत्म करना होगा: राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तजाकिस्तान में एससीओ की काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की मीटिंग में आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को जमकर खरी खोटी सुनाई। राजनाथ सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि टेररिज्म के इकोसिस्टम को खत्म करना होगा, जो लोग आतंकियों को पनाह देते हैं, फाइनेंशियल सपोर्ट देते हैं, उन्हें अलग थलग करना ही होगा। राजनाथ सिंह तजाकिस्तान में एससीओ की काउंसिल ऑफ हेड्स

(शेष पृष्ठ ९ पर)

An Investor Awareness Initiative by

SEBI

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India



म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़

विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saaरthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE IPFT | BSE Investors Protection Fund | MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND | CDSL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NSDL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building Initiative of SEBI

रानी तालाब रामलीला मैदान में धूमधाम से संपन्न हुआ रावण दहन

देव (औरंगाबाद)। विजयादशमी के पावन अवसर पर काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में रानी तालाब स्थित रामलीला मैदान, देव में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विशालकाय रावण के पुतले का दहन कर असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म

भव्य आतिशबाजी से जगमगाया आसमान

की विजय का संदेश दिया गया। भगवान राम की भूमिका में स्थानीय कलाकार रंजन कुमार चौधरी, लक्ष्मण जी की भूमिका दीपक कुमार प्रजापति, बजरंग बली दिनेश कुमार प्रजापति बने थे द्य वे सर्वप्रथम रथ पर सवार होकर सूर्य मंदिर जाकर भगवान भाष्कर का आशीर्वाद लिए इसी तरह कार्यक्रम की शुरुआत शाम को धार्मिक अनुष्ठानों और जयकारों के साथ हुई। रामलीला मैदान में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय ग्रामीण रावण दहन के साक्षी बनने पहुँचे थे। जैसे ही भगवान श्रीराम का स्वरूप धारण किए कलाकार ने रावण के पुतले पर बाण चलाया, पूरा मैदान 卐जय श्री राम卐 के उद्घोष से गूंज उठा। रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा और इसके साथ ही हुई आतिशबाजी ने रात के अंधेरे को दूर कर पूरे मैदान को रोशनी से सराबोर कर दिया। काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक धनराज सचिव राहुल सिंह,कोषाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी,संरक्षक दीपक गुप्ता, बिट्टू सिंह, गोरख साव,रवि पेंटर,राजबंश सिंह, उमेश कुमार,राकेश राही, मण्डल कुमार, मोहित कुमार,कुंदन सिंह, सोनू कुमार, लवकुश कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रानी तालाब रामलीला मैदान में रावण दहन का आयोजन बहुत ही व्यवस्थित और सुरक्षित



तरीके से संपन्न कराया गया। इसे देखने के लिए देव प्रखंड के तमाम श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा था द्य रानी तलाब से लेकर सूर्य मंदिर तक जाम की स्थिति बनी हुयी थी द्य सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मैदान में पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सहयोगी मुख्य अतिथि लक्ष्मण गुप्ता,सम्मानीय अतिथि देव थानाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, अंचलाधिकारी दीपक कुमार,नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल,सिद्धेश्वर विद्यार्थी नगर उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित कियें। सम्मान समारोह के उपरांत काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं नें सभी ग्रामीणों और उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डालमियानगर में रावण दहन कार्यक्रम संपन्न

डालमियानगर रोहतास आससे। विजयदशमी पर डालमियानगर झंडा चौक खेल मैदान में भव्य रावण दहन संपन्न हुआ। इस पुरानी परंपरा को देखने के लिए मैदान में हजारों लोगों का जन सैलाब उमड़ा था।। 40 फीट ऊंचे रावण का पुतला बनाया गया था जिसका दहन आतिशबाजियों के साथ बड़े ही शानदार तरीके से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डेहरी विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह और डेहरी एसडीएम निलेश कुमार ने फीता काटकर और पुतले में आग लगाकर किया। इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासन की भारी बंदोबस्त किए गए थे। जहां डेहरी विधानसभा क्षेत्र सहित दूर दराज से लाखों की संख्या में लोग रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का देखने के लिए जन सैलाब में तब्दील कर दिया। बुराई पर अच्छाई के प्रतीक रावण दहन के बाद लोगों ने सत्य और धर्म की हुई विजय को लेकर यह सीख ली कि अहंकार सबसे बुरी बात है। अहंकारी रावण ने जैसा किया उसका अंत निश्चित रूप से श्री राम ने कर दिया।

हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ रावण वध

काराकाट (आससे)। प्रखंड काराकाट अंतर्गत गोडारी, चिकसील, बेल्वाई बाजार एवं मलपुरा सहित विभिन्न स्थानों पर विजयादशमी के पावन पर्व पर रावण वध कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान गोडारी, चिकसील एवं बेल्वाई बाजार में प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की मुस्तैद मौजूदगी में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया, जहां हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने बुराई पर अच्छाई की जीत का जयघोष किया, वहीं मलपुरा में आयोजित मुख्य रावण वध कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय विधायक अरुण सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार, अंचल अधिकारी रितेश कुमार, राजस्व पदाधिकारी ध्रुव कुमार, थानाध्यक्ष विवेक कुमार एवं नगर पंचायत काराकाट-गोडारी के कार्यपालक पदाधिकारी सिमाब मतीन सहित सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के जवान पूरी तत्परता से डटे रहे और भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को संभाले रखा, जिसके कारण सभी जगहों पर कार्यक्रम बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। प्रशासन की इस सतर्कता और मुस्तैदी की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की। विजयादशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जो हमें जीवन में सदा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राजनीतिक श्रेय लेने से बेहतर होगा जनहित में हो कार्य : सासंद

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद जिले की विकास योजनाओं और सरकार के चुनावी वादों पर अपनी बात रखते हुए सांसद अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा ने एनएच-139 को फोरलेन बनाने, देव में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और बारुण में सौर ऊर्जा परियोजना की स्वीकृति को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी पर सवाल उठाये है। सांसद अभय कुशवाहा ने औरंगाबाद शहर के शाहपुर मुहल्ला स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता की। सांसद श्री कुशवाहा ने कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने संबंधी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर भी सांसद ने सवाल किया। उन्होंने कहा कि यदि नक्सलवाद समाप्त हो गया है, तो इसके नाम पर दी जा रही सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का समर्थन करेंगे, चाहे सरकार किसी भी दल की हो। लेकिन चुनाव के दौरान किये गये वादे पूरे नहीं होने और जनता से जुड़े सवालों का समाधान नहीं होने पर सरकार से जवाब भी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का असली उद्देश्य जनता को लाभ पहुंचाना होना चाहिए, न कि राजनीतिक श्रेय हासिल करना। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाये और कहा कि विपक्ष की ओर से उठाये जा रहे सवालों का



जवाब दिया जाना चाहिए, ताकि आम लोगों का भरोसा बना रहे। आवास योजना में लाभार्थियों के चयन को लेकर मिल रही शिकायतों पर उन्होंने कहा कि यह समस्या पूरे बिहार में सामने आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रखंडों में बीडीओ द्वारा पंचायतों के मुखिया पर दबाव डालकर हस्ताक्षर कराने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को अगली बैठक में प्रमुखता से उठाया जायेगा। उन्होंने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता ने उन पर भरोसा जताकर संसद भेजा। इसके बाद से वे जिले की बुनियादी समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाते रहे हैं। उत्तर कोयल नहर परियोजना, एनएच-139 का चौड़ीकरण और देव में मेडिकल कॉलेज की स्थापना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की गयी। राजद के सात सांसदों की एक कमेटी ने भी इस संबंध में मुलाकात की थी।

सांसद ने एनएच-139 को फोरलेन बनाने की स्वीकृति को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और विकास को गति मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी इसके लिए धन्यवाद दिया।

पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि, परिजनों को किया गया सम्मानित

डेहरी ऑन सोन (आससे)। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार, 21 अक्टूबर को रोहतास पुलिस की ओर से कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को ससम्मान आमंत्रित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ, उपहार एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शहीद जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति सम्मान एवं संवेदना व्यक्त की गई।

पुलिस संस्मरण दिवस पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह दिन उन वीर जवानों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों तक की परवाह नहीं की। उनका त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

इस अवसर पर रोहतास पुलिस के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने शहीदों के आदर्शों पर चलने तथा जनसेवा, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को हरसंभव सहयोग एवं सम्मान का भरोसा दिया गया।

कार्यक्रम ने पुलिस बल के प्रति कर्तव्य, त्याग और बलिदान की भावना को और मजबूत किया। शहीद जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनकी वीरता पुलिस बल को जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेगी।

14 लाख मूल्य के साढ़े 27 किलो गांजा समेत दो महिला गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को नबीनगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से 27.429 किलो गांजा बरामद किया। इस मामले में एक महिला समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 13 लाख 71 हजार 450 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई आरपीएफ नबीनगर, डेहरी ऑन सोन, जपला और अपराध आसूचना शाखा की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन नारकोस के तहत की। आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर और नारकोटिक्स विभाग, पटना से मिली सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 18523 अप में जांच अभियान चलाया। सोमवार सुबह करीब 7:58 बजे ट्रेन के नबीनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-दो पर पहुंचने के बाद बी-1 कोच की तलाशी ली गई। इस दौरान दो यात्रियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चिंतामनपुर निवासी अनुज कुमार (28) और पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर स्थित सती स्थान निवासी पिंकी देवी (28) के रूप में हुई है।

आरपीएफ के अनुसार, अनुज कुमार के नीले रंग के पिट्ठू बैग और ट्रॉली बैग से सेलो टेप में लिपटे गांजे के 15 पैकेट बरामद हुए। इनका कुल वजन 18.994 किलो था। वहीं, पिंकी देवी के काले रंग के ट्रॉली बैग से आठ पैकेट बरामद किए गए, जिनका वजन 8.435 किलो था। इस प्रकार दोनों के पास से कुल 27.429 किलो गांजा बरामद किया गया।मादक पदार्थ बरामद होने के बाद आरपीएफ ने संबंधित रेल थाना सोननगर और राजपत्रित अधिकारी को सूचना दी। इसके बाद नबीनगर के राजस्व पदाधिकारी सुनील उरांव की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए विधिवत तलाशी ली गई। बरामद गांजे को नियमानुसार जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि जब्त गांजा, दोनों आरोपितों और लिखित शिकायत पत्र को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना सोननगर को सौंप दिया गया है।

शिकायत के आधार पर रेल थाना सोननगर में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों के साथ अपराध आसूचना शाखा की टीम शामिल रही। आरपीएफ की इस कार्रवाई को रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

Format C-1
(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon'ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.
Name of Political party : Independent
Name of Election : Graduate Constituency Darbhanga-5
* Name of Constituency : Darbhanga-5

I **"Md. Imamul Haque"** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:


(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई सलामी

भभुआ/कैमूर(आससे) पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस केंद्र कैमूर में शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिले के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को सलामी देकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों के सम्मान में पुष्पचक्र अर्पित किए गए और उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा तथा राष्ट्रसेवा के जज्बे को नमन किया गया। इस मौके पर देश की आंतरिक सुरक्षा, शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के लिए शहीद हुए पुलिसकर्मियों का त्याग, शौर्य और समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।परेड में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

डीएम ने विसर्जन स्थल दुर्गा कुंड का किया निरीक्षण



सासाराम (आससे)। शहर में रखी गई प्रतिमाओं का विसर्जन फजलगंज से दुर्गा कुंड में ही होता है इसी को देखते हुए डीएम दीपक कुमार मिश्रा द्वारा दिन में फजलगंज स्थित दुर्गाकुंड पहुंच वहां जयजा लिया ताकि विसर्जन के दौरान कोई भी घटना न घट सके वहीं सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे दुर्गाकुंड को भी विसर्जन के लिए पूरी तरीके से साफ सुथरा कर पानी भर गया है वहीं डीएम ने लोगों से अपील की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सावधानी बरतें डीएम ने कहा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे विसर्जन रूट के अलावा विसर्जन स्थल और चौक चौराहा पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे वहीं जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी भी घूम कर जायजा ले रहे हैं प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पूरा होगा अगर किसी ने उप द्रव फैलाने की कोशिश की तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दोपहर बाद प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ शुरू

सासाराम (आससे)। दशहरा का त्योहार भक्ती और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर में एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बनाए गए थे तीन दिनों तक लोगों ने घूम घूम कर पूजा पंडाल में स्थापित मां का दर्शन किया वही बड़े आकर्षक भव्य पूजा पंडाल को देखा । बुधवार को दोपहर बाद मूर्ति का विसर्जन होना शुरू हुआ प्रतिमाएं अपने-अपने पंडाल से गाजे बाजे के साथ उठी और विसर्जन स्थल फजलगंज स्थित दुर्गाकुंड की ओर रवाना हुई। शहर के लगभग सभी प्रतिमाओं का विसर्जन दुर्गा कुंड में ही हुआ वहीं कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन वेदा नहर कुराईच नाहर में भी हुआ। विसर्जन जुलूस में काफी संख्या में पूजा पंडाल के लोग शामिल थे वह मां का जय घोष लगाते भक्ति गीतों थिरकते चल रहे थे। सभी पूजा पंडाल के लाइसेंसी को नगर पूजा समिति व नगर निगम सेवा समिति की ओर से सम्मानित किया गया। समाचार प्रेसन तक विसर्जन जारी था और देर रात तक विसर्जन चलता रहेगा प्रतिमाओं के विसर्जन को देखते हुए प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विसर्जन रोड में जगह-जगह पुलिसकर्मी को तैनात किया गया था वह विसर्जन स्थल दुर्गाकुंड में भी चक्कर में उपस्थित थे वही चौक चौराहा पर में पुलिसकर्मी और दंडाधिकारियों को लगाया गया था वही पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के पदाधिकारी भी घुम घूम कर निरीक्षण कर रहे थे ताकि शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिभाओं का विसर्जन हो सके।

Format C-2
(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	पटना स्नातक	दिलीप कुमार	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा, GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

31 सालों से हिंदू-मुस्लिम मिलकर करते हैं मां दुर्गा की आराधना, आपसी भाईचारा का मिसाल

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिला के डिहरी का एक पूजा पंडाल में पिछले 31 सालों से एक मुस्लिम समाज का व्यक्ति पूजा कमेटी का सचिव बनाकर पूरी व्यवस्था संभाल रहा है। रोहतास जिला के स्टेशन रोड स्थित डिहरी के युवा किंग कला मंच पूजा समिति के पूजा समिति के सचिव के पद पर वर्ष 1995 से ही वारिस अली बने हुए हैं। 151 सदस्यों वाली इस पूजा समिति में लगभग आधे मुस्लिम समाज के लोग हैं। बड़ी बात है कि आपसी भाईचारा से ही होगा। इंसानियत की मिसाल देते हुए युवा किंग कला मंच प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करती है तथा मो. वारिस अली तथा मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सहित अन्य लोग वर्षों से इससे जुड़े हुए हैं। वारिस अली बताते हैं कि मजहब के नाम पर आपसी बैर रखने वाले लोग उनसे नाराज हो जाते हैं। कुछ साल पहले मुसलमान समाज के एक मौलाना ने उनके खिलाफ फातमा जारी कर दिया कि उसे मुस्लिम समाज धर्म से निकाल दिया जाए। इसके बावजूद उन्होंने पूजा समिति का सचिव का पद नहीं छोड़ा। आज मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह की अगुवाई में आपसी भाईचारा सौहार्द के साथ युवा किंग कला मंच पूजा समिति अपना काम कर रही है। समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कहना है कि जिस इलाके में ये प्रतिमा स्थापित की जाती है, वहां हिंदू मुसलमान सभी समाज के लोग रहते हैं।



हिंदू समाज के युवा ईद तथा बकरीद में भी शामिल होते हैं। जबकि मुसलमान समाज के लोग दुर्गा पूजा एवं छठ में भी शरीक होते हैं।

आज विजयदशमी के दिन सभी लोग एकत्र होकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर फेंका गया शव मिला

डालमियानगर रोहतास आससे। जिले के करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में एक अधेड़ की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान गांव निवासी स्वर्गीय राधा किशुन तिवारी के 50 वर्षीय पुत्र जनार्दन तिवारी के रूप में हुई है।उनका शव गांव के बीच दलित बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते पर खून से लथपथ अवस्था में मिला। घटना की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गयी और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। जनार्दन तिवारी खाना खाने के बाद घर से निकले थे। देर रात तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे।शव मिलने की खबर फैलते हीघटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी. घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। करगहर थानाध्यक्ष थानाध्यक्ष के अनुसार, मृतक की छाती और ललाट पर जख्म के निशान मिले हैं।

Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार
मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय,
जिला - नालन्दा, 803118
Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
***Name of Constituency** : पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई, भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ प्रतिमा विसर्जन

सिंदूर खेला और पारंपरिक गीतों के बीच छलकी भक्तों की आंखें

बिहारशरीफ। कैसे करी तोहर विदाई मैया, नौ दिन बीते, दशमी आई, अँखिया मेरी भर आई... ओ अंबे मैया कैसे करूं मैं विदाई के गीत ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बजने के साथ हीं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दोपहर बाद से ही शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से प्रतिमाओं का उठाव शुरू हो गया था। ट्रकों और ट्रैक्टरों पर सवार होकर जब मां की प्रतिमाएं बेला में भक्तों की आंखें छलक आईं। 'मैया मोरी दुलरी, आज हो गईली बिदाई...' और 'अगले बरस तू जल्दी आ...' जैसे पारंपरिक और भावुक विदाई गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने नम विसर्जन जुलूस में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इन जुलूसों में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति विशेष रूप से देखने लायक थी, जिससे पूरा मार्ग भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।





क्या महिला, क्या पुरुष सब की आंखें भर आई। खासकर पिछले कई दिनों से दुर्गा पूजा की तैयारी में लगे युवाओं और जुड़े लोगों की आंखें तो तब से हीं भर रही थी जब विजयादशमी मनी। मां की विदाई को लेकर माहौल गमगीन हो गया, लेकिन सुख-शांति, तरक्की की कामना की। शारदीय नवरात्र का समापन विजयादशमी के साथ हो गया, जिसके बाद बुधवार को बिहारशरीफ सहित पूरे जिले में देवी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे-बाजे और पूरे विसर्जन के लिए निकलीं, तो पूरा शहर मां के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

मां के साथ सिंदुर खेल कर महिलाओं ने दी विदाई

विसर्जन की रस्म शुरू होने से पहले महिलाओं ने मां की भव्य आरती उतारी और पारंपरिक 'सिंदूर खेला' की रस्म निभाई। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मां से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। मायके आई मां की विदाई की इस आंखों से जगतजननी को विदा किया।

प्रमुख अखाड़ों और पूजा समितियों की झांकियां

बिहारशरीफ के विभिन्न इलाकों से तय समय और निर्धारित रूट के अनुसार भव्य विसर्जन जुलूस निकाले गए। शहर की प्रतिष्ठित पूजा समितियों जैसे मां अंबे अंबेर वाली, नई सराय, बारादरी, अंबेर मोड़ की दुर्गा प्रतिमाएं, भैसासुर की मां काली की प्रतिमा, पुल पर की बड़ी दुर्गा माता, बड़ी पहाड़ी दुर्गा पूजा समिति सहित अन्य प्रमुख प्रतिमाओं के

पंचाने नदी से लेकर विभिन्न घाटों पर हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

प्रशासनिक व्यवस्था और पारंपरिक नियमों के तहत प्रतिमाओं का विसर्जन मुख्य रूप से बिहार शरीफ की पंचाने नदी के विभिन्न घाटों जैसे कोसू घाट, बाबा मणिराम अखाड़ा घाट, पतासंग, मोरा तालाब और छठ घाट पर किया गया। इसके अलावा, कई पूजा समितियां अपनी श्रद्धा के तहत प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए बख्तियारपुर और बाढ़ स्थित गंगा घाटों तक भी पहुंचीं। वहीं, कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन राजगीर की पवित्र वनगंगा में भी किया गया। देर शाम तक विसर्जन का यह सिल. सिला पूरी आस्था और अनुशासन के साथ अनवरत चलता रहा।

सुरक्षा के रहे चाक-चौबंद इंतजाम प्रशासनिक अधिकारी रहे मुस्तैद

इस पूरे महाअभियान के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर के चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह मुस्तैद नजर आए, जबकि विधि-व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक खुद लगातार विभिन्न घाटों का निरीक्षण करते रहे और सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते रहे।

हरनौत में ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या

बिहारशरीफ। हरनौत थाना क्षेत्र के पोरई गांव में मंगलवार की देर रात गली में बाइक खड़ी करने को लेकर हुए मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे एक ट्रैक्टर चालक के सिर में पड़ोसी युवक ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जगदीश महतो के 47 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुनील बाहर रहकर ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे और महज तीन दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने घर लौटे थे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की एक संकरी गली में दो बाइक खड़ी थीं, जिससे रास्ता बाधित हो रहा था। स्थानीय महिलाओं ने जब बाइक मालिकों के बारे में पूछताछ की तो कोई सामने नहीं आया। इसके बाद वार्ड पार्षद को सूचना देने के साथ ही डायल 112 पर पुलिस को बुलाया गया। इसी बीच, पड़ोस के रहने वाले दो भाई सौरभ कुमार और गौरव वहां पहुंचे और उन्होंने उन बाइकों को अपने रिश्तेदारों का बताया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई। मृतक की दादी मालती देवी ने बताया कि जब विवाद बढ़ा तो गांव के बुजुर्ग और ग्रामीण दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराने की कोशिश कर रहे थे। समझौता कराने की इसी प्रक्रिया के दौरान आरोपी सौरभ कुमार अचानक अपने घर से हथियार निकालकर ले आया और भीड़ के बीच में ही सुनील कुमार के सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही सुनील गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर डीएसपी-2 राकेश कुमार रंजन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गली में बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी द्वारा गोलीबारी की गई है, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई है। पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना के बाद से गांव में तनावपूर्ण शांति का माहौल है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

बिहारशरीफ के पचौड़ी एवं सकरौल में सहयोग शिविर में लोगों की खूब रही भागीदारी

बिहारशरीफ। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न सरकारी व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव स्तर पर ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय बिहारशरीफ के अंतर्गत ग्राम पंचायत राज पचौड़ी तथा ग्राम पंचायत राज सकरौल में वृहद सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन नालंदा की इस विशेष पहल के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न सरकारी विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों ने सहभागिता निभाई, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई।

ग्राम पंचायत राज पचौड़ी में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से संबंधित अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए निष्पादन कर दिया। शेष बचे तीन



कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 19 आवेदनों का मौके पर ही लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का सख्त निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया गया। वहीं ग्राम पंचायत राज सकरौल में आयोजित शिविर में शत-प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। इस शिविर में कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा विभाग और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े कुल उन्नीस आवेदन प्राप्त हुए थे। अधिकारियों ने सभी आवेदनों की जांच कर उनका निष्पादन कर दिया।

Format C-1
(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon'ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.

Name of Political party : Independent

Name of Election : Graduate Constituency Darbhanga-5

* Name of Constituency : Darbhanga-5

I **"Md. Imamul Haque"** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	पटना स्नातक	दिलीप कुमार	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा, GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार
मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय,
जिला - नालन्दा, 803118

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

दुर्गा पूजा के दौरान नियम उल्लंघन के आरोप में 150 बाइक हुआ जब्त

बिहारशरीफ। दुर्गा पूजा मेला के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारन और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया है। त्योहार के मद्देनजर शहर के बिहार, सोहसराय, लहेरी और दीप. नगर थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, जिसके तहत 150 से अधिक बाइकें जब्त की गईं। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर फर्राटा भरने वाले चालकों में हड़कंप मच गया।

डीएसपी अमरनाथ ने जानकारी दी कि पर्व के दौरान शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के कारण यातायात नियंत्रण करना एक बड़ी चुनौती था। ऐसे में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ट्रिपल लोडिंग (एक बाइक पर तीन सवारी), बिना हेलमेट वाहन चलाने और नाबालिगों द्वारा बाइक चलाने के मामलों पर विशेष रूप से फोकस किया गया।

पटना स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव प्रचार थमा

23 अक्टूबर को 57 बूथों पर डाले जायेंगे वोट

बिहारशरीफ। पटना स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव को लेकर चल रहा चुनाव प्रचार अब थम गया है और 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नालंदा जिले के 20 प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसरों में कुल 57 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें स्नातक निर्वाचन के लिए 37 और शिक्षक निर्वाचन के लिए 20 बूथ शामिल हैं। इस चुनाव में जिले के कुल 31,851 स्नातक मतदाता और 2,700 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान निर्धारित तिथि को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक संपन्न होगा। इसके बाद आगामी 27 अक्टूबर को मतों की गिनती की जाएगी और पूरी चुनाव प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक संपन्न कर ली जाएगी। इस चुनाव कार्यक्रम के तहत 29 सितंबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसके बाद छह अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए गए, सात अक्टूबर को पत्रों की जांच हुई और 9 अक्टूबर तक नाम वापसी का समय तय किया गया था।

प्रतिमा विसर्जन घाट पर डीएम-एसपी पहुंचकर स्थिति का लेते रहे जायजा

बिहारशरीफ। जिले में दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने संयुक्त रूप से कोसुत नदी घाट तथा मोरा तालाब स्थित विसर्जन स्थलों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने विसर्जन को लेकर की गई तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिले के विभिन्न पूजा पंडालों से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू होने के मद्देनजर प्रशासन द्वारा निर्धारित विसर्जन स्थलों पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के क्रम में डीएम और एसपी ने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, माइकिंग और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का गहराई से मुआयना किया। उन्होंने निर्देश दिया कि शाम और रात्रि के समय श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था रखी जाए, ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

विसर्जन के दौरान प्रतिमाओं को सुरक्षित तरीके से जल में प्रवाहित करने के लिए उपयोग में आने वाले हाइड्रा और क्रेन की उपलब्धता व उसकी कार्यशीलता की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान जहां भी सुधार की गुंजाइश पाई गई, वहां के पदाधिकारियों को तुरंत व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, घाटों पर की गई बैरिकेडिंग और आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम की मौजूदगी की भी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने दोनों विसर्जन स्थलों पर तैनात किए गए दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और अन्य कर्मियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें पूरी तत्परता और मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विसर्जन प्रक्रिया के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ काम करें तथा हर परिस्थिति में सक्रिय रहें।

इस उच्च स्तरीय निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी (नालंदा) सहित विभिन्न विभागों के कई वरीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनी रहे, जिसके लिए हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है।

सड़क जाम

बिहारशरीफ। चंडी थाना क्षेत्र के गोपी बिगहा गांव के पास एक अनियंत्रित पुलिस वाहन ने सड़क किनारे खड़े सीएनजी टेम्पो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक लगे इस जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

आग में झुलसने से विवाहिता की मौत

बिहारशरीफ। राजगीर थाना क्षेत्र के नई पोखर मोहल्ले में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसने के कारण एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान ललन शर्मा की पत्नी सुप्रिया कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी छह महीने की एक छोटी बच्ची भी है। जहानाबाद जिले के चातर गांव निवासी मृतका के पिता अशोक शर्मा ने बताया कि सुप्रिया की शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बाइक और अन्य सामान की मांग को लेकर ससुराल वाले अक्सर उनकी बेटी को प्रताड़ित करते थे और सुप्रिया ने कई बार जान का खतरा भी जताया था। परिजनों का कहना है कि हत्या को हादसे का रूप देने की कोशिश की गई है। दूसरी ओर, मृतका के पति ललन शर्मा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सुप्रिया लंबे समय से मिर्गी (एपिलेप्सी) की बीमारी से पीड़ित थी। रविवार की शाम रसोई में खाना बनाते समय उसे अचानक दौरा पड़ गया, जिससे वह चूल्हे पर गिर पड़ी। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

जिले में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ दुर्गा पूजा का त्योहार

पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मां दुर्गा के दर्शन को रातभर लगा रहा तांता
डीएम, एसपी सहित कई पदाधिकारियों ने पूजा पंडालों का लिया जायजा, सुरक्षा का रहा पुख्ता बन्दोवस्त

जहानाबाद। असत्य पर सत्य की विजय का त्योहार दुर्गापूजा पूरे जिले में हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया। नवमी एवं दशमी को पूजा पंडालों में मॉ दुर्गा के दर्शन को भारी भीड उमड़ पड़ी। मां दुर्गा की आराधना को लेकर शहरी और ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। सप्तमी की शाम पूजा पंडालों के पट खुलने के साथ ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पूजा-अर्चना और भक्ति का माहौल बना रहा। नवमी और दशमी को जिला मुख्यालय के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। देर रात तक लोग मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंचते। शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में आकर्षक सजावट और भव्य प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक सजावट ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। शहर के ठाकुरबाड़ी जाने वाले रास्ते पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से सड़क पूरी तरह भीड़ से पट गई थी। स्थिति यह थी कि कई स्थानों



पर लोगों को आगे बढ़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। लोग परिवार के साथ पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन कर रहे थे। राजा बाजार स्थित बाजार समिति परिसर में बनाए गए पूजा पंडाल में विशेष आकर्षण देखने को मिला। यहां एनिमेशन के माध्यम से महिषासुर वध का दृश्य प्रस्तुत किया जा रहा था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। इसके अलावा शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग जिला मुख्यालय पहुंचे और पूजा पंडालों में दर्शन-पूजन किया। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए थे। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और पूजा पंडालों के आसपास पुलिस के जवान तैनात रहे। शहर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी न हो। इसके लिए शहर के प्रवेश मार्गों और प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग भी की गई थी। प्रशासन की ओर से यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए वाहनों के परिचालन में बदलाव किया गया था। इससे पूजा पंडालों की ओर जाने वाले रास्तों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने का प्रयास किया गया। कुल मिलाकर जिले में दुर्गा पूजा का त्योहार उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ मां की आराधना की।

23 को जिले की 11 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान को लेकर 23 अक्टूबर यानि शुक्रवार को जिले की 11 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संबंधित पंचायत सरकार भवन अथवा निर्धारित सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किए जाएँगे। इस बार सहयोग शिविर का आयोजन शुक्रवार को होने के कारण जिला स्तरीय जनता दरबार का आयोजन अलग से नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित पंचायत के सहयोग शिविर में ही उपस्थित हों। जिले के काको प्रखंड के डेढ़सैया, बबीना एवं सुलेमानपुर, जहानाबाद प्रखंड के सेवनन एवं मांदिल, मखदुमपुर प्रखंड के धराउत एवं कोहरा, घोसी प्रखंड के उबेर, मोदनगंज प्रखंड के मोदनगंज, हुलासगंज प्रखंड के तीर्री तथा रतनी फरीदपुर प्रखंड के रतनी पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएँगे। शिविरों में राजस्व, दाखिल-खारिज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, मनरेगा, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

डीएम ने ठाकुरबाड़ी पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जहानाबाद। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया ने ठाकुरबाड़ी स्थित दुर्गा पूजा



पंडाल का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूजा पंडाल एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति की जाँच की गई। इस क्रम में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिसकर्मी अपने निर्धारित स्थलों पर उपस्थित पाए गए। पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं द्वारा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में माँ दुर्गा के दर्शन किए जा रहे थे। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वाणावर हॉल्ट पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मखदुमपुर। वाणावर कोटेश्वरनाथ धाम हॉल्ट पर पटना से गया की ओर जा रही स्पेशल ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बराबर पर्यटन थाना क्षेत्र के अलबेला नगर गांव निवासी बिगन मांझी का 25 वर्षी पुत्र सोनू मांझी के रूप में पहचान हुई है। सोनू मांझी वाणावर कोटेश्वर नाथ धाम के समीप था इसी बीच पटना से गया की ओर जा रही स्पेशल ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

डीएम ने किया विसर्जन स्थल का निरीक्षण

सुरक्षा, रौशनी और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

काको, जहानाबाद। माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण और



सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी छिरिड वाई भूटिया ने प्रखंड के दक्षिणी स्थित विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने विसर्जन स्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी से निगरानी करने, पहुंच मार्गों पर पर्याप्त रोशनी तथा जल क्षेत्र में गोताखोरों और जीवनरक्षक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन पर भी जोर दिया।

उन्होंने आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा दल, एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, पूजा समितियों और श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग, समय-सारणी और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण विसर्जन में सहयोग की अपील की। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

करंट की चपेट में आने से नगर पंचायत कर्मी की मौत

काको, जहानाबाद। नगर पंचायत काको में कार्यरत कर्मी रंजीत कुमार की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना उनके पैतृक गांव गोलकपुर में हुई। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों में गहरा शोक व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पंचायत काको के मुख्य पार्षद राहुल रंजन, कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम सहित सभी वार्ड पार्षद दिवंगत रंजीत कुमार के पैतृक गांव गोलकपुर पहुंचे। वहां सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने रंजीत कुमार के निधन को नगर पंचायत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य पार्षद राहुल रंजन, कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम सहित नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद शामिल थे।

मोरहर नदी में मिला युवक का शव

मखदुमपुर। मोरहर नदी में बुधवार के दिन युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। मृतक की पहचान शकूराबाद थाना क्षेत्र के पृजपुरा गांव निवासी सुनील यादव 35 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार के दिन दशहरा मेला घूमने घर से निकला था युवक जो पूरी रात घर वापस नहीं लौटा। जानकारी के अनुसार इक्किल विशुनपुर गांव के समीप ब्रह्मस्थान के पूरब मोरहर नदी के पूर्वी भाग में बुधवार के दिन ग्रामीणों ने एक शव तैरता देखा।

लूट का विरोध करने पर युवक की जमकर पिटाई

जहानाबाद। घोसी थाना क्षेत्र के देहुनी नहर के पास रविवार की देर शाम तीन अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक को घेरकर लूटपाट किया। विरोध करने पर बदमाशों ने युवक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उसके गले से सोने का लॉकेट, जेब में रखी नकदी और बाइक लूटकर फरार हो गए। गंभीर स्थिति में घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया । घायल की पहचान काको थाना क्षेत्र के सुलेमानपुर गांव निवासी रामप्रवेश यादव के पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि रविवार की देर शाम वह घोसी बाजार से अपनी बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे गांव का ही एक परिचित युवक मिल गया। उसने उसे भी अपनी बाइक पर बैठा लिया। दोनों अभी देहुनी नहर के पास पहुंचे ही थे कि पहले से घात लगाए तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद बदमाशों ने राजेश के गले से सोने का लॉकेट छीनने का प्रयास किया। राजेश ने जब इसका विरोध किया तो तीनों बदमाशों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बदमाश उसे लगातार पीटते रहे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। युवक के अचेत होने के बाद बदमाशों ने उसकी जेब में रखी नकदी, सोने का लॉकेट और बाइक अपने कब्जे में ले ली। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद राजेश के साथ मौजूद परिचित युवक ने स्वजन को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस बदमाशों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

हुलासगंज के चारों पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हुलासगंज। प्रखंड मुख्यालय बाजार में दुर्गा पूजा के समापन के बाद बुधवार की शाम चार प्रमुख पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा और भारत माता को विदाई दी। विसर्जित की गई प्रतिमाओं में प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ी दुर्गा स्थान और प्राकुंश नगर की मां दुर्गा, बस स्टैंड के समीप स्थापित मां काली तथा बाजार समिति परिसर की भारत माता की प्रतिमा शामिल थीं। विसर्जन से पहले सभी प्रतिमाओं को पूरे हुलासगंज बाजार में भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर मां के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना के साथ भावुक विदाई दी। बाजार भ्रमण के बाद प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुसार सभी प्रतिमाओं का उत्तीमपुर स्थित पोखर में विसर्जन



किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विसर्जन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मां दुर्गा की विदाई के साथ ही हुलासगंज बाजार में दुर्गा पूजा का उत्सवी माहौल संपन्न हो गया।

26 से कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान का होगा आयोजन

डीएम ने तैयारियों की समीक्षा कर व्यापक प्रचार-प्रसार का दिया निर्देश

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में वासंतिक (रबी) कृषि जन कल्याण चौपाल-सह-खेत बचाओ अभियान 2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह अभियान जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 26 अक्टूबर से 30 नवंबर तक निर्धारित तिथियों एवं पंचायतवार कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जाएगा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) द्वारा बताया गया कि कृषि विभाग के निर्देशानुसार रबी मौसम में किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान



के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक एवं प्रसार कर्मी ग्राम पंचायतों में पहुँचकर किसानों को फसल विविधीकरण, डिजिटल कृषि, उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन उत्पादन, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, उद्यानिकी, समेकित कृषि प्रणाली एवं कृषि यंत्रीकरण सहित विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी देंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान का जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान चौपाल में भाग लेकर कृषि की नवीनतम तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से अपील किया है कि वे अपनी-अपनी पंचायतों में निर्धारित तिथि पर आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आधुनिक एवं लाभकारी कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें।

पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि

जहानाबाद। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार को वीर शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) ने कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक और पुलिस केंद्र में माल्यार्पण कर देश की सुरक्षा एवं कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के तहत पुलिस केंद्र में परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान कर्तव्य पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को सलामी दी गई। अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया। पुलिस



संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के स्वजन से भी मुलाकात की गई। अधिकारियों ने उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना और सम्मान व्यक्त करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में वीर शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को समाज और देश के लिए अमूल्य बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिसकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए लोगों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले ऐसे वीर जवानों का साहस और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। पुलिस संस्मरण दिवस न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, बल्कि यह पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को निष्ठा, साहस और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा भी देता है।

Format C-1
(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon' ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.
Name of Political party : Independent
Name of Election : Graduate Constituency Darbhanga-5
* Name of Constituency : Darbhanga-5

I "Md. Imamul Haque" a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

Format C-2
(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	पटना स्नातक	दिलीप कुमार	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा, GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार
मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय,
जिला - नालन्दा, 803118
Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
*Name of Constituency : पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

साईं मंदिर में भगवान गणेश का मुकुट लेकर फरार हुए चोर

मंदिर का ताला काटकर वारदात, अंदर सोते रहे पुजारी, एसपी स्वर्ण प्रभात ने गश्ती और बाइक पार्टी को किया निलंबित

मोतिहारी (आससे) शहर के मिस्कॉट मोहल्ला स्थित साईं मंदिर में चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला काटकर भगवान गणेश का मुकुट चुरा लिया और मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि वारदात के समय मंदिर के पुजारी अंदर ही सो रहे थे, लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले में ड्यूटी के दौरान लापरवाही को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने संबंधित गश्ती पार्टी और बाइक पार्टी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चोरों ने मंदिर के मुख्य ताले को काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटनास्थल पर मंदिर की सीढ़ी के पास एक खंती भी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि इसी औजार का इस्तेमाल ताला काटने में किया गया होगा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। वारदात को अंजाम देने के तरीके और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

चोरी की इस घटना में चोर भगवान गणेश का मुकुट लेकर फरार हो गए। वहीं, मंदिर में मौजूद साईं बाबा की छतरी, दानपेटी और चरण पादुका सहित अन्य सामान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस चोरी गए मुकुट की बरामदगी और आरोपियों की पहचान में जुटी है। मंदिर में चोरी की खबर सामने आने के बाद स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा तेज हो गई है।

जांच के दौरान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे के करीब डेढ़ महीने से खराब होने की बात सामने आई है। ऐसे में वारदात की तस्वीरें मंदिर के कैमरे में कैद होने की संभावना नहीं है। पुलिस अब आसपास के घरों, दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को उम्मीद है कि आसपास के कैमरों में संदिग्धों की आवाजाही या वारदात से जुड़ा कोई सुराग मिल सकता है।

एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड और एफएसएल (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) की टीम भेजी गई है। टीम घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने और जांच में मददगार सुराग तलाशने में जुटी है। पुलिस आसपास के संदिग्धों तथा घटना के समय इलाके में आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है।

मंदिर में चोरी की घटना के बाद पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं। मामले में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने संबंधित गश्ती पार्टी और बाइक पार्टी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में भी सख्ती का संदेश गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच विभिन्न बिंदुओं पर की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता चोरी गए मुकुट की बरामदगी और आरोपियों की पहचान करना है। इसके लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच के साथ घटनास्थल से मिले साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस जांच के दौरान चोरों तक पहुंचने में कितनी जल्दी कामयाब होती है और भगवान गणेश का मुकुट कब तक बरामद हो पाता है।

सब्जी विक्रेता से मारपीट, 30 हजार छीनने का आरोप

चिरैया (आससे)। थाना क्षेत्र के गोखुला गांव में सब्जी बेचकर घर लौट रहे रमेश साह के साथ मारपीट करने, सिर में चोट पहुंचाने और 30 हजार रुपये छीनने की शिकायत पुलिस से की गई है। पीड़ित ने चार नामजद व्यक्तियों सहित 30 से अधिक अज्ञात लोगों पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है।

आवेदन के अनुसार, बीते 18 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे घर के पास ट्रैक्टर लगाकर रास्ता रोकने के बाद रमेश के साथ मारपीट की गई। इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त करने और डंडे से सिर पर वार करने का भी आरोप है। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता बिहारी साह और भाइयों अरुण साह व दिनेश साह के साथ भी मारपीट किए जाने की शिकायत है। दिनेश की अंगुली में दांत से काटकर चोट पहुंचाने की बात भी आवेदन में कही गई है।

घायल रमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चिरैया से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल, मोतिहारी रेफर किया गया। पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई

क्लार्क रिसोर्ट स्थित कैसीनो में छापेमारी चार नेपाली ग्राहकों समेत पांच हिरासत में

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। रक्सौल से सटे सीमावर्ती देश नेपाल के पर्सा जिले के वीरगंज महानगरपालिका-14 स्थित गंडक इलाके में क्लार्क रिसोर्ट होटल परिसर में संचालित 'गोल्डेन फिंगर गेमिंग जोन प्राइवेट लिमिटेड' कैसीनो में पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें कैसीनो में जुआ खेल रहे चार नेपाली नागरिक और उन्हें कथित रूप से नियमों के विरुद्ध प्रवेश दिलाने के आरोप में एक कर्मचारी शामिल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशेष सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस टीम ने कैसीनो परिसर में तलाशी ली। इस दौरान वहां जुआ खेल रहे चार नेपाली नागरिक मिले। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने के साथ ही नेपाली नागरिकों को नियमों के विरुद्ध कैसीनो में प्रवेश कराने के आरोप में वहां कार्यरत एक कर्मचारी को भी पकड़ लिया।

हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान बारा जिले के सिम्रौनगढ़ नगरपालिका-4 निवासी करीब 50 वर्षीय रामचन्द्र शाह, परसौनी गांवपालिका-1 निवासी करीब 47 वर्षीय सुभाष कुमार, परसौनी गांवपालिका-3 निवासी करीब 49 वर्षीय अक्षयलाल प्रसाद तथा रौतहट जिले के बौधिमाई नगरपालिका-9 निवासी करीब 50 वर्षीय सुमेश्वर जैसवाल के रूप में हुई है। वहीं, हिरासत में लिए गए कैसीनो कर्मचारी की पहचान 35 वर्षीय सुनील पटेल के रूप में की गई है।

जिला पुलिस कार्यालय पर्सा के कार्यवाहक सूचना अधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक विकास राई के अनुसार, विशेष सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में नियमों के विपरीत कैसीनो में प्रवेश करने वाले नेपाली नागरिकों और उन्हें प्रवेश दिलाने के आरोपित कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।पुलिस की इस कार्रवाई के बाद कैसीनो में नेपाली नागरिकों के प्रवेश से संबंधित नियमों के पालन का मामला फिर चर्चा में है। हालांकि, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों पर लगे आरोप अभी साबित नहीं हुए हैं। मामले में वास्तविक स्थिति जांच और आगे की कानूनी प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

वांछित राकेश शर्मा पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित, एसपी स्वर्ण प्रभात ने जारी की घोषणा

आर्म्स एक्ट और जालसाजी में पुलिस को तलाश, सूचना देनेवाले की पहचान रहेगी गुप्त

मोतिहारी (आससे) जिले में अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करते हुए मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने छतौनी थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्त राकेश शर्मा पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार, राकेश शर्मा छतौनी थाना कांड संख्या 542/26 में आर्म्स एक्ट एवं जालसाजी से संबंधित मामले में वांछित है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, वांछित अभियुक्त राकेश शर्मा, पिता स्वर्गीय अशर्फी शर्मा, ग्राम बरियारपुर, थाना छतौनी, जिला पूर्वी चंपारण, मोतिहारी का निवासी है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उसके संबंध में कोई विश्वसनीय जानकारी मिलती है, तो वह पुलिस को सूचित करे।

पुलिस की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राकेश शर्मा का पूर्व का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध छतौनी थाना में जबरन वसूली के आरोप से संबंधित कांड संख्या 165/23 तथा धोखाधड़ी से संबंधित कांड संख्या 259/21 दर्ज होने की जानकारी दी गई है। वर्तमान मामले में उसकी तलाश जारी है।

सूचना देने वाले को मिलेगा 20 हजार रुपये का इनाम

पुलिस अधीक्षक की घोषणा के अनुसार, राकेश शर्मा के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले व्यक्ति को 20 हजार रुपये की इनाम राशि प्रदान की जाएगी। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखने की बात कही गई है, ताकि लोग बिना किसी भय के पुलिस को सहयोग कर सकें।

इस संबंध में पुलिस ने संपर्क नंबर 9031827100 जारी किया है। राकेश शर्मा के बारे में जानकारी रखने वाले लोग इस नंबर पर संपर्क कर पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की सूचना देते समय स्वयं जोखिम न उठाएं और सीधे पुलिस को जानकारी दें।

इनाम घोषित करने का उद्देश्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयासों में आम लोगों का सहयोग प्राप्त करना है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

डिजिटल एक्स-रे का हुआ भव्य शुभारंभ

वाल्मीकिनगर (पंच)। अब तक वाल्मीकिनगर में डिजिटल एक्स रे से वंचित होने के कारण स्थानीय क्षेत्र वासियों को रंगीन एक्स रे के लिए हो रहे परेशानीयों को देखते हुए एक निजी क्लीनिक के संचालक द्वारा डिजिटल एक्स रे की सौगात दी गई है। जिससे स्थानीय क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है।वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के टंकी बाजार के समीप विजयादशमी के शुभ अवसर पर डॉ राजू प्रसाद सुरजी क्लीनिक परिसर में डिजिटल एक्स-रे सुविधा का उद्घाटन कर, क्षेत्र के मरीजों के लिए यह उपलब्ध कराया गया। ज्ञात हो कि मरीजों को डिजिटल एक्सरे के लिए नजदीकी क्षेत्र बगहा जो लगभग 45 किलोमीटर है जाना पड़ता था। डिजिटल एक्स रे खुलने से मरीजों की परेशानियां अब कम होती दिख रही है ।कारण की मरीज अब



वाल्मीकिनगर में ही डिजिटल एक्स-रे सुविधा का लाभ कम खर्च में ले पाएंगे। सुरजी डिजिटल एक्स-रे की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के साथ की गई। डॉक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि मरीज का बेहतर स्वास्थ्य और उनको बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है ।डिजिटल एक्स रे के उदघाटन समारोह में डॉ राजू प्रसाद की पत्नी माया देवी,पुत्र डॉ अंकित कुमार और राहुल कुमार के साथ वाल्मीकिनगर विधानसभा के पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह , मन बहाली महतो, गणेश महतो, समाजसेवी संजय सिंह,डॉक्टर चिंतामणि काजी, डॉ बृज किशोर काजी,सुशील रौनियार,विनोद कुमार, कृष्णा कुमार सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्रीबाबू के आदर्शों पर चलकर ही बिहार के विकास को मिलेगी नयी दिशा : राय सुन्दर देव शर्मा

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) बिहार केसरी एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139 वीं जयंती के अवसर पर बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह सेवा मंडल के तत्वावधान में मोतिहारी में बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा मंडल के अध्यक्ष राय सुन्दर देव शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा मंडल के अध्यक्ष राय सुन्दर देव शर्मा ने कहा कि श्रीबाबू का व्यक्तित्व, कृतित्व और दूरदर्शी नेतृत्व बिहार के इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने आधुनिक बिहार की आधारशिला रखने में महत्वपूर्ण शिल्पकार की भूमिका निभाई। श्रीबाबू ने सामाजिक न्याय, औद्योगिक विकास, शिक्षा के विस्तार और जनकल्याण को प्राथमिकता देकर बिहार को नई पहचान दिलाई। अधिवक्ता राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दूबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीबाबू का जीवन दृढ़ इच्छाशक्ति, निर्भीक नेतृत्व और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रीबाबू ने अपने कार्यों से यह साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति, स्पष्ट दृष्टिकोण और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललन राय ने कहा कि श्रीबाबू का योगदान बिहार के राजनीतिक एवं सामाजिक इतिहास में सदैव अविस्मरणीय रहेगा। प्रो. शशिकांत राय ने कहा कि श्रीबाबू का जीवन भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शिक्षा, सामाजिक चेतना और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को व्यापक स्तर पर प्रचारित-प्रसारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती का वास्तविक उद्देश्य उनके व्यक्तित्व और विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान देना है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रीबाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर विजय पाण्डेय, प्रेम सिंह, राकेश मिश्रा, नीरज शर्मा, आनंद कुमार सिंह, कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। राजेश सिंह, राय राहुल शर्मा, राय रोहित शर्मा, पप्पू सिंह, अधिवक्ता आलोक चन्द्र , अधिवक्ता बाबुल पाण्डेय, निरंजन कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, अभय ठाकुर ,देवेंद्र सिंह,अधिवक्ता अंकित कश्यप सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

गायघाट चौक पर टेम्पो पलटा, तीन जख्मी

हरसिद्धि (आससे)। थाना क्षेत्र के गायघाट चौक के समीप बुधवार को एक टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेम्पो सवार एक ही परिवार के तीन लोग जख्मी हो गए। तीनों घायल अरेराज के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा- तफरी मच गई। टेम्पो पलटने के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, परिवार के लोग मोतिहारी शहर स्थित एक निजी नर्सिंग होम से इलाज कराने के बाद टेम्पो से अपने घर अरेराज लौट रहे थे। इसी दौरान गायघाट चौक के पास चालक को झपकी आ गई। इससे टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेम्पो में सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को टेम्पो से बाहर निकाला। डायल-112 की पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

मजदूर ट्रेन में नशाखोरी गिरोह का शिकार, मौत से गांव में मचा कोहराम

हरसिद्धि (आससे)। गरीबी से जूझ रहे परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए परदेश कमाने गया मजदूर अब कभी घर नहीं लौटेगा। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के हरपुर पंचायत अंतर्गत दनही गांव निवासी अशोक राम (पिता महादेव राम) की ट्रेन में मौत होने की खबर से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, अशोक राम करीब छह माह पहले रोजी-रोटी की तलाश में बेंगलुरु गए थे। बुधवार को वह घर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रेन में कथित तौर पर नशाखोरी गिरोह का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि बक्सर स्टेशन के समीप उनकी मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन बक्सर के लिए रवाना हो गए। अशोक राम परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनकी कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण होता था। उनकी मौत के बाद बूढ़े माता-पिता, पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां चिंता देवी और पत्नी चंदा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया राजकुमार राम, जीतू राम, नंदलाल राम और विकास मित्र जय राम समेत कई ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। ग्रामीणों ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

खबर का असर, ओवरब्रिज की अधिकांश लाइटें हुईं दुरुस्त

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। शहर के ओवरब्रिज पर अंधेरे का साया शीर्षक से 14 अक्टूबर को दैनिक आज अखबार में प्रकाशित खबर का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। खबर में ओवरब्रिज पर लगी करीब 90 से 95 फीसदी लाइटों के बंद रहने और रात के समय अंधेरे के कारण राहगीरों को होने वाली परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग सक्रिय हुआ और बंद पड़ी अधिकांश लाइटों को ठीक करा दिया गया है। गौरतलब है कि ओवरब्रिज पर रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहने से आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे के कारण तेज रफ्तार वाहनों के बीच दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। इस समस्या को लेकर दैनिक आज ने जनहित में खबर प्रकाशित कर संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया था। खबर सामने आने के बाद विभागीय स्तर पर पहल करते हुए लाइटों को दुरुस्त कराया गया, जिससे अब ओवरब्रिज पर पहले की अपेक्षा रोशनी की स्थिति बेहतर हुई है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके समाधान की दिशा में पहल करने में समाचार माध्यमों की भूमिका एक बार फिर सामने आई है। हालांकि, ओवरब्रिज पर रोशनी की व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे, इसके लिए सभी लाइटों के सुचारु संचालन और समय-समय पर रखरखाव की आवश्यकता है, ताकि लोगों को रात में सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

शिवशक्ति इंडस्ट्रीज एवं एसआरपी हॉस्पिटल द्वारा भंडारे का आयोजन

रक्सौल (संसू)। स्थानीय शहर के कोईरिया टोला में शिवशक्ति इंडस्ट्रीज एवं एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वाधान में वृहत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें इस बार एक अनोखी चीज देखने को यह मिला कि इस भंडारे का दीप प्रज्वलन एवं उदघाट्न महिलाओं के द्वारा किया गया, साथ काफी देर तक महिलाओं द्वारा ही भोजन पड़ोसा गया,



ये भी इत्तफाक रहा कि इस भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण करने की शुरुआत भी एक बुजुर्ग महिला के द्वारा किया गया।

उदघाट्न कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी के साथ लायंस क्लब की अध्यक्षा प्रियंका सोनी, शिवशक्ति इंडस्ट्रीज के निदेशक संजय गुप्ता की पत्नी ममता गुप्ता एवं पुत्री ऐश्वर्या गुप्ता व एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक प्रो. (डॉ.) सुजीत कुमार की पत्नी श्वेता गुप्ता सहित अन्य महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान लायंस क्लब से पवन किशोर कुशवाहा, डॉ. राजीव रंजन, नारायण रूंगटा, राकेश गुप्ता एवं पवन कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

Format C-1

(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon' ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.

Name of Political party : Independent

Name of Election : Graduate Constituency Darbhanga-5

* Name of Constituency : Darbhanga-5

I **"Md. Imamul Haque"** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	पटना स्नातक	दिलीप कुमार	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा, GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार
मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय,
जिला - नालन्दा, 803118

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

*Name of Constituency : पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

हाजीपुर में हर्षोल्लास से मना विजयादशमी पर्व, अक्षयवट स्टेडियम में हुआ रावण दहन

रावण दहन देखने उमड़ी भीड़, जय श्रीराम के गूंजे जयकारे

हाजीपुर (आससे)। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को अक्षयवट राय स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। रावण के पुतले को देखने के लिए स्टेडियम में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। जैसे ही रावण का पुतला धू-धू कर



जला, पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह और जिलाधिकारी वर्षा सिंह मौजूद रहीं। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा हमें अहंकार, क्रोध और द्वेष जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागने की प्रेरणा देता है। पर्व तभी सार्थक होगा, जब हम सत्य और सदाचार को अपने आचरण में उतारेंगे। उन्होंने सभी से प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

राजापाकर में धूमधाम से हुआ रावण दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश

हाजीपुर (आससे)। राजापाकर बाजार स्थित हाई स्कूल चौक परिसर में रावण पुतला दहन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पिछले 20 वर्षों से यहां रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों की भीड़ उमड़ती है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में देर शाम 6 बजे रावण के पुतले का दहन किया गया। हाई स्कूल नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष चुन्नू राय ने पुतले में आग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सूर्य प्रताप सिंह और थानाध्यक्ष गौरीशंकर बैठा महिला-पुरुष पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर तैनात रहे। रावण दहन देखने के लिए विशेष रूप से महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई।

वहीं, बैकुंठपुर पंचायत के दिलावरपुर गांव में भी इस वर्ष पहली बार रावण पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी। वहां अपर थानाध्यक्ष संदीप मंडल पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वासुदेव राय, विनोद सिंह, रामप्रवेश राय, राजेश कुमार, सतीश कुमार, चंदन कुमार, नीरज कुमार, मनीष कुमार, प्रमोद ठाकुर, शिवप्रवेश कुमार और प्रमोद गुप्ता सहित कई लोगों का योगदान रहा।

सोनपुर मंडल में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

हाजीपुर (आससे)। सोनपुर रेल मंडल में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मंडल मुख्यालय स्थित रेलवे सुरक्षा बल रिजर्व कंपनी परिसर में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया।



मंडल मुख्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेसुब, पूर्व मध्य रेल, सोनपुर सहित मंडल मुख्यालय की विभिन्न यूनिटों के अधिकारियों और बल सदस्यों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया। परंपरा के अनुसार प्रत्येक रैंक से एक बल सदस्य ने श्रद्धासुमन अर्पित कर वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद दिवस परेड के माध्यम से शहीद जवानों को सलामी दी गई और शोक शस्त्र के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि शहीद जवानों का अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र तथा रेल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय है। उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव रेलवे सुरक्षा बल के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा और कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

अफवाह बनी मारपीट की वजह, वैशाली में कानून हाथ में लेना पड़ा भारी

हाजीपुर(आससे)। वैशाली में एक बार फिर बच्चा चोरी की अफवाह ने दो युवकों की जान खतरे में डाल दी। घटना जंदाहा थाना क्षेत्र के खोपी बांध वार्ड संख्या-5 की है, जहां ग्रामीणों ने दो युवकों को बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया, पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

पकड़े गए युवकों की पहचान कुशहर खास गांव निवासी अमन कुमार और सतीश कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों गांव में घूम रहे थे, तभी ग्रामीणों ने शक के आधार पर उन्हें घेर लिया और भीड़ ने कानून अपने हाथ में ले लिया। सूचना मिलते ही जंदाहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित भीड़ युवकों को छोड़ने को तैयार नहीं थी। पुलिस को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए दोनों को भीड़ के चंगुल से सुरक्षित निकाला और थाने ले गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। अब तक बच्चा चोरी की किसी भी घटना की पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना सवाल खड़े करती है कि अफवाह के आधार पर कानून हाथ में लेना कितना खतरनाक हो सकता है। संदेह होने पर पुलिस को सूचना देना जरूरी है।

पिस्टल लहराने का वीडियो बना गिरफ्तारी की वजह

लालगंज में दो गिरफ्तार, एक पिस्टल और दो मोबाइल जब्त

हाजीपुर (आससे)। वैशाली पुलिस ने गंभीर एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लालगंज थाना क्षेत्र से दो अपराधियों को एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। मामला 19 अक्टूबर का है, जब लालगंज थाने की संध्या गश्ती टीम को सूचना मिली कि भगवानपुर पकड़ी रेलवे ढाला के पास दो पक्षों में मारपीट हो रही है। टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर लोग भागने लगे, जिसमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लक्ष्मीनारायणपुर निवासी सोनू कुमार उर्फ सोनू बाबू साहनी के रूप में हुई। थाना लाकर पूछताछ के दौरान उसके मोबाइल में पिस्टल लहराने और उसे खोलने-कसने के वीडियो मिले। पूछताछ में सोनू ने बताया कि उसके अन्य साथियों के पास भी हथियार हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 20 अक्टूबर की रात 2:15 बजे साहपुर कासिम गांव में रौशन कुमार के घर छापेमारी की। वहां से रौशन कुमार को एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपित घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने इस संबंध में लालगंज थाना कांड संख्या 622/26 दर्ज कर दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौके से एक पिस्टल और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं।

भगवानपुर में मां दुर्गा की पूजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

भगवानपुर(वैशाली)(आससे)। भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र में शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। क्षेत्र की असोई हाट, भगवानपुर अड्डा चौक, मेला चौक,पूर्वी बाजार,बिठौली धाम, इमादपुर चौक,सहथा,शाहमियां रोहुआ, प्रतापटांड सहित कई दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी एवं भव्य पंडाल बनाया गया था। पूजा-अर्चना के लिए सभी पूजा पंडालो में भीड़ लगी हुई थी। क्षेत्र की अधिकांश स्थानों पर बुधवार को मूर्ति विसर्जन कर दी गई है।

हाजीपुर में 27 लीटर शराब बरामदगी में नया मोड़

दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार, तस्कर की तलाश तेज

हाजीपुर (आससे)। हाजीपुर जंक्शन पर गरीब रथ एक्सप्रेस में मिली 27 लीटर अंग्रेजी शराब के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में शराब तस्करी रोकने वाले दो पुलिसकर्मियों को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार कर्मियों में जीआरपी के हवलदार नरेंद्र कुमार सिंह और महिला होमगार्ड जवान अर्चना कुमारी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दिल्ली से आ रही गरीब रथ एक्सप्रेस में दोनों की पेट्रोलिंग ड्यूटी थी। चेकिंग के दौरान कोच में चार लावारिस बैग मिले। तलाशी लेने पर उसमें करीब 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। नियमानुसार बरामदगी के बाद वरीय अधिकारियों को सूचना देकर जब्ती सूची बनानी थी, लेकिन दोनों ने बैगों को अपने कब्जे में रख लिया। मामले की भनक रेल एसपी और जीआरपी थानाध्यक्ष को लगी तो जांच शुरू हुई। हाजीपुर स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दोनों जवान बैग लेकर ट्रेन से उतरते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने शराब छुपाने की बात स्वीकार कर ली।

सबलपुर नया बाजार में विजयादशमी पर भव्य सांस्कृतिक जागरण, भाव-नृत्य से झूमे दर्शक

हाजीपुर (आससे)। विजयादशमी के पावन अवसर पर सोनपुर प्रखंड के सबलपुर नया बाजार स्थित दुर्गा पूजा सांस्कृतिक मंच पर भव्य सांस्कृतिक जागरण का आयोजन किया गया। डी डांस ग्रुप के बैनर तले आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम ने हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति और कला के संगम से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सनातन संस्कृति, लोककला और युवा प्रतिभाओं को सशक्त मंच



प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का संचालन डी डांस ग्रुप के संचालक दीपक कुमार ने किया। सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं द्वारा देवी-देवताओं के जीवंत स्वरूपों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। सत्यम राज ने भगवान शिव, शिवम कुमार ने गणेश जी, सुप्रिया ने माँ काली, माही ने राधा रानी और अमित ने श्रीकृष्ण के स्वरूप को सजीवता के साथ मंच पर उतारा। अंकुश, आशीष, सुभाष और अंशु द्वारा प्रस्तुत अघोरी बाबा की भूमिका ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। यानू और खुशी के भाव-नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं अंकित कुमार के राक्षस अभिनय को खूब सराहा गया। सबलपुर नया टोला निवासी सुधीर कुमार गुप्ता विगत 11 वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। वर्तमान में रेलवे में सेवारत सुधीर कुमार का उद्देश्य नृत्य, अभिनय और लोक संगीत के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। यह मंच बिहार, झारखंड, मिथिला और बंगाल की पारंपरिक लोक-संस्कृति का जीवंत दस्तावेज बन चुका है।

असत्य पर सत्य का विजय का प्रतीक विजयादशमी सम्पन्न

गोरौल वैशाली (आससे)। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व गोरौल प्रखंड क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। प्रखंड के रूसुलपुर कोरीगांव में मां दुर्गा पूजा समिति की ओर से करीब 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं



की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही, वहीं बच्चों में खासा उत्साह दिखा। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा।कार्यक्रम में भगवान राम की भूमिका जदयू युवा नेता पंकज पटेल ने निभाई, जबकि लक्ष्मण के रूप में जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार ठाकुर नजर आए। प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच पंकज पटेल ने तीर चलाकर रावण का दहन किया। पुतले के धू-धूकर जलते ही दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। इस अवसर पर पंकज पटेल ने कहा कि रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि बुराई, अहंकार और अधर्म के अंत का संदेश है। उन्होंने कहा कि रावण शक्तिशाली, ज्ञानी और प्रतापी राजा होने के बावजूद अहंकार के कारण नष्ट हो गया। इसलिए मनुष्य को अहंकार त्यागकर सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। वही सोंधो अंधारी गाछी, सोंधो गोला और बथनाहा महोदत गांव में भी दुर्गा पूजा समितियों की ओर से करीब 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया।

महुआ में धू-धू कर जला 72 फीट का अहंकारी रावण, अधर्म पर धर्म की हुई जीत

महुआ (आससे)। महुआ थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप खेल मैदान में दशहरा के पावन अवसर पर परोपकारी सभा के तत्वावधान में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राम स्वरूप में सजे बालक ने दुराचारी रावण पर बाण चलाया, जिसके साथ ही 72 फीट का विशालकाय रावण धूं-धूं कर जल उठा और पूरा मैदान जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। रावण दहन के साथ ही अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बताया जाता है कि जैसे ही भगवान राम के स्वरूप में बने बालक का तीर रावण की नाभि में लगा, देखते ही देखते विशाल पुतला आग की लपटों में घिर गया। इस दृश्य को देखने के लिए खेल मैदान में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ी थी। आतिशबाजी के बीच बुराई पर अच्छाई की विजय का लोगों ने जमकर स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंच पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉक्टर अच्युतानंद सिंह, परोपकारी सभा के अध्यक्ष श्री चंदेश्वर राय, सचिव श्री अजीत कुमार आर्य, समाजसेवी श्री विज्ञान स्वरूप सिंह, श्री अभय कुमार आर्य, पूर्व मुखिया अजय भूषण दिवाकर, रंजीत कुमार, इंद्रजीत कुमार, अरुण कुमार सिंह, मुखिया विजय कुमार उर्फ मिंटू राय, मिथुन सिंह, विश्वनाथ कुमार, निलेश कुमार, गमगम मिश्रा, अखिलेश कुमार, प्रवीण कुमार, तेज नारायण सिंह, राम कुमार सिंह, विनय कुमार विमल सिंह, वेदांत सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि दशहरा का पर्व हमें यह सीख देता है कि चाहे अहंकार कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंत में सत्य और धर्म की ही जीत होती है। हमें अपने जीवन में राम के आदर्शों को अपनाना



चाहिए और बुराई का त्याग करना चाहिए। वहीं परोपकारी सभा के अध्यक्ष चंदेश्वर राय व सचिव अजीत कुमार आर्य ने बताया कि परोपकारी सभा द्वारा पिछले कई दशकों से लगातार रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में परोपकारी सभा के सभी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में शांति व्यवस्था के लिए महुआ थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

वैशाली में 3800 रैयतों को मिला 316 करोड़ का भूमि मुआवजा, औद्योगिक क्षेत्र का रास्ता साफ : डीएम

11 मौजों में 1234 एकड़ भूमि का अधिग्रहण जारी, 31 अक्टूबर तक पूरा होगा दखल-कब्जा

हाजीपुर (आससे)। वैशाली में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी प्रगति की है। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि अब तक 3800 रैयतों को 316 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। यह भुगतान कैंप लगाकर पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

डीएम ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए कुल 11 मौजों में 1234.42 एकड़ भूमि का अर्जन किया जाना है। अब तक 8 मौजों में 485.50 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा अधियाची विभाग बियाडा को सौंपा जा चुका है। इसमें 3 अक्टूबर को 5 मौजों- चकदहदहपुर, मोहिउद्दीनपुर गरौंही, बिलन्दपुर धंधुआ, ताजपुर राजे उर्फ भोरहां और रामपुर के 159.46 एकड़ का कब्जा सौंपा गया था। वहीं, बुधवार को 3 अन्य मौजों- ताल सलहा, मोहनपुर बखरी और मदवास के 326.04 एकड़ का दखल-कब्जा सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि शेष 3 मौजों- बहसी दामोदर, बहसी सैदपुर और जाफरपट्टी के 748.91 एकड़ भूमि का दखल-कब्जा 31 अक्टूबर तक सौंपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 4900 रैयतों ने 600 एकड़ भूमि के लिए मुआवजे का आवेदन दिया है। जिला प्रशासन ने शेष रैयतों से अपील की है कि वे निर्धारित भुगतान कैंप में स्वयं उपस्थित होकर अपनी मुआवजा राशि प्राप्त कर प्रक्रिया पूरी करें।

श्रीबाबू की जयंती पर 25 अक्टूबर को पटना में राज्यस्तरीय समारोह

हाजीपुर (आससे)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह को लेकर हाजीपुर में बुधवार को तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह आयोजन समिति, वैशाली द्वारा बुलाई गई थी। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हुए।

बैठक में 25 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई और वैशाली जिले से बड़ी भागीदारी जुटाने की रणनीति तय की गई। डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का जीवन बिहार के नवनिर्माण, सामाजिक सद्भाव और विकास के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने राज्य को औद्योगिक और शैक्षणिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाया।

पर्यटन विभाग के मैदान में रावण वध कार्यक्रम संपन्न

सोनपुर कोर्ट। अंग्रेजी बाजार के पास पर्यटन विभाग के मैदान में रावण वध कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने किया एवं संचालन कमेटी के संयोजक राजीव मुनमुन ने किया। पहलीबार हाजीपुर वेदिका ब्यूटी पार्लर सोनी सिंह द्वारा नव दुर्गा की आरती मंच से किया गया।मासी के रुप मे दीपक , सीताजी के रुप मे पुजा ने भूमिका निभाया। सभी मुख्य अतिथि द्वारा मंच पर सीता राम जी की आरती किया गया। मुख्य अतिथि विहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राज्य सवर्णआयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की असत्य पर सत्य की जीत के अवसर पर ही दशहरा मनाया जाता है। पुरे विहार वासियो को इस त्यौहार पर बहुत बहुत बधाई देता हुँ। विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा की विजयदशमी बुराई एवं असत्य पर अच्छाई और पूरे सत्य की विजय का प्रतीक है। मेरी कामना है कि इस पावन अवसर पर हर किसी को साहस बुद्धि और भक्ति के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा मिले। देशभर के मेरे परिवारजनों को विजयदशमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। अंत मे सभी दुर्गा पूजा पंडाल के कमेटी को रावण वध कमेटी द्वारा पुरस्कार दिया गया।मौके परप्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह,सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर थाना प्रभारी, हरिहरनाथ थाना प्रभारी, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता नरेश सिंह , बच्चा राय,अतुल कुमार सिंह,कमेटी सचिव राजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा राम, पूर्व मुखिया दीपक शर्मा,अधिवक्ता अजय सिंह,संजीव कुमार सिंह,राहुल कुमार सिंह,आदित्य कुमार छोटु, प्रमेन्द्र कुमार सिंह बब्लु, हर्षवर्धन, जयंत कुमार सिंह,सुबोध कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजेश पटेल, हाकिम सिंह,कामेश्वर महतो सहित हजारों की संख्या मे भीड़ उपस्थित था।

Format C-1

(For Candidate to Publish in Newspaper, TV)

Declaration About Criminal Cases

(As per the Judgment dated 25th September ,2018, of hon'ble Supreme court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors, Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate : Md. Imamul Haque, S/o Md. Asrarul Haque, R/o Bhaluka, P.O.-Lalbagh, P.S.-Mabbi, Darbhanga.

Name of Political party : Independent

Name of Election : Graduate Constituency Darbhanga-5

* Name of Constituency : Darbhanga-5

I **"Md. Imamul Haque"** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. & Date	Status of Case(s)	Section (s) of Acts concerned and brief description offence(S)
1.	MS. Archita Sinha JM 1st Class Darbhanga	LNMU PS Case No. 258/16 Dated : 03.10.2016	Pending	323, 504 IPC

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	पटना स्नातक	दिलीप कुमार	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा, GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : दिलीप कुमार मोहल्ला - मोगलकुआँ, वॉलीपर, थाना + पोस्ट - सोहसराय, जिला - नालन्दा, 803118

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : पटना स्नातक

I **Dileep Kumar** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पंचम, नवादा	GR 3495/20, थाना, वारिसलीगंज, जिला - नवादा केस सं. 332/20	आरोप विचरित	Damage of public property act section 3 धारा 188, 171(F) IPC, आदर्श आचार संहिता का उलंघन,

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)	NA (Sl. No. 1)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

डीएम ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर दिया अंतिम रुप

मतदान दल बूथों के लिए होंगे रवाना, कोषागार से मिलेंगे बैलेट पेपर व मतपेटिका



छपरा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार को चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गुरुवार को प्रेक्षागृह में मतदान कर्मियों का पार्टी मिलान, ब्रीफिंग और तीसरा व अंतिम प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें मतदान दलों के साथ पुलिस बल, माइक्रो ऑब्जर्वर, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और उड़नदस्ता के अधिकारी शामिल होंगे।

ब्रीफिंग के बाद मतदान दल सुरक्षा बल के साथ जिला कोषागार पहुंचेंगे, जहां से मतदान सामग्री, बैलेट पेपर और मतपेटिका प्राप्त कर अपने निर्धारित बूथों के लिए रवाना होंगे।डीएम ने प्रेक्षागृह, गर्ल्स स्कूल स्थित प्रशिक्षण केंद्र, मतपेटिका संग्रहण स्थल, स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्टीवार सीट प्लान, हेल्प डेस्क, रिसीविंग काउंटर पर साइनेज, पेयजल, प्रकाश, वाशरूम और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पांच जिलों से आने वाले मतदान अधिकारियों के लिए बैठने, विश्राम और रात्रि ठहराव की समुचित व्यवस्था करने को कहा। स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, डबल लॉक सिस्टम, सीसीटीवी, बिजली व्यवस्था तथा मतगणना के दौरान अधिकारियों और अभिकर्ताओं के प्रवेश की अलग-अलग व्यवस्था की भी समीक्षा की।इस दौरान एसएसपी रौशन कुमार, डीडीसी लक्ष्मण तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत, दूसरी गंभीर

छपरा। सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतका की पहचान मेहरौली गोपालपुर, सलेमपुर निवासी शैलेंद्र राय की 32 वर्षीय पत्नी धर्मशीला देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, धर्मशीला देवी सोमवार की सुबह अन्य महिलाओं के साथ सड़क पर टहल रही थीं। इसी दौरान तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने दोनों महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान धर्मशीला देवी की मौत हो गई। दूसरी घायल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची डोरीगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

70 फीट के रावण और 60 फीट के मेघनाद का हुआ दहन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा छपरा

छपरा। विजयादशमी के अवसर पर छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में मंगलवार को भव्य रावण दहन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। हजारों की भीड़, आकर्षक लाइटिंग और अद्भुत आतिशबाजी के बीच 70 फीट ऊंचे रावण तथा 60 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आकर्षक झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छपरा विधायक छोटी कुमारी भी मौजूद रहीं। विजयादशमी समिति के अध्यक्ष सलीम परवेज, कार्यकारी अध्यक्ष वरुण प्रकाश, विभूति नारायण शर्मा, राजेश फैशन और श्याम बिहारी अग्रवाल सहित अन्य लोगों की सहभागिता रही।



किशनगंज। किशनगंज के सीमावर्ती इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह बहादुरगंज थाना क्षेत्र के गांगी गांव में दो जंगली हाथियों के अचानक घुसने से भारी अफरा-तफरी मच गई। हाथियों ने खेतों में लगी धान की फसल को रौंदकर नुकसान पहुंचाया, वहीं उनकी चपेट में आने से एक बुजुर्ग और एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार सुबह दोनों जंगली हाथी अचानक आबादी वाले इलाके में पहुंच गए और खेतों में उत्पात मचाने लगे। गांव के बीच हाथियों को देखकर लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। अपनी जान बचाने के लिए ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान अलताबाड़ी निवासी बुजुर्ग मोफीज आलम और दरनिया गांव का एक बच्चा हाथियों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल बहादुरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बहादुरगंज थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर जुटी भीड़ को हटाकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। फॉरेस्ट अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को दिघलबैंक प्रखंड के धनतोला में भी जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया था।

NAME CORRECTION

By affidavit no.18 dt 08.09.2026 Notary Public Katihar, Mahbub Alam Sah, Son of Muslim Sah, resident of Sakin- Salehpur, Post- Salehpur, Thana- Falka, District- Katihar solemnly declare that my name is Mahbub Alam Sah. My name is recorded as Mahbub Alam Sah in my Aadhaar Card and PAN Card, but by mistake, my name is recorded as Mahbub Alam and my father's name as Mohammad Muslim Sah in my Passport, which is incorrect. Whereas my correct name is Mahbub Alam Sah and my father's name is Muslim Sah. The names Mahbub Alam Sah and Mahbub Alam belong to one and the same person. I am known and recognized by the name Mahbub Alam Sah, son of Muslim Sah.

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/15 Dated 18.10.2026

Notice for Stray Vacancy Round Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Round-3 Counselling held from 16.10.2026 to 17.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/14 dated 18.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-3 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Round-3 Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from** 19.10.2026.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/14 dated 18.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : Election to the Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
Sl. No	**Name of constituency**	**Name of candidate**	**(A) Pending criminal cases**		**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	**Maximum Punishment Imposed**
1	**Tirhut Graduated Constituency**	**Abhishek Jha**	1. C.J.M., Patna, IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34, Charge framed 2. ACJM IV Patna, IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34, Pending	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.-106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format-C-7

(For political parties to publish in the newspapers, social media platform & website of the party) Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal's antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's direction issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition no. © 2192 of 2018 in Wp © no. 536 of 2011

Name of Political Party: Independent Candidate

***Name of the Election:** Saran Shikshak Nirvachan

Name of State/UT: BIHAR

(1) Name of the Constituency: Saran

Name of the Candidate: Himanshu Shekhar

Sl. No.		
1.	**Criminal antecedents** a. Nature of offences	Sec. 341,323,307,337,338,506 & 34-IPC.
	b. Case no.	Siwan Town Thana Case No 225 /2024
	c. Name of the court	C.J.M. Siwan
	d. Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e. Date of conviction if any	N/A
	f. Details of punishment undergone, if any	N/A
	g. Any other information required to be given	N/A
2.	**The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidates (not more than 100 words)**	The candidate possesses excellent educational qualifications and extensive experience in the fields of education and social service. The candidate comes from a family with a strong and longstanding association with the teaching profession. Both the candidate's father and mother have served as educators, and the candidate's brothers and sisters are also engaged in the teaching profession. This family background reflects a deep-rooted commitment to education, the welfare of teachers, and the service of society. The pending criminal case is stated to have arisen from local disputes and is alleged to be politically or personally motivated. No qualifications, extensive experience, contributions to teachers' welfare, family background in education, integrity, and standing in society may be considered as part of the overall assessment, in accordance with the applicable rules and prescribed selection criteria. The candidate's selection is stated to have been based on merit, professional experience, and achievements in public service
3.	**Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)**	The selection process prioritized overall merit, educational achievements, leadership skills, and long-standing experience in addressing educators' issues. The candidate was found to be the most qualified and widely accepted person among the available individuals. The pending case is sub-judice and does not reflect moral turpitude; hence, other individuals without criminal antecedents were not found as suitable, experienced, and effective for the constituency as the selected candidate.

FORMAT C-1

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Sri Abhishek Jha**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

Name of Election : Election to Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency

***Name of Constituency : Tirhut Graduates Constituency**

I, **Sri Abhishek Jha** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminalantecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl.No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case (s)	Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s)
1	1. C.J.M., Patna 2. ACJM IV Patna	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.- 106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	1. Charge framed 2. Pending	1. IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34 2. IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.No.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & Punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	NA	NA	NA

ड्रामा मंच से भूतिया सीन पेश करने में लगी आग, हादसे में 12 झुलसे

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर में दशहरा अवसर पर रात्रि 9 बजे से गांव के बाल कलाकारों के द्वारा ड्रामा कार्यक्रम प्रस्तुति की जा रही थी, हर तरफ खुशी का माहौल था सब कुछ शांतिपूर्ण चल रहा था तभी ड्रामा के बीच एक भूतिया सीन पेश करने के लिए मंच के के तिनकों तरफ का पर्दा गिरा दिया गया, बाहर बैठे दर्शक इस सीन को देखने के लिए बेताबी से मंच की तरफ नजर गड़ाए हुए थे कि अब भूतिया सीन की प्रस्तुति की जाएगी, मंच के नजदीक तक बच्चों, युवाओं और महिलाओं की भीड़ लगी हुई थी भीतर बाल कलाकारों के द्वारा इस सीन को लेकर तैयारियां की जा रही थी, इसके लिए एक छोटी मटकी तथा इसमें आग जलाकर रखी गई थी जिसमें किसी एक के द्वारा धुआ के उद्देश्य से या अन्य किसी करण पेट्रोल डाल दिया गया और अचानक उससे उठी आग की लपटे पंडाल तक पहुंच गई, आग लग गई और इस घटना में आसपास के एक दर्जन लोग घेरे में आ गए, स्थिति इतनी भयावह बन गई की एक मासूम सहित 16 और 17 वर्ष के करीब 11 बच्चे जिसमें कलाकार भी शामिल है वह बुरी तरह झुलस गए, कार्यक्रम अचानक सीख और पुकार में तब्दील हो गया, जिन्हें अपने अपने चपेट में ले लिया उसमें कुछ कार्यक्रम के लिए बने मंच के पीछे जलते हुए स्थिति में जलाशय में छलांग लगा दी, तो कुछ बुरे हाल में चिल्लाते और सिखाते हुए धन की खेतों में जाकर लौटने लगे, खैर किसी तरह कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने राहत पहुंचने का काम किया, घटना के तुरंत बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तथा पुलिस की सहायता से एंबुलेंस को खबर कर बुलवाया गया, और 35 मिनट के भीतर चार-पांच एंबुलेंस के सहारे सभी झुलते हुए बच्चों को पहले तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां इनका प्राथमिक उपचार हुआ फिर बिना देरी बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया गया, घटना से माहौल गमगीन हो गया था दशहरे की खुशी विपदा में तब्दील हो गई थी मिली जानकारी अनुसार एक मासूम बच्चों की स्थिति गंभीर बनी हुई थी वहीं राहुल कुमार 17वर्ष, सूरज कुमार 16 वर्ष, का शरीर 80त से अधिक झुलस चुका था इन तीनों के अलावा विकेश कुमार भी आपकी चपेट में आने से घायल था हालांकि इसकी स्थिति सामान्य थी इस वजह से इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चिकित्सकों ने इलाजरत रखा, बाकी के सभी बच्चों को सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया गया, ज्ञात हो कि घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे सभी घायलों के इलाज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने काफी तत्परता दिखाई, तथा देर रात इलाज में मेडिकल टीम पूरी तरह तत्पर दिखी, घटना के अगले दिन पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के द्वारा घटनास्थल पहुंचकर घटनाक्रम की सुधि ली गई, इनके द्वारा लोगों से बातचीत कर पूरी जानकारी अर्जित की गई, घटना स क्षेत्र भर में लोगों के बीच चिंता और अफसोस का माहौल दिखा।

मची अफरा-तफरी, चार की स्थिति नाजुक

महावीरी अखाड़ा को लेकर मदारपुर में निकला फ्लैग मार्च

लकड़ी नबीगंज (सीवान)। महावीरी अखाड़ा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस एवं प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में मदारपुर में थानाध्यक्ष सविता कुमारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें अंचल अधिकारी कुमारी नेहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण कुमार सहित थाने के कई पुलिस अधिकारी शामिल हुए। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस और प्रशासन ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महावीरी अखाड़ा के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने तथा आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

घर में घुसकर 75 वर्षीय वृद्ध की हत्या

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया थाना क्षेत्र के बड़का रोहड़ा गांव में बुधवार की सुबह एक सनसनीखेज वारदात में 75 वर्षीय रामानंद प्रसाद की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि गांव का एक युवक घर में घुसकर पहले दो लोगों पर चाकू से हमला करने के बाद दरवाजे पर बैठे वृद्ध की हत्या कर फरार हो गया। घटना में दो महिलाएं घायल हुई हैं। वारदात के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब आठ बजे मंतोष पड़ित के 20 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगा है। परिजनों के मुताबिक, उसने घर के अंदर एक महिला को चाकू मार दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे एक अन्य सदस्य पर भी हमला किया। इसके बाद बाहर निकलते समय दरवाजे पर बैठकर चाय पी रहे रामानंद प्रसाद का धारदार हथियार से गला रेत दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया। मृतक की पोती सपना कुमारी ने बताया कि आरोपित पहले भी उसके भाई के साथ मारपीट कर चुका है। हालांकि, परिवार के किसी सदस्य से उसकी कोई पुरानी दुश्मनी या विवाद नहीं था। ग्रामीणों ने भी घटना पर हैरानी जताई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष छोटन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान भेज दिया। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक नमूने एकत्र किए हैं। परिजनों ने संजीव कुमार को हत्या का आरोपित बताया है। समाचार प्रेषण तक पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि आरोपित ने करीब एक वर्ष पहले गांव के कुछ लोगों की सूची बनाई थी, जिन्हें वह नुकसान पहुंचाना चाहता था। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अज्ञात महिला का मिला शव

हसनपुरा (सीवान)। एमएच नगर थाना क्षेत्र के लालनचक स्थित दाहा नदी में रविवार की शाम एक अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बरामद किया। जहां शव को नदी से बाहर निकाल शिनाख्त नहीं होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सीवान भेज दिया।

बता दें कि लालनचक स्थित दाहा नदी में एक अज्ञात 40 वर्षीय महिला के शव को तैरते हुए स्थानीय लोगों ने देखा। जहां इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं एमएच नगर की पुलिस ने शव को बाहर निकाल काफी शिनाख्त की कोशिश की। वहीं शिनाख्त नहीं होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मां के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजता रहा सीवान

सीवान। कहीं मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें, कहीं आकर्षक पंडालों को निहारते लोगों की भीड़, तो कहीं घंटे-घड़ियाल और जयकारों से गूंजता वातावरण। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिनों में सीवान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक दुर्गापूजा की रौनक छाई रही। पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे जिले को भक्तिमय बना दिया। मां के दर्शन के लिए महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग पूरे उत्साह के साथ पंडालों तक पहुंचते रहे ।शहर के डॉ. कॉलोनी, विजयहाता, ललित बस स्टैंड, महादेवा और नबीगंज सहित प्रमुख स्थानों पर बने पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते पंडालों और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं के सामने



श्रद्धालु शीश झुकाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते नजर आए। कई पंडालों की कलात्मक सजावट और आकर्षक स्वरूप लोगों को देर तक ठहरने के लिए आकर्षित करते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ दर्शन-पूजन के लिए शहर पहुंचे ।मैरवा के ऐतिहासिक चंदनिया डीह दुर्गा मंदिर में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। पूजा स्थलों के आसपास प्रसाद, पूजा सामग्री और अन्य दुकानों पर भी चहल-पहल दिखाई दी। बच्चों में मेले को लेकर खास उत्साह रहा, वहीं महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की सतर्कता भी बनी रही। प्रमुख चौक-चौराहों और पूजा पंडालों के आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।

अधिकारियों ने पंडाल समितियों को भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही और निर्धारित नियमों के पालन पर ध्यान देने का निर्देश दिया। आस्था और उल्लास के इस माहौल में मां दुर्गा के जयकारे देर तक गूंजते रहे। श्रद्धालुओं के लिए दुर्गापूजा केवल दर्शन का अवसर नहीं, बल्कि परिवार के साथ खुशियां बांटने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का पर्व भी बना रहा।

शिक्षक हितों की मजबूती के लिए आनंद पुष्कर को प्रथम वरीयता का मत दें शिक्षक : डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह

गोपालगंज। वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री एवं सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ.महाचंद्र प्रसाद सिंह ने आज आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर को प्रथम वरीयता का मत देकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया।

डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज एक जागरूक, बुद्धिजीवी और विवेकशील समाज है। शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग प्रत्याशी की योग्यता, नेतृत्व की नीति और नीयत को परखकर करते हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी की नीति और नीयत शिक्षक समाज के हितों को लेकर स्पष्ट है। केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के विकास, शिक्षकों के सम्मान तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था के हित में कई योजनाएं बनाई हैं तथा शिक्षकों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की हैं। उच्च शिक्षा के विस्तार, नए सरकारी डिग्री कॉलेजों की स्थापना, सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति और शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की पहल बिहार के शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा दे रही है। सरकार का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शिक्षकों को बेहतर अवसर और सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। वित्त रहित शिक्षकों के मुद्दे पर डॉ.सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर वित्त रहित शिक्षकों के लिए अलग वेतनमान की घोषणा तथा शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के भुगतान के लिए ?461 करोड़ की सहायता स्वीकृत करना महत्वपूर्ण पहल है। ये कदम शिक्षक समाज की आर्थिक सुरक्षा और उनके हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर के समर्थन में डॉ.सिंह ने कहा कि वे उच्च शिक्षित, ऊर्जावान और नई सोच रखने वाले युवा प्रत्याशी हैं।

प्रख्यात शिक्षक नेता स्वर्गीय केदारनाथ पांडेय के पुत्र होने के कारण उन्हें शिक्षक समाज की समस्याओं, अपेक्षाओं और चुनौतियों की गहरी समझ है। उनकी शैक्षणिक योग्यता, सक्रियता और शिक्षक परिवार से जुड़ाव उन्हें शिक्षकों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए उपयुक्त बनाता है। डॉ.सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र और समाज के भविष्य का निर्माण करता है। शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों, आर्थिक सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक निर्वाचन में ऐसे प्रतिनिधि का चयन आवश्यक है, जो शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाए और उनके हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे।

अंत में डॉ.महाचंद्र प्रसाद सिंह ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सभी सम्मानित शिक्षक मतदाताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में एनडीए की नीतियों एवं शिक्षक हितों के प्रति प्रतिबद्धता पर विश्वास जताते हुए एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर को प्रथम वरीयता का मत देकर भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आनंद पुष्कर शिक्षक समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और शिक्षकों की समस्याओं को सदन में प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विधायक सुभाष सिंह ने बताया की भाजपा के एक एक कार्यकर्ता ह्ष्ठ समर्थित उम्मीदवार श्री आनंद पुष्कर के लिए लगे है और भारी मतो से विजयी बनाएँगे। प्रेस में भाजपा विधायक श्री सुभाष सिंह जिला अध्यक्ष संदीप कुमार गिरि वरिष्ठ भाजपा नेता मार्कण्डेय राय शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, दुर्गा राय, दीपक दीपू, मीडिया प्रभारी रितेश सिंह, भरत सिंह, सत्येंद्र सिंह, दीपक कुमार, रामेश्वर सिंह, डब्लू तिवारी, दीपक साह, आदि भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

धान दवनी कर लौट रहे ट्रैक्टर ने साइकिल सवार को रौंदा

तरवारा। जीबीनगर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। साइकिल से बाजार से घर लौट रहे एक युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान डुमरा गांव निवासी सलीम धोबी के पुत्र सरफुद्दीन (35) के रूप में हुई है ।बताया जाता है कि सरफुद्दीन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह पिछले कुछ समय से हैदराबाद में हमाली का काम करता था और कुछ दिन पहले ही घर आया था। घटना के दिन वह गांव के बाजार से साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान धान की दवनी कर घर लौट रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और संतुलन बिगड़ने से साइकिल सवार सरफुद्दीन को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सरफुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पेट में तेज दर्द के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/15 Dated 18.10.2026

Notice for Stray Vacancy Round Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Round-3 Counselling held from 16.10.2026 to 17.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/14 dated 18.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-3 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Round-3 Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from** 19.10.2026.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/14 dated 18.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : Election to the Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	Tirhut Graduated Constituency	Abhishek Jha	1. C.J.M., Patna, IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34, Charge framed 2. ACJM IV Patna, IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34, Pending	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.- 106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Format-C-7

(For political parties to publish in the newspapers, social media platform & website of the party) Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal's antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's direction issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition no. © 2192 of 2018 in Wp © no. 536 of 2011

Name of Political Party: Independent Candidate

***Name of the Election:** Saran Shikshak Nirvachan

Name of State/UT: BIHAR

(1) Name of the Constituency: Saran

Name of the Candidate: Himanshu Shekhar

Sl. No.		
1.	**Criminal antecedents** a. Nature of offences	Sec. 341,323,307,337,338,506 & 34-IPC.
	b. Case no.	Siwan Town Thana Case No 225 /2024
	c. Name of the court	C.J.M. Siwan
	d. Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e. Date of conviction if any	N/A
	f. Details of punishment undergone, if any	N/A
	g. Any other information required to be given	N/A
2.	**The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidates (not more than 100 words)**	The candidate possesses excellent educational qualifications and extensive experience in the fields of education and social service. The candidate comes from a family with a strong and longstanding association with the teaching profession. Both the candidate's father and mother have served as educators, and the candidate's brothers and sisters are also engaged in the teaching profession. This family background reflects a deep-rooted commitment to education, the welfare of teachers, and the service of society. The pending criminal case is stated to have arisen from local disputes and is alleged to be politically or personally motivated. No conviction has been recorded in the matter to date. The candidate's professional qualifications, extensive experience, contributions to teachers' welfare, family background in education, integrity, and standing in society may be considered as part of the overall assessment, in accordance with the applicable rules and prescribed selection criteria. The candidate's selection is stated to have been based on merit, professional experience, and achievements in public service
3.	**Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)**	The selection process prioritized overall merit, educational achievements, leadership skills, and long-standing experience in addressing educators' issues. The candidate was found to be the most qualified and widely accepted person among the available individuals. The pending case is sub-judice and does not reflect moral turpitude; hence, other individuals without criminal antecedents were not found as suitable, experienced, and effective for the constituency as the selected candidate.

FORMAT C-1

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Sri Abhishek Jha**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

Name of Election : Election to Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency

***Name of Constituency : Tirhut Graduates Constituency**

I, **Sri Abhishek Jha** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl.No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case (s)	Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s)
1	1. C.J.M., Patna 2. ACJM IV Patna	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.- 106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	1. Charge framed 2. Pending	1. IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34 2. IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.No.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & Punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	NA	NA	NA

सुभाषित *पिता, गुरु एवं ज्येष्ठ भ्राता, जो धर्म पालनका ज्ञान देते हैं, वे सभी पिता सामान होते हैं।* ❐ *वाल्मिकी रामायण*

रिश्तोंका नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। **-वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❐ **महेन्द्र तिवारी**

बैंकांकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंकको वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं। विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकांकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है। तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है। भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे। अंतत: वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंधाधुंध विकाससे भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

❐ **सुनीता नारायण**

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए, आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो। अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं। नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृत्तिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं। हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।



भरत मिलाप

❐ **सदानन्द शास्त्री**

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियोंके बदलावको गम्भीरतासे लें

❐ **ऋतुपर्ण दवे**

हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियां टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंत:स्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्राय: इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है। विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिकको कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

मुख्यमंत्री ने तारापुर के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में की पूजा-अर्चना

हवेली खड़गपुर/मुंगेर (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महानवमी के पावन अवसर पर तारापुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों एवं पूजा पंडालों में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली तथा बिहार के निरंतर विकास की कामना की। मुख्यमंत्री ने दुर्गा स्थान संग्रामपुर, दुर्गा स्थान नवगाई, दुर्गा स्थान मनियाँ, दुर्गा स्थान बदरी विशाल नगर, दुर्गा स्थान माधोडीह, श्री श्री 108 छोटी तिलडीहा दुर्गा स्थान, विहमा, दुर्गा स्थान धौनी, तारापुर ठाकुरबाड़ी के समीप स्थित दुर्गा स्थान, रणगाँव दुर्गा स्थान एवं लखनपुर दुर्गा स्थान के पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने मुझे विधायक और बिहार का मुख्यमंत्री बनाया है। तारापुर के साथ-साथ पूरे बिहार में समृद्धि लाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि अगले पांच वर्षों में बिहार में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों, ताकि लोगों को रोजगार एवं मजदूरी के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि तिलडीहा में मां दुर्गा की पूजा करने आने वाले श्रद्धालु यहां भी पहुंचते हैं। बिहार समृद्ध बने और विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़े, यही मां दुर्गा से कामना है। दुर्गा मंदिरों के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री तारापुर विधायक कार्यालय भी पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। महानवमी के अवसर पर विभिन्न पूजा स्थलों पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति के दौरान स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया।

इससे पहले मुख्यमंत्री मुंगेर जिले के तारापुर अनुमंडल अंतर्गत संग्रामपुर प्रखंड की कहुआ पंचायत स्थित बासुकीनाथ राय खेल मैदान में मां दुर्गा पूजा समिति, कहुआ द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शामिल हुए। फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच जूनियर स्पोर्टिंग क्लब, पाटम जमालपुर और झारखंड एफ0सी0 की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें झारखंड एफ0सी0 की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री ने मैच का अवलोकन किया तथा दोनों टीमों के कप्तानों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर स्थानीय नेताओं एवं आमजनों ने पुष्पमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री राजीव कुमार सिंह, जिला परिषद् सदस्य श्रीमती प्रीति पासवान, जिला परिषद् के पूर्व अध्यक्ष श्री रविंद्र सिंह कल्लू, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री राकेश कुमार, जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निष्पनिकर, पुलिस अधीक्षक श्री सैयद इमरान मसूद समेत वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय विसर्जन समिति सदस्यों ने पूजा आयोजकों से समंजस स्थापित किया

हवेली खड़गपुर (आससे)। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर केंद्रीय विसर्जन समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को प्राचीन काली मंदिर में आयोजित हुई जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया पूजा आयोजकों से सामंजस बनाते हुए स्वयं के निर्धारित समय का निर्धारण मैं केंद्रीय विसर्जन समिति के सदस्य सहयोग करेंगे । अनुमंडल प्रशासन के द्वारा बनाए गए 10 सदस्य केंद्रीय विसर्जन समिति प्रतिमा विसर्जन तक भरपूर सहयोग करेंगी। सर्व समिति से निर्णय लिया अपराह्न से प्रखंड दुर्गा मंदिर से जतातारी समदा चुना कोठी होते हुए 17 प्रतिमा स्थल पर पूजा आयोजन से केंद्रीय विसर्जन समिति के सभी सदस्य जाकर मिलेंगे प्रतिमा विसर्जन को लेकर यदि कोई समस्या होगी तो उसे दूर करवाते हुए केंद्रीय विसर्जन समिति एवं प्रशासन सभी आपसी तालमेल बैठा कर सो समय पालन करने का अनुरोध करेंगे। परंपराओं के अनुरूप गुरुवार को संध्या 7:00 बजे पुरानी चौक पर तीन प्रतिमाओं का मिलन आरती में बड़ी देवी, बड़ी काली, एवं विषहरी माता महा आरती का आयोजन के बाद प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। प्रतिमा विसर्जन शुक्रवार के संध्याकालीन तक चलेगा । थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन अनुशासन के साथ सभी करेंगे ।अवसर पर योगेश्वर गोस्वामी मनोज कुमार रघु संजीव कुमार राज किशोर केसरी यीशु यादव संजय ठाकुर रजनीश झा विक्की कुमार प्रशांत कुमार नंदन कुमार आदि उपस्थित थे।



प्रसिद्ध शक्तिपीठ पहुंचे मुख्यमंत्री, मां तेलडीहा मंदिर में की पूजा-अर्चना

बांका (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कल बांका जिला अंतर्गत प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां तेलडीहा मंदिर में विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं निरंतर प्रगति की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड दिखी। उनकी चाक चौबंध व्यवस्था देखते ही बन रही थी। सुरक्षा, यातायात और विधि-व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन हेतु जिला पदाधिकारी बांका अंशुल अग्रवाल (भा0प्र0से0) तथा पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार (भा0पु0से0) स्वयं स्थल पर उपस्थित रहकर सभी व्यवस्थाओं की कमान संभालते नजर आए। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने पूरे मंदिर परिसर, कारकेड रूट तथा सुरक्षा घेरे का स्वयं मुआयना किया और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर परिसर, प्रवेश-निकास द्वारों तथा मुख्य संपर्क मार्गों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई थी।



79 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तारीखों का एलान, जमुई में तैयारी

समालखा में 23-26 अक्टूबर तक होगा भव्य आयोजन, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी के अनमोल वचन से श्रद्धालु होंगे धन्य

जमुई (आससे)। जहाँ ब्रह्मज्ञान से चेतना जागृत हो , प्रेम से हृदय आलोकित हो और सेवा जीवन का संकल्प बन जाए वहीं संत समागम आत्मिक जागृति का ऐसा पावन उत्सव बन जाता है , जो मनुष्य को अपने भीतर झाँकने और परमात्मा से जुड़ने की प्रेरणा देता है। इसी दिव्य भाव और आध्यात्मिक चेतना को साकार करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 23 से 26 अक्टूबर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल , समालखा , हरियाना में आयोजित होने जा रहा है। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु इस पावन अवसर पर एकत्र होकर सत्संग , सेवा , प्रेम और भक्ति के इस दिव्य मिलन में सहभागी बनेंगे। श्रद्धालुओं की बढ़ती सहभागिता के साथ समागम स्थल की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। संतों की निस्वार्थ सेवा , परिश्रम और समर्पण से सामान्य सा प्रतीत होने वाला मैदान आज एक दिव्य आध्यात्मिक नगरी का स्वरूप धारण कर चुका है। विशाल पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। साथ ही अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित किया जा रहा है ताकि परिसर के प्रत्येक कोने में बैठे श्रद्धालु प्रेरणादायक प्रवचनों , भावपूर्ण भजनों एवं आध्यात्मिक विचारों को सहजता से देख-सुन सकें और सत्संग की भावधारा से एकरूप हो सकें। यह संत समागम केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान , भक्ति , समर्पण और आत्मिक जागृति का पावन संगम है। यहाँ श्रद्धालु अपनी अंतर्चेतना को जागृत करने , परमात्मा से अपने संबंध को अनुभव करने तथा विश्वबंधुत्व , सौहार्द और निस्वार्थ सेवा जैसे मानवीय मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। संत समागम की यही भावना मनुष्य को बाहरी उपलब्धियों से आगे



बढ़कर अपने भीतर की समृद्धि को पहचानने का अवसर प्रदान करती है।समागम की भव्यता में श्रद्धालु भक्तों द्वारा निर्मित मुख्य स्वागत द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अपनी अनुपम कलात्मकता और भव्य स्वरूप के साथ यह द्वार समागम की आध्यात्मिक गरिमा को अभिव्यक्त करता है। यह केवल एक स्वागत संरचना नहीं बल्कि सेवा , समर्पण , सृजनशीलता और सामूहिक श्रद्धा की साकार अभिव्यक्ति है। श्रद्धालुओं की बढ़ती सहभागिता के साथ इसका स्वरूप भी निरंतर विस्तार और भव्यता प्राप्त करता जा रहा है। इसकी दिव्य आभा मानो प्रत्येक आगंतुक का प्रेम , अपनत्व और समभाव के साथ हार्दिक अभिनंदन करते हुए संत समागम के मानवीय संदेश को प्रदर्शित कर रही है। संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक ओंकार दास ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा एवं आशीर्वाद से समागम की व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रही हैं। सुचारु संचालन , सहज आवागमन और श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे परिसर को चार प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। संतों की कर्मठ एवं निस्वार्थ सेवा भावना ने इस स्थल को एक भव्य , सुंदर और सुव्यवस्थित आध्यात्मिक नगरी का रूप प्रदान किया है , जहाँ पहुँचते ही श्रद्धालु सेवा , समर्पण और आध्यात्मिक वातावरण की दिव्य अनुभूति करेंगे। जमुई जिला से एक हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के साथ लाखों लोगों के समालखा पहुंचने की उम्मीद है। 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम प्रेम , भक्ति और आत्मिक जागृति की उस पावन धारा से जुड़ने का अवसर है , जो जीवन को भीतर से प्रकाशित करने की प्रेरणा देती है। इस दिव्य आध्यात्मिक मिलन में सभी सज्जन महात्माओं एवं श्रद्धालु भक्तों का सादर स्वागत है।

बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ एक गिरफ्तार,पांच बाइक बरामद

हवेली खड़गपुर (आससे)। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के मुरादे पंचायत के रामबिहारीपुर और कौशलपुर गांव से बाइक चोर गिरोह का एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और मामले में बाइक चोर गिरोह एक सदस्य गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर अन्य बाइक चोर गिरोह के सदस्य पर प्राथमिकी के साथ हवेली खड़गपुर पुलिस ने पांच चोरी की बाइक बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को 18 अक्टूबर को सूचना मिली कि गंगटी गांव निवासी राजीव कुमार के घर पर रामबिहारीपुर गांव के कुछ लोग हथियार से लैस होकर पहुंचे हैं और गाली-गलौच करते हुए धमकी दे रहे हैं। सूचना पर हवेली खड़गपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां राजीव कुमार के साथ मारपीट और गाली-गलौच करने वाला रामबिहारीपुर गांव के वार्ड संख्या 11 निवासी विमल बिंद का पुत्र सौरभ कुमार को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया गया, जबकि उसके साथ आए अन्य लोग बाइक छोड़कर भाग निकले। पूछताछ के दौरान सौरभ कुमार ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिलें चोरी की हैं। उसने अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके से बरामद मोटरसाइकिलों की जांच की। इनमें हीरो स्प्लेंडर प्लस सहित विभिन्न कंपनियों की बाइक शामिल हैं। एक मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बाबत थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी मामले में एक युवक की गिरफ्तारी की गई है जबकि चोरी की पांच बाइक को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि चोरी की बाइक बरामद मामले में बाइक चोर गिरोह के सौरभ कुमार के साथ रामबिहारीपुर निवासी उमेश यादव का पुत्र राजीव कुमार। कौशलपुर निवासी भागवत बिंद का पुत्र श्रवण कुमार और भोली कुमार का पुत्र अमिल कुमार एवं अन्य 04-05 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

सुबह से लेकर देर रात तक होते रेह मां दुर्गा की प्रतिमा दर्शन

सीएम की पत्नी ने नगर के विभिन्न प्रतिमाओं का किया पूजन

हवेली खड़गपुर (आससे)। दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में उमंग, उल्लास का वातावरण है। भक्तिभाव के साथ माता के भक्तों ने प्रतिमा दर्शन किए और दुर्गा पूजा में मेले का भरपूर आनंद लिया। सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ता रहा। हवेली खड़गपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को विसर्जन के लिए प्रतिमाएं अपने स्थान से प्रस्थान करेंगी और 23 अक्टूबर की रात 09 बजे तक विसर्जन होगा। इसके पूर्व नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आकर्षक और खुशबसूरत सजावट के बीच पंडाल को देखने दूर दूर से भक्तों की आस्था उमड़ती रही। नगर के बड़ी दुर्गा मंदिर, बड़ी काली मुलुकटांड, विषहरी स्थान, छोटी काली, कुलकुला स्थान, हाट, थाना, ब्लॉक, अनुमंडल, पटेल चौक, सितुहार, तेघड़ा, समदा, जटातरी समेत पहाड़पुर, लोहची, शामपुर, अग्रहण, धपरी, कौड़िया, प्रसन्नडो, खंडबिहारी, रतैठा, मुजफ्फरगंज, चुनाकोठी, फ़सियाबाद आदि गांवों में आस्था की बयार के बीच लोगों ने माता दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन किए। बड़ी दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा के दौरान संध्या महाआरती में भक्तों की भारी आस्था उमड़ती रही। तेघड़ा का आकर्षक पंडाल और गंगा महाआरती को देख लोग भक्ति रसधारा में डूबे नजर आए।



इधर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पत्नी ममता चौधरी ने नगर क्षेत्र में विभिन्न पूजा स्थलों पर पहुंचकर दुर्गा प्रतिमा के दर्शन और पूजन किया। वहीं नगर के बड़ी दुर्गा मंदिर समिति की और से अध्यक्ष राकेश चंद्र सिन्हा और उपसचिव अमित कुमार ने उन्हें माता की चुनरी भेंटकर उनका अभिनंदन किया। वहीं गुरुवार की शाम पुरानी चौक पर बड़ी दुर्गा, बड़ी काली और विषहरी स्थान स्थित दुर्गा महारानी की प्रतिमा की मिलन के बाद भव्य और दिव्य महाआरती होगी। विसर्जन को लेकर विसर्जन समिति के सदस्य पूरी तरह सक्रिय होकर विभिन्न पूजा पंडालों का जायजा लेते रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

बांका (आससे)। मंहगाई की मार के बावजूद शारदीय नवरात्र काफी उत्साह और धूमधाम से मनाया गया।तीन दिनों चले इस मेला में खासकर युवाओं का उत्साह चरम पर था।युवा हो या युवती, पुरुष हो या महिला सभी रंग- विरंग कपड़ों में सजथज कर मां दुर्गा की दर्शन कर चाट,पकौड़े, और मिठाइयों रसास्वादन कर रहे थे, कहीं युवतियां चाटमुरी,गोलगप्पे आदि का आनंद उठा रही थी। सबसे बड़ी बात यह रही की इस बार मौसम ने भी अच्छा साथ दिया, जिससे मेला देखने वालों को भी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा वहीं दुकानदारों का भी चांदी रहा।उनकी मिठाइयां भी खुब बिकी।

वहीं सबसे सुखद पहलु रही की बांका में युवा और जुझारू डी एम अंशुल अग्रवाल और एस पी अमितेश कुमार की जोड़ी ने विधि-व्यवस्था के मामले में रिकॉर्ड स्थापित कर दिया।कहीं भी कोई गड़बड़ी नही हुयी।

कोसी स्नातक निर्वाचन के लिए 906 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

हवेली खड़गपुर (आससे)। बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं और प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो चुकी है। 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय परिसर में मतदान केंद्र संख्या 123 बनाया गया है। इस मतदान केंद्र पर कुल 906 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 685 पुरुष और 221 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव मैदान में कुल 15 उम्मीदवार है। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से मैदान शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगा। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के इस चुनाव में पंजीकृत मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस संबंध में सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्र पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है।

हाइवा की टक्कर से महिला की मौत भागने के दौरान कई और को कुचला

बिहारशरीफ। नूरसराय-हिलसा मार्ग पर बृजपुर गांव के पास शनिवार की देर शाम तेज रफ्तार हाईवा ने पैदल जा रही एक महिला को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान बृजपुर गांव निवासी संजय पासवान की 40 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी के रूप में की गई है। हादसे के बाद भागने के चक्कर में अनियंत्रित हाईवा ने चुह. रमल बाबा मंदिर के पास एक टेम्पो में टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो पर सवार पांच लोग जख्मी हो गए।ग्रामीणों के अनुसार, मृतका गांव के देवी स्थान से गीत गाकर अपनी 10 वर्षीया बच्ची के साथ माता के दर्शन के लिए नूरसराय बाजार जा रही थी, तभी हिलसा की ओर से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

इस भीषण हादसे में साथ चल रही बच्ची बाल-बाल बच गई। वहीं, टेम्पो पर सवार बृजपुर गांव निवासी पनवा देवी, रेखा देवी, बच्ची देवी, रीना देवी और चालक बेंगा पासवान घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से जख्मी रेखा देवी और रीना देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोकलक. चक गांव के पास से हाईवा को बरामद कर लिया है तथा चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

लोडेड देसी कट्टा बरामद

हरनौत (नालंदा) (संसू)। दुर्गा पूजा विधि-व्यवस्था ड्यूटी में सिरनावां गांव जा रहे वेना थाना में पदस्थापित एएसआई चंद्रकांत वर्मा एवं सशस्त्र बल द्वारा गिरधरचक गांव के पास दो व्यक्तियों को आपस में लड़ते हुए देखा गया। पुलिस को देखकर उनमें से एक युवक एक हथियार फेंककर विपरीत दिशा में भागने लगा। सशस्त्र बल द्वारा उसका पीछा किया गया, लेकिन अंधेरा एवं गली-कूची का फायदा उठाकर वह भागने में सफल रहा।

घटनास्थल से फेंके गए हथियार को जब्त किया गया, जिसमें एक लोडेड देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस हथियार जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

लोकाइन में डूबने से किशोर की मौत

हिलसा (नालंदा) (आससे)। चिकसौरा थाना क्षेत्र के मुषाढ़ी गांव के पास रविवार को लोकाइन नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी मोती पासवान के 12 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है।

परिजन ने बताया कि रविवार की दोपहर प्रिंस अपने दोस्तों के साथ लोकाइन नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। तभी घटनास्थल के पास उसकी मां भी मौजूद थीं।

बेटे को पानी में डूबता देख वह उसे बचाने के लिए नदी में उतर गईं, लेकिन वह खुद भी डूबने लगीं।

इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से किशोर को नदी से बाहर निकालकर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

विधान परिषद् चुनाव को लेकर नूरसराय में एनडीए की बैठक

बिहारशरीफ। आगामी स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर रविवार को नूरसराय प्रखंड के डोईया, मेयार स्थित सभागार में एनडीए कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भारतीय जनता पार्टी के नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्नातक विधान परिषद निर्वाचन के एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार तथा शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन के प्रत्याशी नवल किशोर यादव के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बिहार सरकार के खान, भूतत्व एवं कला संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह चुनाव बुद्धिजीवी वर्ग का है, जिसके सभी मतदाता शिक्षित और जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने 2005 से पहले का बदहाल बिहार भी देखा है और आज का विकसित व चमकता बिहार भी देख रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने अपील की कि मतदाता दोनों नेताओं के विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाते हुए एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, संतोष भारती, सुधीर कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, पूर्व जिला महामंत्री अविनाश कुमार, जिला मंत्री अमरेश कुमार, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास चंद्रवंशी, शिवलाल यादव, रजनीश कुमार, मंजय चंद्रवंशी, अमर राजपूत, रौशन कुमार यादव, अनिल प्रसाद, निशांत कुमार चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एमएलसी चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

डीएम ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और सतर्कता बरतने पर दिया जोर



दरभंगा (आससे)। बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रेक्षागृह, दरभंगा में मतगणना पर्यवेक्षकों एवं सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में मतगणना की प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सावधानी, सतर्कता और निष्पक्षता से करने का निर्देश दिया गया। मतगणना में निर्धारित प्रक्रियाओं का अक्षरश: पालन करने के साथ आपसी समन्वय, अनुशासन और समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी कर्मी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अविनाश चंद्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन की ओर से मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

सड़क दुर्घटना में पुलिस वाहन चालक की मौत




मधुबनी (संसू)। जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत खोपा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग- 27 पर मंगलवार को प्रात: करीब 08ः30 बजे पुलिस की बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल वाहन चालक तेज नारायण साह का इलाज के दौरान दरभंगा स्थित डीएमसीएच में निधन हो गया। पुलिस के अनुसार, पुलिस केंद्र मधुबनी की बोलेरो गाड़ी (रजिस्ट्रेशन नंबर बिह01का 5114) खोपा में ड्यूटी पर थी। इसी दौरान सड़क पर गड्ढे में वाहन के टायर चले जाने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और आगे आ रहे एक ट्रक से जा टकराई और पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की गश्ती दल मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनके गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया। लेकिन इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। मृतक तेज नारायण साह मधुबनी जिला बल में गृहरक्षक सिपाही के रूप में कार्यरत थे और बोलेरो चालक के तौर पर ड्यूटी पर थे। उनकी असामयिक मौत से पूरे जिले के पुलिस परिवार में शोक की लहर है। मधुबनी पुलिस ने स्वर्गीय साह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है और शोकसंतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के बाद एनएच-27 पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह सामान्य कर दी गई है। क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में बताई गई है। मामले में अग्रिम विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस ने कहा है कि पूरा पुलिस परिवार इस दुख की घड़ी में स्वर्गीय तेज नारायण साह के परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है और दुर्घटना को लेकर जांच किया जा रही है। दुर्घटना के सही कारणों और जिम्मेदारी को लेकर जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने लाया जा सकता है।

अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

जाले (दरभंगा) (आससे)। बिना अनुमति के भीड़ इकट्ठा करने एवं अश्लिल गाना पर डांस करवाने के आरोप के तहत कमतौल थाना पुलिस ने ब्रह्मपुर चौक स्थित दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल राम,सचिव जय माझी एवं कोषाध्यक्ष संजीत कुमार यादव के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि गश्ती गाड़ी ने उपरोक्त आयोजन होता देख , कार्रवाई करते हुए उक्त आयोजन को बंद कराया एवं विधि सम्मत कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

हरिहरपुर फुटबॉल प्रतियोगिता में सुपौल चैंपियन



दरभंगा (आससे)। हरिहरपुर स्थित मां जगदम्बा मैदान में आयोजित श्री श्री 108 हरिहरपुर दुर्गा पूजा फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जेपीएन क्लब, सुपौल ने बीबीटी फुटबॉल क्लब, पूर्णिया को 3-1 से हराकर खिताब जीत लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज दरभंगा कामेश्वर धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। फाइनल मुकाबला देखने के लिए करीब पांच हजार दर्शक मौजूद थे। वर्ष 1981 से आयोजित हो रही इस नौ दिवसीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया। आयोजन समिति ने मिथिला की परंपरा के अनुसार कुमार कपिलेश्वर सिंह को पाग, चादर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जेपीएन क्लब ने कम समय में अपनी प्रतिभा से विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने पूर्णिया की टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल भावना को प्रशंसनीय बताया।उन्होंने कहा कि राज दरभंगा का फुटबॉल से पुराना नाता रहा है। महाराजाधिराज डॉ. कामेश्वर सिंह खेल प्रेमी थे और उनके समय में दरभंगा राज मैदान में बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित होते थे। हरिहरपुर की यह प्रतियोगिता उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए बधाई दी। समारोह में राज दरभंगा के मुख्य प्रबंधक आशुतोष दत्ता, अमरकांत झा, संतोष सिंह, एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

श्रद्धा और उल्लास के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन



दरभंगा (आससे)। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद दरभंगा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान पूजा समितियों की ओर से गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्त मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर विदाई दे रहे थे। विसर्जन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष मां के फिर आगमन की प्रार्थना की। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से निकली प्रतिमाओं को निर्धारित विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। पुलिस बल की तैनाती के बीच विसर्जन प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

दुर्गापूजा के दौरान कई दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद विसर्जन के साथ पर्व का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से समाज में सुख, शांति और सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की।

वही कुशेश्वरस्थान में शारदीय नवरात्र के समापन पर बुधवार को कुशेश्वरस्थान बाजार सहित आसपास के गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों के सहयोग और पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से विसर्जन कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के पूरा हुआ।

इससे पूर्व मां वैष्णवी मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। पंडित राजनारायण झा के मार्गदर्शन में नवमी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सम्राट चौक, पुरानी दुर्गा मंदिर और मां वैष्णवी मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्त जयकारे लगाते हुए बाबा भोलेनाथ की परिक्रमा कर बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरे। अंत में दुर्गा तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

पुरानी दुर्गा मंदिर की विसर्जन यात्रा में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालु प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर दुर्गा तालाब तक ले गए। यह परंपरा सामूहिक सहयोग और सामाजिक एकता का संदेश देती है।

थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात था। स्थानीय लोगों, पूजा समितियों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

पुलिस ने पिकअप से लदी 1546 लीटर विदेशी शराब जब्त किया


मोहनपुर (समस्तीपुर)। मोहनपुर पुलिस ने दशहरा के बालूपार गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक पिकअप वाहन से विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की है।इस दौरान पुलिस ने वाहन से 179 कार्टून में रखी 1546.56 लीटर विदेशी शराब जब्त की है।इस मामले में दो नामजद आरोपितों समेत दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करी से जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनपुर थाना पुलिस को दशहरा बालूपार गांव में शराब की खेप होने की सूचना मिली थी।इसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी की।इस दौरान एक पिकअप वाहन पर लदी विदेशी शराब बरामद हुई।

पुलिस ने मौके से 179 कार्टून में रखी कुल 1546.56 लीटर विदेशी शराब व पिकअप वैन को जब्त कर ली।इसके बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई।मोहनपुर थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि मामले में तेलगामा के अमित रंजन व बरैठा के कपिल राय को को नामजद व इसके अलावा दो से तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि बरामद विदेशी शराब कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति कहां की जानी थी। साथ ही, इस तस्करी में अन्य लोगों की संलिप्तता और संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब निर्माण व तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना



मधुबनी (आससे)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर माँ भगवती के पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल है। इसी क्रम में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने सौराठ स्थित दुर्गा मंदिर में पहुँचकर माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्री झा ने माँ भगवती से मिथिला सहित समस्त बिहारवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि मिथिला की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक वैभव को पुन: स्थापित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। माँ भगवती की कृपा से मिथिला में सुख-समृद्धि आए और विकास की नई संभावनाएँ साकार हों।

श्री झा ने कहा कि मिथिला के सभी क्षेत्रों के समग्र विकास में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय लोगों की सक्रिय सहभागिता भी आवश्यक है। जनभागीदारी ही मिथिला के नवजागरण और सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है। जब समाज और सरकार मिलकर कार्य करेंगे, तभी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि मिथिला माता जानकी की पावन धरती है और इसकी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं में माँ पार्वती की उपासना का भी विशेष महत्व है। यह भूमि अपनी समृद्ध परंपराओं, आध्यात्मिक चेतना, ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत के लिए विशिष्ट पहचान रखती है। मिथिला ने इतिहास के विभिन्न कालखंडों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है और आने वाले समय में भी यह क्षेत्र विकास, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।

इस पावन अवसर पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने मधुबनी, मिथिला सहित पूरे बिहार के लोगों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ दीं। उन्होंने माँ दुर्गा से प्रार्थना की कि सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे तथा मिथिला निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर हो।

बड़ी मैया की विदाई में सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब



रोसड़ा (आससे)। बड़ी मैया की विदाई (विसर्जन) के अवस पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी ।शहर के सुप्रसिद्ध बड़ी दुर्गा स्थान में बड़ी मैया की प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुबह से हीं श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गयी थी । मैया के स्वागत में शहर के अंबेडकर चौक , टावर चौक , महावीर चौक , गुदरी बजार ,पुरानी चौक आदि जगहों पर आकर्षक रंगोली बनाई गयी थी । इन सभी स्थलों पर मैया का ठहराव हुआ । जहां श्रद्धालु भक्तों ने गगनभेदी जयकारे लगाते हुए थिरकते-झुमते महाआरती में हिस्सा लिया । और एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया । मां की आरती - स्तुति विहंगम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था । उमड़ी जनसैलाब में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी । बतादें रोसड़ा बड़ी मैया की विसर्जन बिहार में प्रमुख स्थान रखता है। यहां की परंपरा रही है कि शहरी एवं आस पास के क्षेत्रों में सबसे पहले बड़ी की प्रतिमा का विसर्जन होता है। इसके पश्चात हीं किसी अन्य प्रतिमाओं का । विगत 200 से भी अधिक वर्षों से चली आ रही बड़ी मैया की विदाई की अनोखी रस्म को देखने एवं मां की प्रतिमा के चरण स्पर्श को लेकर सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घंटों पूर्व से हीं प्रतीक्षारत थी । प्रतिमा विसर्जन के पश्चात श्रद्धालु भक्तों एवं उत्साही युवाओं द्वारा मां की प्रतिमा को कंधे पर उठाकर संपूर्ण शहर का भ्रमण किया । इस दौरान श्रद्धालुओं ने घरों की छतों से माता की डोली पर पुष्प वर्षा भी की । बड़ी माता के पीछे- पीछे लक्ष्मीपुर स्थित छोटी मैया की प्रतिमा थी । और इस प्रतिमा के पीछे- पीछे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अन्य प्रतिमाएं शहरी क्षेत्र के भ्रमण के बाद बूढ़ी गंडक नदी के बाबा गंडकी नाथ धाम स्थित गोला घाट में मां की प्रतिमा के संग अन्य देवी - देवताओं की प्रतिमाओं को नदी के जल में प्रवाहित कर श्रद्धालुओं ने उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की । और सुख - समृद्धि एवं शांति की कामना की । प्रतिमा व विसर्जन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गये थे ।शहर के सभी चौक -चौराहों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात थे । एसडीओ पूजा कुमारी एवं एसडीपीओ संजय कुमार सिन्हा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिखे ।

डांडिया नृत्य से युवतियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले के जोगियारा दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवतियों ने झिझिया और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी कलाकारों ने मिथिला की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। भक्ति गीतों और पारंपरिक धुनों पर प्रस्तुत नृत्य से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में लिटिल फ्लावर, जोगिनाथ एकेडमी और प्राथमिक विद्यालय कन्या के 70 से अधिक बाल कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने %भैया जैता गंगा रे जमुनवा%, %झिझिया घूमैतौ गामोबा खेलैतौ% सहित अन्य पारंपरिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भीड़ जुटी रही। कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति देने वाली निधि, अनन्या, भवानी, रिमझिम सहित सभी बाल कलाकारों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के कारण दुर्गा पूजा मेले की रौनक और बढ़ गई। मंदिर परिसर में देर तक श्रद्धालु नृत्य और संगीत का आनंद लेते रहे। मेला आयोजक एवं पूर्व मुखिया श्यामा कुमार सुमन ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है , उनके मानसिक विकास में मदद मिलती है। साथ ही, नई पीढ़ीको अपनी लोक संस्कृति और परंपराओंसे जुड़ने का अवसर मिलता है।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर कवि सम्मेलन



दरभंगा (आससे)। राष्ट्रीय कवि संगम की दरभंगा जिला इकाई के तत्वावधान में बहादुरपुर प्रखंड के गंगापट्टी दुर्गा पूजा समिति परिसर में 10वां वंदे मातरम् कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन में कवियों ने अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ का सिलसिला आधी रात तक चलता रहा।

कार्यक्रम के आयोजक एवं राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार चौधरी ने आगत कवियों का स्वागत किया।

जिला महामंत्री डॉ. चंद्र मोहन पोद्दार ने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय कवि संगम देशभर में कवि सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है।प्रांत मंत्री सह दरभंगा प्रमंडल प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि ऑर्केस्ट्रा की अपसंस्कृति से बचाने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में कवि सम्मेलन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, प्रांतीय महामंत्री डॉ. राजकुमार भारती ने कहा कि राष्ट्रीय गीत के माध्यम से राष्ट्र जागरण और युवाओं को भटकाव से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. विनोद कुमार हसौरा, डॉ. राजकुमार भारती, सुधीर कुमार सिंह, डॉ. चंद्र मोहन पोद्दार, कवयित्री संगीता कुमारी एवं रंजना भारती तथा युवा कवि मुकेश झा सोनू ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।

देशभक्ति की कविताओं पर उपस्थित सैकड़ों ग्रामीण श्रोताओं ने तालियों से कवियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनोद कुमार हसौरा ने किया।

सर्पदंश से किसान की मौत

बिरौल (दरभंगा)। दशहरा के दिन जहां लोग पर्व की खुशियां मना रहे थे, वहीं कमालपुर गांव में सर्पदंश से 55 वर्षीय किसान उमेशी राम की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के सामने अब भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई जारी रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। परिजनों के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब एक बजे उमेशी राम खेत में पटवन कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ी में छिपे जहरीले सांप ने उनके पैर में डस लिया। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें तत्काल बिरौल अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। अस्पताल के उपाधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि मरीज की हालत गंभीर थी। चिकित्सकों ने तत्काल उपचार करते हुए एबीएस की 10 वायल खुराक दी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उन्हें डीएमसीएच ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण संजय राम ने बताया कि उमेशी राम खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी बच्चिया देवी, दो पुत्रियां काजल कुमारी व कोमल कुमारी तथा पुत्र दिलखुश कुमार हैं। तीनों बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। पति की मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी ने घटना पर दुख जताते हुए इसे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। दशहरा के दिन हुई इस घटना से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

महिषासुर वध की प्रस्तुति बना आकर्षण का केंद्र



मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर) (आससे)। नवरात्र के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मोहिउद्दीननगर की ओर से सरकारी दुर्गा मंदिर के समीप आयोजित मां दुर्गा,लक्ष्मी और सरस्वती की जीवंत झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सोमवार और मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में महिषासुर वध की मनोहारी प्रस्तुति और महाआरती ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

झांकी का उद्घाटन विधायक राजेश कुमार सिंह, एसआई अंशु कुमारी, पूजा समिति सदस्य सुरेंद्र मेहता और ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सविता बहन ने कहा कि देवी-स्वरूपों की आराधना तभी सार्थक है, जब उनके दिव्य गुणों को जीवन में अपनाया जाए। आयोजन में आशा बहन, बृजेश खत्री, रवि रंजन, अशोक और इंद्रजीत सहित कई भाई-बहनों की भूमिका रही। इधर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। वहीं कहीं-कहीं मूर्ति विसर्जन भी हो गया। कल्याणपुर बस्ती संस्कृत विद्यालय परिसर में रावण दहन को लेकर काफी भीड़ देखी गई। मेला शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।


शोरूम का उद्घाटन एमएलसी ने फीता काटकर किया

समस्तीपुर(आससे)। शहर के गोला रोड स्थित विजय इंटरप्राइजेज में एशियन पेंट्स के एक्सक्लूसिव कलर क्यूब शोरूम का भव्य उद्घाटन एमएलसी तरुण चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस शोरूम के शुरू होने से समस्तीपुरवासियों को अपने घरों को नए रंगों और आकर्षक डिजाइनों से सजाकर उनकी रौनक बढ़ाने का बेहतर अवसर मिलेगा। शोरूम में ग्राहकों को रंगों के नए विकल्प मिल सकेंगे।

836 बोतल शराब बरामद

मधुबनी (संसू)। जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत मरवा-रघौली एसएच-75 के किनारे पलटी सफेद स्कॉर्पियो से 250.8 लीटर नेपाल निर्मित देसनिर्मित पुलिस ने किया जब्त। बरामद वाहन मालिक की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कार्रवाई मे जुट गई है।मामले को लेकर बताया जा रहा है।

सांसद ने तीन दर्जन से अधिक पूजा पंडालों में किए दर्शन



दरभंगा (आससे)। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने शारदीय नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और महानवमी के अवसर पर दरभंगा शहर सहित संसदीय क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां से मिथिलांचल के लोगों के सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि दरभंगा शक्ति की आराधना और तंत्र साधना का प्रमुख केंद्र रहा है। मिथिला की धार्मिक मान्यताएं और आध्यात्मिक परंपराएं सदियों से देश-दुनिया में प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र शक्ति, साहस, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मां दुर्गा की आराधना अन्याय एवं अधर्म के विरुद्ध खड़े होने तथा समाज में सत्य और सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देती है।

उन्होंने पूजा पंडालों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल को मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा, महामंत्री सुजीत मल्लिक, महिला मोर्चा की मौना झा, बबलू पंजियार, प्रेम कुमार मिश्र, रिंकू प्रमुख उदय सहनी, अशोक नायक, लक्ष्मण कांस्यकार, मुकुंद चौधरी, राजीव सिंह सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

धर्मपुर प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड प्रखंड-सरायरंजन जिला-समस्तीपुर

सूचना

पैक्स प्रबंधक की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

योग्यता = स्नातक उत्तीर्ण तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर प्रशिक्षण (टैली सहित) अथवा बीबीए/प्रबंधन में डिप्लोमा।

आयु सीमा = 18 से 45 वर्ष।

आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट।

अन्य शर्तें = अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तथा पूर्व सेवा में गंभीर आरोप/आर्थिक अनियमितता से संबंधित कार्रवाई न हुई हो।

आवेदन की तिथि -18 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2026 तक। **समय**- पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक। **स्थान**- धर्मपुर पैक्स कार्यालय, ग्राम-धर्मपुर।

धर्मपुर प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड

बंगाली परंपरा के साथ मनाया गया सिंदूर खेला, नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई

नवादा। बांग्ला पंचांग के अनुसार नवादा रेलवे कॉलोनी में महिलाओं ने बंगाली रीति-रिवाज और परंपरा के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने विधि-विधान से मां की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि,



खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई और नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। सिंदूर खेला के दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि एवं सुखमय दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने बंगाली संस्कृति और परंपरा को जीवंत कर दिया। मान्यता के अनुसार, सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई देने की परंपरा निभाई जाती है। यह रस्म महिलाओं के बीच प्रेम, सौहार्द और पारिवारिक खुशहाली का प्रतीक मानी जाती है। पूरे आयोजन के दौरान रेलवे कॉलोनी में भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। मां की विदाई के समय माहौल भावुक हो गया और श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से मां के आगमन की कामना की।

नवरात्र की नवमी पर जदयू नेताओं ने महादलित कन्याओं का किया पूजन, कराया भोजन

नवादा। नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को नवमी के दिन नवादा शहर के कलाली रोड स्थित राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी में महादलित परिवारों की कुमारी कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर नवादा नगर जदयू अध्यक्ष मनोज सिंह उर्फ पप्पू ने कन्याओं को चुनरी, वस्त्र एवं अन्य सामग्री भेंट कर उनका पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान नवादा जिला जदयू अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी ने सभी कुमारी कन्याओं को अपने हाथों से भोजन कराया। धार्मिक एवं सामाजिक सद्भाव के इस आयोजन में जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रामजन्म कानू ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं समाजसेवियों ने कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला जदयू सचिव लक्ष्मण, महासचिव मुकेश कुमार, पूर्व पैक्स अध्यक्ष मंटू कुमार, रामदेव कुमार, विकास कुमार, सुबोध कुमार, सीमा देवी, नीलम देवी और पिंकी कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से नवरात्र के पावन पर्व पर श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

मां दुर्गा और काली की प्रतिमा का विसर्जन

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रखंड के बरदाहा बाजार और सांढ़ गांव में स्थापित मां दुर्गा एवं मां काली की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन के दौरान पूरा क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा। जानकारी के अनुसार, बरदाहा बाजार स्थित मां दुर्गा पूजा समिति की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा तथा सांढ़ गांव में स्थापित मां काली की प्रतिमा का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को भावपूर्ण विदाई दी और अगले वर्ष पुन: आगमन की प्रार्थना की। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मां की विदाई के साथ ही दुर्गा पूजा उत्सव का समापन हो गया।

दो दिन से लापता युवक का शव आहर से हुआ बरामद, हत्या की आशंका

कौआकोल (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र के तरौन गांव स्थित आहर के पानी से मंगलवार की सुबह पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के लोधवे कांटी गांव निवासी ललेश्वर पासवान के करीब 40 वर्षीय पुत्र अमर पासवान के रूप में की गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अमर पासवान कौआकोल के दुर्गामंडप मुहल्ले में अपने रिश्तेदार के यहां किराये पर रहकर मजदूरी करता था। बताया जाता है कि वह पिछले दो दिनों से रविवार की शाम से लापता था।मंगलवार को तरौन गांव स्थित आहर में उसका शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गया है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने एवं जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, रेफर

कौआकोल (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र के कौआकोल-पकरीबरावा मुख्य पथ पर मंगलवार को दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक बच्चा समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,इन घायलों की पहचान कौआकोल थाना के मधुरापुर गाँव निवासी भरत यादव के 32 वर्षीय पुत्र इंडेश यादव एवं इनके साथ 7 वर्षीय पुत्र आर्या कुमार के रूप में की गई है, वहीं दूसरे घायल बाइक सवार नालंदा जिले के सरमेरा थाना के सिंघोल गाँव निवासी मल्लू मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार के रूप में पहचान की गई है, घटना की सूचना पर कौआकोल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों घायलों को कौआकोल पीएचसी में इलाज केलिए भर्ती करवाया है, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज केलिए नवादा रेफर कर दिया है।

सड़क दुर्घटना में एक हीं परिवार के चार लोग घायल, सभी रेफर

कौआकोल (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र के कौआकोल-रोपवेल मुख्य पथ पर बंसा टांड़ के निकट सड़क दुर्घटना में मंगलवार की देर शाम में एक हीं परिवार के एक बालक समेत चार लोग घायल हो गए हैं, स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहाँ से डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज को लेकर नवादा रेफर कर दिया गया है, इन घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के महुडर गाँव निवासी अजय साव एवं अजय साव की 30 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी, 15 वर्षीय पुत्री डोली कुमारी एवं 4 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप में की गई है, बताया जाता है कि वे सभी एक हीं बाइक पर सवार होकर दुर्गा पूजा के मेला देखने कौआकोल जा रहे थे,इसी बीच बंसाटांड़ के निकट बाइक चालक का संतुलन खो गया और वे सभी दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

दो सड़क हादसों में सात लोग घायल, सभी नवादा रेफर

कौआकोल (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे समेत सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को कौआकोल पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली घटना कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर हुई,जहां दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान मधुरापुर गांव निवासी भरत यादव के 32 वर्षीय पुत्र इंडेश यादव, उनके सात वर्षीय पुत्र आर्या कुमार तथा नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के सिंघोल गांव निवासी मल्लू मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर कौआकोल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों घायलों को पीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें नवादा रेफर कर दिया। वहीं, दूसरी घटना कौआकोल-रोपवेल मुख्य पथ पर बंसाटांड़ के समीप मंगलवार की देर शाम हुई। यहां बाइक दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान महुडर गांव निवासी अजय साव, उनकी 30 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी, 15 वर्षीय पुत्री डोली कुमारी और चार वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सभी एक ही बाइक पर सवार होकर दुर्गापूजा का मेला देखने कौआकोल जा रहे थे। इसी दौरान बंसाटांड़ के समीप बाइक चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया।

घर में घुसकर चोरी करने की प्राथमिकी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। बाजार के पटेल नगर निवासी राजीव कुमार घर में घुस कर चोरी कर लेने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीड़ित ने दर्ज मामले में कहा है कि 13 अक्टूबर को मेरी पत्नी घर में बच्चों के साथ थी। अचानक तबीयत खराब होने के कारण मैके चली गई। जब वापस दूसरे दिन घर लौटी इस बीच अज्ञात चोर द्वारा 40 हजार नगदी समेत जेवरात की चोरी कर लिया गया।

दो शराबी गिरफ्तार

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। पुलिस ने बाजार के बाईपास रोड स्थित शहीद चंदन सिंह चौक के पास दो शराबी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछ ताछ में शराबी ने अपना नाम थाना क्षेत्र के मय ग्रामीण कन्हैया कुमार एवं झौर गांव के सिन्टू कुमार बताया। बाद में मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि पर बुधवार को दोनों को न्यायालय भेज दिया गया है।

आरएसएस ने धूमधाम से मनाया विजयादशमी

नवादा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवादा जिला इकाई के तत्वाधान में विजयादशमी उत्सव मंगलवार को प्रात: फल गली मेन रोड केशव कुंज संघ कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में संघ के दर्जनों पदाधिकारीयों सहित सैकड़ो स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणेश में भाग लिया। संघ का कार्यक्रम ध्वजारोहण से हुआ तथा मां दुर्गा की तस्वीर के सामने रखें शास्त्रों का मुख्य अतिथियों के द्वारा पूजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर पूर्व क्षेत्र प्रचारक राम नवमी प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सकारात्मक सोच वाला संगठन है। विजयादशमी के अवसर पर सन 1925 में परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने इसकी स्थापना की तब से संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य अनवरत कर रहा है। उन्होंने कहा संघ विचारों की अभिव्यक्ति हर स्वयंसेवकों में आनी चाहिए। संघ



समाज का संगठन कर दुनिया का सबसे बड़ा अनुशासित राष्ट्रभक्त संगठन बनकर खड़ा है। इसलिए संघ पर समाज की अपेक्षाएं बढा है। संघ समाज का जागरण कर गौरवशाली राष्ट्र बनाना चाहता है। इसी ध्येयनिष्ठा के कारण संघ 100 वर्षों से अपने उद्देश्य पर आगे बढ़ता जा रहा है, क्योंकि यहां समर्पण, त्याग ,ध्येयनिष्ठा तथा राष्ट्रभक्ति के बल पर देश को परम वैभव पर ले जाने का लक्ष्य रखा है।इसी कारण संघ संगठित ,अनुशासन समाज बनाने के उद्देश्य रखकर आगे बढ़ रहा है।आज विश्व में शक्ति का बडा ही महत्व है।बौद्धिक समाप्ति के बाद सैकड़ो गणवेशधारी स्वयंसेवकों द्वारा बडा ही भव्य घोष वादक यंत्रों पर ताल से ताल मिलाता हुआ। पथ संचलन नगर का भ्रमण के लिए संघ कार्यालय से लाल चौक, काली चौक, विजय बाजार, प्रजातंत्र चौक, अस्पताल रोड, इंदिरा चौक, स्टेशन रोड, सोनार पट्टी होते हुए पुन: संघ कार्यालय में समाप्ति के उपरांत फलों का प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा गणवेश में पथसंचलन एवं जगह जगह पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संघचालक डॉ अशोक कुमार, नगर संघ चालक हरिश्चंद्र मेहता, प्रांत शारीरिक प्रमुख श्रीइंद्रनारायण, सह क्षेत्र कार्यवाह विनेश प्रसाद, जिला प्रचार प्रमुख कवि दयानन्द प्रसाद गुप्ता, नवीन कुमार, सतीश कुमार, उदय, कृष्ण प्रसाद सहित सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

24 घंटे के अखंड भजन-कीर्तन का समापन, जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

सिरदला (नवादा) (संसू)। नवादा जिले के सिरदला प्रखंड अंतर्गत जयनगर गांव में आयोजित 24 घंटे के अखंड भजन-कीर्तन का समापन धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समापन के अवसर पर हवन-



पूजन किया गया। इसके बाद कुंवारी कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में गांव के तीनों टोलों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन के दौरान गांव की महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की परिक्रमा की। इस दौरान हर-हर बम-बम और जय माता दी के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर एवं आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। अखंड भजन-कीर्तन के आयोजन से गांव में धार्मिक उत्साह और आपसी सद्भाव का माहौल बना रहा। ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी ने आयोजन को सफल और यादगार बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

भक्तिमय वातावरण में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ दुर्गा पूजा व दशहरा मेला

नियंत्रण नहीं होने से छुट्टा सांढ़ मेले में लोगों के लिए पैदा करता रहा परेशानी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाके में मंगलवार को विजयादशमी पर हवन पूजन एवं दुर्गा पूजा मेला शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। बुधवार से प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया है। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में रविवार को महाष्टमी से शुरू हुआ मेला मंगलवार विजयादशमी तक धूम धाम से आयोजित किया गया। जबकि बुधवार से दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन का कार्य शुरू हो गया है। जो क्षेत्र विभिन्न ग्रामीण इलाकों में एक एक करके आशिवन पूर्णिमा तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ चलेगी। विजयादशमी के अवसर पर वारिसलीगंज बाजार के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालु दर्शको की भारी भीड़ देखी गई। भीड़ पर नियंत्रण को ले पूजा पंडालो के पास दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती किया गया था। किसी भी पूजा समिति ने प्रशासन के निदेशानुसार डीजे नहीं बजाया। गुमटी रोड की बड़ी दुर्गा माता के पास आसमानी झूला, घिरनी, बच्चों का उछल कूद तथा अन्य प्रकार के मनोरंजन की व्यवस्था से उक्त स्थल पर देर रात तक काफी भीड़ देखी गई। रंग विरंगे बल्बों से शहर की सड़कें चकाचक दिख रही। कही खीर तो कही हलवा प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस दौरान कही नाटक, नौटंकी तो कही रामलीला का भव्य प्रदर्शन हुआ। लोगो ने मेले में मिठाई चाट पकौड़ा एवं एगरौल खा का आनंद उठाया। वही आम दिन की तरह मेले में भी छुट्टा सांढ एवं अन्य मवेशी घूमता नज़र आया। कही कही मेले में मवेशी की वजह से लोगो खासकर महिलाओं को परेशान देखा गया।

पुल से फिसलकर युवक की मौत, दशहरा पर्व में पसरा मातम

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के ठेरा पंचायत की बहरोईचक गांव में महाष्टमी सोमवार की सुबह पुल से फिसल कर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बहरोईचक गांव निवासी 35 वर्षीय नवीन यादव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार नवीन यादव उक्त सुबह करीब 7 बजे शौच के लिए घर से निकला था। इसी दौरान गांव के बधार में महादेव बिगहा के पास स्थित पुल पर पैर फिसलने से वह पुल से नीचे गिर गया। गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तो पुल के नीचे उसका शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और दशहरा की खुशियां मातम में बदल गईं। इधर परिजनों ने युवक की किसी के द्वारा हत्या कर शव को पुल के नीचे फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया है।

मेला देखकर घर लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। बाजार से विजयादशमी का मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे काशीचक थाना के डेढ़गांव निवासी रज्जू सिंह का 25 बर्षीय पुत्र मनसुख उर्फ छोटू कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना मंगलवार की रात 11 बजे सिमरी बीघा रेल ओभर ब्रिज पर होने की बताई गई। सूचना बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां जांचोपरांत चिकित्सक ने मृत करार दिया। पुलिस के अनुसार घटना वारिसलीगंज आरओबी पर डिवाइडर में बाइक के टकराने से हुई है। जबकि घटना बाद मृतक का भाई ने कहा कि कोई चार चक्के की वाहन बाइक एवं सवार पर चढ़ाते भाग निकला। वैसे पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच से घटना के कारणों के पता चलने की उम्मीद है। मृतक के परिजनों द्वारा अब तक थाना को लिखित आवेदन नहीं दी गई है।

नाट्य कला परिषद कुटरी की 77 वर्षगांठ पर छह दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम का आगाज

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। प्रखंड के कुटरी गांव स्थित नाट्य कला परिषद के स्थापना के 77वां वर्षगांठ और दुर्गा पूजा के अवसर पर छह दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाष्टमी से कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पार्षद सह ग्रामीण अंजनी कुमार, ग्रामीण युवा सह बीडीओ नीतीश पाठक, कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा शशिकांत कुमार, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष गौरव कुमार, सचिव उत्तम सिंह, शशि कांत शरण सिंह, निर्देशक रामबालक सिंह, संचालक विकाश कुमार, सोने लाल सिंह समेत परिषद के सदस्य मौजूद थे। मौके पर जिला पार्षद ने कहा कि ग्रामीण रंगमंच के माध्यम से गांव की एकता एवं आपसी भाईचारे का माहौल कायम रहती है। जबकि बच्चों की प्रतिभा में निखार आती है। सचिव ने कार्यक्रम की रूपरेखा की चर्चा करते हुए कहा कि छह दिवसीय कार्यक्रम में तैमूर हारी, गुजराती गुड़िया, वाली वध, लखनऊ का लुटेरा, मछला हरन के अलावा 23 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के दिन विराट अंतर्राज्यीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता एवं रात्रि में भोजपुरी कलाकार अनुपमा यादव व धनंजय शर्मा का सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्धारित है। बताया गया कि दंगल प्रतियोगिता के ग्रुप ए के प्रथम विजेता को 30000/- द्वितीय को 11 हजार, बी ग्रुप को 15 एवं 7500 तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित ग्रुप सी के विजेता को क्रमश: 11 हजार व 5100 सौ रुपए नगद राशि दी जाएगी। मगलवार की आयोजित रात बाली वध संगीत में भगवान श्री राम का दर्शन कर पूरी कहानी को नाटकीय रूप देख अभिभूत हो रहे थे। कार्यक्रम के अंतराल हास्य कलाकारों ने लोगो लोट पोट होने पर विवश कर दिया।

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई की प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा 24 अक्टूबर को

नवादा। सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के कक्षा षष्ठम (सत्र 2026-27) में नामांकन हेतु प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 24 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियाँ की गई हैं। परीक्षा एकल पाली में अपराह्न 01ः00 बजे से 03ः30 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम-से-कम 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। निर्धारित समय के बाद पहुँचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला मुख्यालय में परीक्षा के लिए नगर मध्य विद्यालय, पुरानी जेल रोड, नवादा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बल/लाठी बल के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त, परीक्षा के दौरान सतत निगरानी रखने एवं विधि-व्यवस्था संधारित करने हेतु गश्ती दल-सह-उड़नदस्ता दल में भी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सशस्त्र बल/लाठी बल के साथ की गई है।

अकबरपुर में नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई, धूमधाम से हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद बुधवार को अकबरपुर प्रखंड में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया।

दो दर्जन से अधिक पूजा समितियों की प्रतिमाओं को श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई दी। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और अबीर-गुलाल के बीच निकली शोभायात्राओं से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। भाजी बलिया, अकबरपुर हाट, संगत, आजाद मोहल्ला, पचरुखी बाजार, पाती सहित विभिन्न स्थानों से निकली प्रतिमाओं का विसर्जन पिरौटा पोखर में किया गया। वहीं, पतरंग गांव में भी विसर्जन जुलूस में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। मां के जयकारों पर युवा और बच्चे नाचते-गाते नजर आए।



विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां भगवती से अगले वर्ष पुन: आने और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। एसपी अभिनव धीमान, एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, सीओ संजय कुमार प्रसाद, बीडीओ राधा रमण मुरारी और थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

शोभायात्रा समिति की ओर से सफाई और प्रकाश की व्यवस्था भी की गई थी। मौके पर शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष कौशल कुमार पांडेय, पूर्व मुखिया कारु माली, कुंदन पांडेय, कारु पांडेय, अजय कुमार भोला, पप्पू साव, रंजीत पटेल, तीर्थु दत्ता राय, दहन चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, मुन्ना विश्वकर्मा, अजित वर्णवाल, विक्रम कुमार सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे है।

डीएम-एसपी ने किया विसर्जन घाटों का निरीक्षण

नवादा। बुधवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न विसर्जन घाटों का निरीक्षण



किया। इस दौरान सूर्य मंदिर घोसतावां कादिरगंज एवं शोभिया स्थित विसर्जन घाटों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मिक्सचर मशीन की चोरी पर प्राथमिकी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। नगर के सिमरी बाईपास निवासी उपेंद्र प्रसाद यादव ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मिक्सचर मशीन चुरा लेने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीड़ित ने दर्ज मामले में कहा है कि 18 अक्टूबर को बाईपास सड़क किनार रखा था जिसे एक एक पिकअप वाहन में लोड कर भाग निकला।

जिले की विभिन्न पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित

नवादा। नवादा जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों एवं नगर निकायों के विभिन्न वार्डों में बिहार सरकार द्वारा संचालित 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। यह आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निष्पादन की दिशा में एक प्रभावी पहल है। प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले की पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के साथ-साथ आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा 'सहयोग शिविर' पोर्टल भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का



अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन दर्ज कराने में सुविधा होगी तथा मामलों के समयबद्ध निष्पादन की व्यवस्था और प्रभावी होगी। इसी क्रम में नवादा सदर प्रखंड की कुरमा, सिरदला प्रखंड की चैकिया, गोविंदपुर प्रखंड की सरकंडा, नारदीगंज प्रखंड की नारदीगंज, पकरीबरावां प्रखंड की ज्युरी, कौआकोल प्रखंड की पाण्डेय गंगौट, अकबरपुर प्रखंड की पचरूखी, वारिसलीगंज प्रखंड की शाहपुर, रजौली प्रखंड की चितरकोली, नरहट प्रखंड की बभनौर, हिसुआ प्रखंड की सोनसा, मेसकौर प्रखंड की सहबाजपुर सराय, रोह प्रखंड की समरीगढ़ तथा काशीचक प्रखंड की बेलड़ पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों एवं लाभुकों से प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन किया गया। पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया तथा स्वीकृत मामलों के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद, नवादा के वार्ड संख्या-02, नगर परिषद, वारिसलीगंज के वार्ड संख्या-18, नगर परिषद, हिसुआ के वार्ड संख्या-27 तथा नगर पंचायत, रजौली के वार्ड संख्या-11 में भी सहयोग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में नागरिकों से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

शिविरों में संबंधित वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, संबंधित कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं लाभुक उपस्थित रहे।

डॉ. श्री कृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निर्माता : प्रभाकर झा

नवादा। नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक बिहार के निर्माता एवं राज्य के पहले मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉक्टर कृष्ण सिंह की 139वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्री कृष्ण सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने अपने संबोधन में कहा की डॉक्टर कृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के



निर्माता के साथ-साथ एक महान स्वतंत्रता सेनानी, दूरदर्शी राजनेता और समर्पित समाज सुधारक थे। उन्होंने आधुनिक बिहार की नींव रखी और शिक्षा, उद्योग, कृषि तथा सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो कार्य किए वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और समाज के दबे-कुचले वर्ग के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, प्रदेश डेलीगेट रजनीकांत दीक्षित, हिसुआ प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, अजय कुमार केसरी, सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, संजय सिंह, अरविंद कुमार, मोहम्मद सुल्तान, नवादा प्रखंड के जिला अध्यक्ष रामजन्म सिंह, वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष इंदू सिन्हा, रामाशीष, डॉ मुन्ना, मोहम्मद सुल्तान, मुकेश कुमार, बबलू कुमार सहित कई कांग्रेस नेताओं ने उनके जीवन एवं कार्यो को याद किया तथा श्री बाबू के बताए गए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

पाण्डेयगंगोट पंचायत में सहयोग शिविर में उमड़ी फरियादियों की भीड़

अधिकारियों ने लाभुकों के बीच बांटे स्वीकृति पत्र व राशन कार्ड

कौआकोल (नवादा) (संसू)। प्रखंड के पाण्डेयगंगोट पंचायत अंतर्गत बापू इंटर विद्यालय बुधवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन जिला के योजना पदाधिकारी सह प्रखण्ड के वरीय पदाधिकारी विनय कुमार, बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ चंदन चौधरी, बीईओ अजीत कुमार, मनरेगा पीओ असलम हुसैन आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए कई मामलों का तत्काल समाधान किया,जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी विनय कुमार ने निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र तथा नए राशन कार्ड पात्र लाभुकों के बीच वितरित किए।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के पहुंचे। इसके लिए प्रशासन लगातार पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा किसी भी पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ आवेदन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन से संपर्क करें। मौके पर मुखिया दीपक कुमार आदि उपस्थित थे

डुमरांव बाजार में नकाबपोशों का तांडव

मोबाइल दुकान से 50 से अधिक फोन और तीन लाख नकद की चोरी



बक्सर (आससे)। डुमरांव बाजार स्थित गीता मोबाइल शॉप में नकाबपोश चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मंगलवार की देर रात करीब दो बजे चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद महंगे मोबाइल फोन और करीब तीन लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। मुख्य बाजार में हुई इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान में घुसते ही पेचकस से कैश काउंटर तोड़ दिया। उसमें रखी नकदी निकाल ली। इसके बाद महंगे आईफोन और 40 से 50 हजार रुपये कीमत वाले एंड्रॉयड मोबाइल फोन समेट लिए। चोर 50 से अधिक मोबाइल फोन ले गए। हैरानी की बात यह है कि मोबाइल के डिब्बे और चार्जर दुकान में ही छोड़ दिए।

घटना के दौरान का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने वारदात से पहले दुकान की रेकी की थी। दुकान में सामान रखने की जगह और कैश काउंटर तक पहुंचने के तरीके को लेकर पुलिस जांच कर रही है। दुकान में करीब 20 कर्मचारी काम करते हैं।

ऐसे में पुलिस अंदरूनी जानकारी लीक होने की आशंका समेत सभी पहलुओं पर पड़ताल कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरांव थाना पुलिस सक्रिय हो गई। बुधवार को थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और प्रभारी थानाध्यक्ष मतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर नकाबपोशों की पहचान करने में जुटी है। चोरी की इस बड़ी वारदात से दुकानदार दीपक कुमार गुप्ता बदहवास हैं। वहीं, बाजार के अन्य दुकानदारों में भी दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

किला मैदान में धू-धू कर जला रावण, उमड़ा जनसैलाब

नगर परिषद अब प्रतिवर्ष उठाएगी आयोजन का पूरा खर्च, समिति ने जताया आभार



-मुस्ताक हुसैन बंटी-

बक्सर (आससे)। ऐतिहासिक किला मैदान मंगलवार की शाम 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। मौका था श्री रामलीला समिति, बक्सर की ओर से आयोजित भव्य रावण वध कार्यक्रम का। 20 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के सत्रहवें दिन हजारों की संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। रंग-बिरंगी कलात्मक आतिशबाजी के बीच 45 फीट ऊंचे रावण और 40 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। पुतलों के जलते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजने लगा। कोल्ड फायर, स्मोक फायर और आकर्षक रोशनी ने आयोजन की भव्यता बढ़ा दी। शाम 5:27 बजे लक्ष्मण जी ने मेघनाद के पुतले का दहन किया। इसके करीब 13 मिनट बाद, शाम 5:40 बजे प्रभु श्रीराम ने रावण की नाभि पर बाण चलाया। बाण लगते ही रावण का विशालकाय पुतला आतिशबाजी के बीच धू-धू कर जल उठा। इस दृश्य को देखने के लिए मैदान में भारी भीड़ जुटी थी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह दिखा। पुतला दहन से पहले दोपहर दो बजे रामलीला मंच पर मेघनाद वध और रावण वध का प्रभावशाली मंचन हुआ। वृंदावन से आए श्री बाल कृष्ण रासलीला एवं रामलीला मंडल के कलाकारों ने स्वामी मोहन श्याम भारद्वाज के निर्देशन में प्रसंगों को जीवंत किया।

मंचन में दिखाया गया कि कुंभकर्ण के वध के बाद भी रावण का अहंकार कम नहीं होता। वह अपने पराक्रमी पुत्र मेघनाद को युद्धभूमि में भेजता है। लक्ष्मण और मेघनाद के बीच भीषण युद्ध होता है। मेघनाद अपनी मायावी शक्तियों से लक्ष्मण को चुनौती देता है। अंतत: लक्ष्मण के बाण से उसका वध हो जाता है।

पुत्र की मृत्यु से रावण शोक और क्रोध में डूब जाता है। मंदोदरी उसे प्रभु श्रीराम से वैर छोड़ने की सलाह देती है। लेकिन अहंकार में डूबा रावण युद्ध का रास्ता चुनता है। इसके बाद श्रीराम और रावण के बीच निर्णायक युद्ध होता है। विभीषण के मार्गदर्शन में श्रीराम रावण की नाभि पर बाण चलाते हैं। रावण धराशायी हो जाता है। कलाकारों ने इस प्रसंग के माध्यम से संदेश दिया कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है।

रावण वध कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद, बक्सर की ओर से इस आयोजन का संपूर्ण खर्च वहन करने की घोषणा का समिति ने स्वागत किया। समिति के सचिव बैकुंठनाथ शर्मा और संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता ने इस पहल को नगर की सांस्कृतिक परंपरा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। समिति ने नगर परिषद की मुख्य पार्षद कमरून निशा और चेयरमैन प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरिदी के प्रति आभार जताया। पदाधिकारियों ने कहा कि रावण वध बक्सर की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। नगर परिषद का सहयोग मिलने से इस परंपरा को निरंतर बनाए रखने और आयोजन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष रमेश गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन सचिव बैकुंठनाथ शर्मा ने किया। कोषाध्यक्ष सुरेश संगम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जिला प्रशासन की निगरानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी कार्यक्रम पर नजर रखी गई।

मौके पर जिलाधिकारी साहिला, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीएसपी गौरव पांडेय, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋत्विक कुमार और उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।


समिति की ओर से अध्यक्ष रमेश गोयल, सचिव बैकुंठनाथ शर्मा, संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश संगम, लाइसेंसधारक कृष्ण कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष बबन सिंह और बासुकीनाथ सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा नेता अमीत पाण्डेय, रेडक्रॉस के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, डॉ. श्रवण कुमार तिवारी, उदय कुमार सर्राफ उर्फ जोखन, राजकुमार गुप्ता, राजेश चौरसिया, वृजमोहन सेठ, सुशील मानसिंहका, प्रियेश, ओमजी यादव, पंकज मानसिंहका, सुमित मानसिंहका समेत अनेक गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के समापन पर समिति के सचिव बैकुंठनाथ शर्मा ने जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रावण वध केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। अधर्म और अहंकार चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंत में विजय सत्य की ही होती है।

86 हाथी पांव मरीजों को मिला दिव्यांगता प्रमाण पत्र

बक्सर(आससे)। स्वास्थ्य विभाग ने फाइलेरिया से पीड़ित हाथीपांव के मरीजों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया है। जिले में अब तक ऐसे 86 मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं, जिससे वे विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिला वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि मरीजों की शारीरिक स्थिति और बीमारी की गंभीरता के आधार पर अपंगता का प्रतिशत तय किया जाता है। इसके लिए मरीजों को स्वावलंबन यूडीआईडी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इसके बाद मेडिकल बोर्ड के समक्ष जांच में 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता पाए जाने पर प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड निर्गत किया जाता है। इस प्रमाण पत्र की मदद से मरीज केंद्र और राज्य सरकार की दिव्यांग कल्याणकारी योजनाओं, जैसे कि विकलांगता पेंशन, रेलवे यात्रा में छूट और अन्य लाभों का आसानी से फायदा ले सकेंगे। जिला जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सह एसीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारी है।

मकान की सेंट्रिंग टूटने से सरपंच की मौत



बक्सर (आससे)। नया भोजपुर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में मंगलवार की शाम मकान निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। छज्जे की सेंट्रिंग टूटने से काजीपुर पंचायत के सरपंच सुरेंद्र प्रजापति की मौत हो गई। वहीं, हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर में अभयानंद प्रजापति के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। छज्जे की सेंट्रिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान सुरेंद्र प्रजापति रिश्तेदारी के कारण वहां पहुंचे थे। बताया जाता है कि वह मौके पर मौजूद मिस्त्रियों और मजदूरों को निर्माण कार्य के संबंध में सुझाव दे रहे थे।

इसी बीच अचानक छज्जे की सेंट्रिंग टूट गई। इससे सुरेंद्र प्रजापति समेत तीन लोग नीचे गिर पड़े। हादसे में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को डुमरांव के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचते ही सुरेंद्र प्रजापति ने दम तोड़ दिया। वहीं, दोनों घायल मजदूरों का इलाज जारी है। हादसे की खबर से इलाके में शोक का माहौल है।

पुण्यतिथि पर रोटी बैंक के माध्यम से जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

बक्सर(आससे)। नगर में सेवा और समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला है। स्थानीय किला मैदान के पास स्थित मलिन बस्तियों में स्व. राजकुमारी देवी (पत्नी स्व. रामेश्वर सिंह, मैनेजर पीएनबी) की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके सुपुत्रों—पार्षद प्रतिनिधि श्याम प्रकाश सिंह और वेद प्रकाश सिंह



द्वारा बीते सोमवार को रोटी बैंक बक्सर को भोजन का अंशदान दिया गया, जिसके माध्यम से सैकड़ों असहाय और गरीब लोगों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इस दौरान किला मैदान के समीपवर्ती क्षेत्रों में भोजन के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कालिंदी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। परिजनों ने कहा कि दीन-दुखियों की निस्वार्थ सेवा करना ही माता-पिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सिंह परिवार के इस सराहनीय और अनुकरणीय पहल की स्थानीय नागरिकों और रोटी बैंक की टीम ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है। इस सेवा कार्य से लाभान्वित लोगों ने पूरे परिवार के सुखी और समृद्ध जीवन की मंगल कामना की है।

बच्चों की प्रतिभा निखार रही भदार की दुर्गापूजा समिति

बक्सर (आससे)। जिले में एक ऐसी दुर्गापूजा समिति भी है, जो शारदीय नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की आराधना के साथ बच्चों की प्रतिभा निखारने का काम कर रही है। यह पहल एक-दो वर्षों की नहीं, बल्कि पिछले कई वर्षों से लगातार जारी है। हम बात कर रहे हैं भदार की नवयुवक दुर्गापूजा समिति की। समिति धार्मिक आयोजनोंके साथ शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों को भी समान महत्व देती है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी विजयादशमी के शुभ अवसर पर मेधा प्रतियोगी परीक्षा-2026 का आयोजन किया गया। स्थानीय पूजा पंडाल में आयोजित प्रतियोगिता में गांव के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। लिखित परीक्षा में नौ समूहों के 350 प्रतिभागी शामिल हुए। वहीं, पेंटिंग, संगीत, भाषण और निबंध व रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताओं में 153 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन गांव के निवासी एवं चंडीगढ़ के प्रसिद्ध व्यवसायी तथा संत श्री बाबा गणिनाथ उत्थान संस्थान गणेश प्रसाद गुप्ता और सरोज कुमार कंचन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान वक्ताओं ने समिति की पहल की सराहना की।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: JAN SURAAJ PARTY

Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026

Name of State/UT: BIHAR

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी,आर.पी. थाना केस सं.-23/2005	धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13,	धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20	धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	सी. जे. एम. सितामढ़ी, GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सितामढ़ी, केस सं. 77/17	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा, TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	Kumar Nidhi, न्या.द., सितामढ़ी, TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस।	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

विधान परिषद सदस्य ने किया डेटा सेफ्टी बैंक एवं इंदुबाला स्टूडियो का शुभ उद्घाटन

आरा (भोजपुर)। आरा के सपना सिनेमा रोड स्थित डॉ. लक्ष्मी चरण क्लिनिक के समीप इंदुबाला स्टूडियो (द एडिटर स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड की इकाई) एवं डेटा सेफ्टी बैंक का शुभ उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन श्री सोनू राय, विधान परिषद सदस्य, आरा-सह-बक्सर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सरोज सिंह, उपमहापौर प्रतिनिधि, आरा नगर निगम सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में वार्ड पार्षद सीता देवी, विजय भारती, सुनील सिंह, मनोज जी, रवि सिन्हा एवं रमेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर काजल, संजना, रितु, दीप्ति एवं रौशनी कुमारी भी उपस्थित रहीं।

इंदुबाला स्टूडियो के अंतर्गत वीडियो एडिटिंग, सिनेमैटिक वीडियो, फोटोग्राफी, फोटो एल्बम, पुराने फोटो का रेस्टोरेशन, ड्रोन शूटिंग तथा डिजिटल सेवाओं के साथ युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देने की पहल की गई है। डेटा सेफ्टी बैंक डिजिटल यादों की सुरक्षा की पहल इसी परिसर में संचालित डेटा सेफ्टी बैंक का उद्देश्य लोगों के महत्वपूर्ण डिजिटल डेटा को सुरक्षित रखने तथा डेटा रिकवरी संबंधी सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके अंतर्गत फोटो, वीडियो, दस्तावेज, मोबाइल डेटा एवं अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल फाइलों से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराने की पहल की गई है। संस्था का संदेश है अब रिकवरी को कहें बाय! लोगों को अपने जरूरी डेटा का बैकअप रखने और डिजिटल यादों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए सहयोग की पहल मेंबर लाइफ प्लान के माध्यम से स्टूडियो संचालकों, वीडियो मिक्सिंग लैब संचालकों, वीडियो एडिटर्स, फोटो एडिटर्स एवं सिनेमैटोग्राफरों को एक मंच से जोड़ने की पहल की गई है। उपलब्ध कराई गई योजना की जानकारी के अनुसार, आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में पात्र सदस्यों के लिए 1 लाख से ?5 लाख तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान बताया गया है। सहायता योजना की पात्रता, नियम एवं शर्तें लागू होंगी। इस पहल का उद्देश्य मीडिया एवं रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सहयोग और आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री आर. के. सिन्हा (डब्लू सिन्हा), निदेशक श्रीमती जया सिन्हा तथा सह-निदेशक श्री राकेश कुमार सिन्हा एवं श्री धनंजय कुमार ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थान का लक्ष्य आधुनिक डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने, युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान करने तथा संबंधित क्षेत्र के लोगों के लिए सहयोग के अवसर विकसित करना है।



23 केसों का आरोपी दानी यादव आरा जंक्शन से गिरफ्तार

बिहिया (भोजपुर)। भोजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के कुख्यात बदमाश दानी यादव को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसे आरा रेलवे स्टेशन परिसर से पकड़ा है. दानी यादव पर भोजपुर, बक्सर और जीआरपी समेत विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के कुल 23 मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक बिहिया थाने के दो कांडों में वह लंबे समय से फरार चल रहा था, जबकि अन्य मामलों में वह जमानत पर बाहर था। मंगलवार को जगदीशपुर के एसडीपीओ रवि कुमार ने प्रेस वार्ता कर इस गिरफ्तारी का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित को गुप्त सूचना मिली थी कि दानी यादव आरा की तरफ आया है और रेलवे स्टेशन के आसपास देखा गया है। सूचना के आधार पर एसपी ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। टीम में डीआईयू, बिहिया थानाध्यक्ष विपिन बिहारी, अपर थानाध्यक्ष रामकुमार और एसटीएफ के जवानों को शामिल किया गया. तकनीकी साक्ष्य और आपसी समन्वय से टीम ने जाल बिछाकर उसे स्टेशन से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के तियर-बिहिया पथ के अस्पताल रोड निवासी स्व. द्वारिका यादव के पुत्र दानी यादव के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि बिहिया थाना कांड संख्या 303/26 और 308/26 में वह फरार था। इसके अलावा उसके खिलाफ रंगदारी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस अब संगठित अपराध के एंगल से भी जांच कर साक्ष्य जुटा रही है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी आरा रेलवे स्टेशन पर किस मकसद से पहुंचा था और आगे उसकी क्या योजना थी. उससे पूछताछ की जा रही है। एसडीपीओ ने कहा कि यह गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे बिहिया समेत पूरे इलाके में अपराध पर लगाम लगेगी। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। गिरफ्तारी की खबर से स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की है।

चौरी थाना कांड के फरार आरोपितों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

सहार (भोजपुर)। भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार कांड संख्या 106/26 के फरार एवं वांछित आरोपितों के घर इश्तेहार चस्पा किया है। मामला दिनांक 14 अगस्त 2026 का है, जिसमें आर्म्स एक्ट के साथ अन्य कई धाराओं तहत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस द्वारा इश्तेहार चस्पा किए गए आरोपितों में राजेश्वर सिंह, पिता स्वर्गीय दुबालाल सिंह, तथा पिंटू सिंह उर्फ साधु, पिता राजेश्वर सिंह शामिल हैं। दोनों भीखमपुर टोला, थाना चौरी, जिला भोजपुर के निवासी बताए गए हैं।

बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत

आरा (भोजपुर)। जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर एवं अगिआंव गांव के बीच सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन ने दशहरा मेला घूम कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं बाइक पर पीछे बैठा मृतक का दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव वार्ड नंबर-6 निवासी मुंगा यादव का 20 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार है। वह गुजरात में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। जबकि जख्मी उसी गांव निवासी नसीमुद्दीन का 18 वर्षीय पुत्र इमरान आलम है। इधर, दूरभाष पर बात करने पर मृतक के परिजन ने बताया कि सोमवार की देर रात पर दोनों दशहरा मेला घूम कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। उसी शिवपुर एवं अगिआंव गांव के बीच अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां अनीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मी इमरान आलम को पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

28 ग्राम हेरोइन के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। जगदीशपुर थाना पुलिस ने हेरोइन के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 28 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। वह थाना क्षेत्र के बभनिआंव गांव निवासी विश्वनाथ यादव का पुत्र जयराम कुमार उर्फ जयराम यादव है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

किन्नरों ने विजयादशमी पर मां दुर्गे से मांगी क्षेत्र की सलामती

बिहिया (भोजपुर)। विजया दशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को बिहिया नगर में अनोखी और भव्य आस्था देखने को मिली। इस दौरान किन्नर बिस्ती के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन किन्नरों का जत्था नगर के प्रमुख पूजा पंडालों में पहुंचा, जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और नगर की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। दशमी के दिन मंगलवार को किन्नर बिस्ती के नेतृत्व में एक दर्जन किन्नर पारंपरिक उत्साह के साथ नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने बिहिया के मुख्य बाजारों और प्रतिष्ठित पूजा पंडालों का दौरा किया। यात्रा के क्रम में किन्नरों का यह समूह राजा बाजार, डाक-बंगला चौक, जज बाजार और भारत माता समेत विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचा। सभी जगहों पर उन्होंने माता के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली तथा भाईचारे के लिए प्रार्थना की। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के दौरान स्थानीय लोगों और पूजा समितियों में भी काफी उत्साह देखा गया।



महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शाहपुर (भोजपुर) आससे। बहोरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सारंगपुर गाँव मे एक शादीशुदा महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश मे आया है। घटना का कारण अभी पता नहीं चल सका है। मृतका ब्यूटी कुमारी (21 वर्ष) सारंगपुर के राहुल ठाकुर की पत्नी है। घटना की सूचना मिलते ही बहोरनपुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और शव को कब्जे मे लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु आरा सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि इस संबंध मे अभी कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। मृतका ब्यूटी कुमारी का मैके गढ़हनी के रामपुर गाँव मे है।

ब-ईजलास, सब जज-7
आरा, भोजपुर
मुकदमा नं.-59/2026 नम्बरी बंटवारा
रविकान्त सिंह वो.-वादीगण
बनाम
बिरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह वो.-प्रतिवादीगण

गजट प्रकाशन बनाम:-

1. बिरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह पिता स्व. झगरू सिंह उम्र करीब 70 वर्ष साकिन-बीरमपुर, थाना-गीधा, जिला-भोजपुर, 2. राजकेश्वरी देवी पति इन्द्रदेव सिंह उम्र करीब 72 वर्ष साकिन-बारा बसंतपुर, थाना-आरा मुफ्फसिल, जिला भोजपुर, 3. मीना देवी पति शिवजी सिंह उम्र करीब 28 वर्ष्ा दोनों साकिन-बीरमपुर, थाना-गीधा, जिला-भोजपुर, 5. उषा देवी पति रामाकान्त सिंह उम्र करीब 53 वर्ष साकिन-रतनपुर थाना-शाहपुर, जिला-भोजपुर, 6. संध्या देवी पति रामप्रसाद सिंह उम्र करीब 50 वर्ष साकिन-बामपाली, थाना-उदवन्तनगर, जिला-भोजपुर, 7. रीमा सिंह पति राकेश कुमार सिंह पुत्री बिरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह उम्र करीब 46 वर्ष साकिन-चमरपुर, थाना-शाहपुर, जिला- भोजपुर-प्रतिवादीगण

चूं इस गजट प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप लोगों के विरुद्ध न्यायालय से सम्मन वो डाक नोटिश निर्गत होने के बावजूद आप लोग मुकदमा में हाजिर नहीं हुए तो अंत में इस गजट प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को आगाह किया जाता है कि दिनांक 07/11/26 को 10.30 बजे दिन में न्यायालय में उपस्थित होकर मुकदमा में वकालतन या असालतन हाजिर होकर जो कुछ उजुर वो एतराज करना हो तो करें। अन्यथा आप लोगों के अनुपस्थिति में मुकदमा की कार्रवाई एकपक्षीय अमल में लायी जायेगी। सख्त ताकीद जानें।

सब जज-7
आरा, भोजपुर
9/482/26

व न्यायालय जिला न्यायाधीश-13
भोजपुर, आरा
प्रोबेट वाद संख्या-9 सन् 2025
संदीप साह-आवेदक
बनाम
ललन साह वो.-विपक्षीगण

1. ललन साह उम्र 58 वर्ष, 2-मदन साह उम्र 50 वर्ष दोनों पिता स्व. तिलकधारी साह, 3-मु. किरण कुंवर उम्र 55 वर्ष पति स्व. ददन साह, 4-राकेश साह उम्र 25 वर्ष पिता स्व. ददन साह ग्राम- जैतपुरा पोस्ट-ठकुरी थाना-चरपोखारी अंचल-चरपोखरी जिला भोजपुर वर्तमान पता-शान्तिपुर कंगलाटोगबी इम्फाल वेस्ट मणीपुर पिन-795136, 5-आम जनता ग्राम-जैतपुरा पोस्ट-ठकुरी थाना वो अंचल-चरपोखरी जिला भोजपुर-विपक्षगण

चूं इस मोकदमा के आवेदक यह मोकदमा आप लोगों के खिलाफ मेरे न्यायालय में दाखिल किया है, वो आप लोगों को मोकदमा में उपस्थित होने के लिए न्यायालय से सम्मन मोसाना वो रजिस्ट्री कभर भेजा गया लेकिन आप लोग आज तक उपस्थित नहीं हुए। अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप लोग स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में दिनांक-30 माह 10 सन् 2029 को समय साढ़े दस बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आप लोगों के अनुपस्थिति में मोकदमा की कार्रवाई एकपक्षीय रखी जायेगी। इसे सख्त तागीद जाने।

वाजे रहे कि आज दिनांक 16 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षी एवं मुहर से जारी किया गया।

जिला न्यायाधीश-13
मोकाम आरा, भोजपुर, बिहार

न्यायालय अवर न्यायाधीश, 1
जगदीशपुर, भोजपुर।
स्वत्व वाद संख्या-01/2025
कामराज सिंह-वादी
बनाम
रंग बहादुर सिंह वगै.-प्रतिवादीगण

गजट बनाम:-

1. रंग बहादुर सिंह, पिता-स्व. रामसुरत सिंह, 2. किशोरी सिंह, 3. दारा सिंह, 4. विनोद सिंह तीनों पिता-स्व. वीर बहादुर सिंह, 5. झगरू सिंह पिता-स्व. धनपत सिंह, 6. रमेश सिंह, पिता-स्व. परीखन सिंह, 7. ज्ञान सिंह, पिता-स्व. रघुनंदन सिंह, 8. मान सिंह, 9. गुड्डु सिंह, 10. संतोष सिंह, 11. भोला सिंह, 12. राजु कुमार सिंह, 13. विक्की सिंह सभी पिता- स्व. भरत सिंह, 14 अरविन्द कुमार सिंह, पिता-स्व. ललू सिंह, 15. योगेन्द्र सिंह पिता-स्व. गोरख सिंह, 16. श्रवण सिंह, 17. हरिनारायण सिंह पिता-स्व. जंग बहादुर सिंह ग्राम+पो.-भड़सरा थाना-बिहियां जिला भोजपुर, 18. नटराज सिंह, 19. सतराज सिंह, 20. राकेश सिंह, पिता-स्व. नकुल सिंह, ग्राम+पो.-भड़सरा, थाना-बिहियां, जिला भोजपुर, 21. उमेश मिश्र, पिता-स्व. यमुना मिश्र, 22. पप्पु मिश्र, पिता-स्व. जग नारायण सिंह, 23. श्री भगवान मिश्र, पिता-स्व. गंगा मिश्र, 24. विशेधर सिंह यादव, पिता-स्व. रामधनी यादव सभी ग्राम-बरहल टोला, पो.-दावॉ थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर

चूं वजरीये इस गजट प्रकाशन से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में सम्मन एवं रजिस्टर्ड सम्मन भेजे जाने के बावजूद आप लोग मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः आप लोगों को इस गजट प्रकाशन के माध्यम से अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि आप लोग मेरे न्यायालय में वकालतन खाह असलातन दिनांक 17/11/26 को समय 10.30 बजे उपस्थित होकर जो कुछ भी उजूर वो एतराज करना है करें अन्यथा उक्त वाद की सुनवाई की कार्रवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी। इसे सख्त ताकीद जानें।

आज दिनांक 15/8/26 को मेरे न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी किया गया।

अवर न्यायाधीश प्रथम
व्यवहार न्यायालय
जगदीशपुर, भोजपुर
9/482/26

Format C-1
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

Format C-2
(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: JAN SURAAJ PARTY

Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026

Name of State/UT: BIHAR

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

Format C-2
(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23/2005	धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13,	धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20	धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-2
(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	सी. जे. एम. सितामढ़ी, GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सितामढ़ी, केस सं. 77/17	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा, TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	Kumar Nidhi, न्या.द., सितामढ़ी, TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस।	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

नवरात्रि पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

गोरिल्ला रहा मुख्य आकर्षण केंद्र,सेल्फी की लगी होड़

वाल्मीकिनगर (पंच)। शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन कई पूजा पंडाल समिति द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो कि श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।



इसकी दौरान वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में नवरात्र के नौवें दिन टंकी बाजार दुर्गा पूजा समिति द्वारा बच्चों के उत्साह वर्धन और माता का दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के मनोरंजन के उद्देश्य से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और भक्तों की भीड़ के कारण परिसर में भरा पूरा रहा।

क्षेत्र के बच्चों ने गीत,गायन, नृत्य के माध्यम से अपने कला का शानदार प्रदर्शन किया।माता के भक्ति भजन पर श्रद्धालु झुमते रहे। पुजा समिति के सदस्य भारी भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे। इस बाबत डॉ राजू प्रसाद और पुजा समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों के मनोबल में वृद्धि होती है। उनके अंदर छुपी प्रतिभा बाहर निकलती है और उनका मनोबल बढ़ती है।

माता के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

टंकी बाजार और गोल चौक,लवकुश घाट,भेड़िहारी, हरहिया कोट माई स्थान पर पुजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा इतनी जीवंत दिखी कि भक्त मंत्र मुग्ध हो गये।

पूजा समिति के सदस्यों द्वारा दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित किया जाता रहा।

गोरिल्ला रहा आकर्षण का केंद्र,सेल्फी की लगी होड़

टंकी बाजार पूजा समिति के द्वारा पुजा पंडाल में नकली विशाल गोरिल्ला उपलब्ध कराई गई थी। जिसे देखने और उसके साथ सेल्फी लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ आतुर रही।

थाना क्षेत्र में स्थापित सभी पुजा पंडाल में भक्त दर्शन करने पहुंचे। सभी पुजा पंडाल और मुख्य मार्ग तथा चौक चौराहे पर वाल्मीकिनगर पुलिस द्वारा पुलिस बल के साथ महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती थानाध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा सुनिश्चित की गई थी। ताकि विधि व्यवस्था का निर्धारण बेहतर ढंग से संपादित किया जा सके। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में नवमी और विजयादशमी पर शांति पूर्ण माहौल में पुजा सम्पन्न हुई।

नम आखों से की गई मां दुर्गा की विदाई

सभी चौक-चौराहा पर पुलिस प्रशासन की रही पोख्ता इंतजाम

वाल्मीकिनगर (पंच)। वाल्मीकिनगर क्षेत्र में नवरात्र का पर्व शान्ति पुर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। बुधवार की दोपहर वाल्मीकिनगर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित शक्ति स्वरूपा मां भवानी की प्रतिमा का विसर्जन धूम-धाम एवं गांजे-बाजे के साथ तथा नम आंखों से की गई, मां शेरावाली की विदाई।

इसी क्रम में मंगल कामनाओं के साथ श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित ऐतिहासिक गंडक बराज के गंडक नदी समेत



अन्य कई घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया। टंकी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पुजा समिति गोल चौक,लव कुश घाट,चरघरिया,कोतरहा, लक्ष्मीपुर-रमपुरवा, भेंडिहारी बंगाली कॉलोनी आदि दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा निकाली गई झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।पूजा समितियों के द्वारा विदाई के दौरान कई तरह के भक्ति गीत बजाए जा रहे थे। जिससे माहौल भावुक बना रहा। दुर्गा माता की प्रतिमा विसर्जन को लेकर वाल्मीकि नगर पुलिस प्रशासन के द्वारा सभी नदी एवं घाटों पर चाक-चौकसी का पुख्ता इंतजाम की व्यवस्था रही। तथा दण्डाधिकारी समेत वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में थाना के अधिकारियों में सरीता कुमारी, राजेश कुमार, मुन्ना सिंह, अनिल कुमार सिंह,अनिल पासवान,नेहा कुमारी, विकास कुमार,ज्योति पुंज सहित अन्य अधिकारी सहित पुलिस बल क्षेत्र के अलग-अलग विसर्जन स्थलों पर तैनात रही।

विजय दशमी के अवसर पर टीका कार्यक्रम का आयोजन

वाल्मीकिनगर (पंच)। पड़ोसी देश नेपाल के सीमावर्ती त्रिवेणी स्थित प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय (ओम शांति आश्रम) में बुधवार को दशहरा के अवसर पर टीका कार्यक्रम का आयोजन आश्रम की संचालिका जानकी बहन के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर जानकी बहन ने परम पूज्य ब्रह्म बाबा के उपदेशों का ज्ञान दिया गया। मनुष्य में ईश्वरीय गुण के संचार करने के उद्येश्य से स्थापित ओम शांति आश्रम में घर परिवार में रहते हुए भी लोग ईश्वर से कैसे जुड़ सकते है इसका ज्ञान दिया गया।

इस अवसर पर ब्रहमा कुमार गोपाल ढकाल भाई जी ने बताया कि दशहरा के अवसर पर आश्रम में रहनेवाले सभी ब्रह्म कुमार तथा ब्रह्म कुमारियों के द्वारा आए हुए गणमान्य लोगों को टीका लगा कर ईश्वरीय गुण धारण करने से संबंधित पुस्तक देते हुए इसका अध्ययन करने का आग्रह किया गया।

इस अक्सर पर रघु क्षेत्री, अचल जोशी, विश्व मर्दन शाह, सफला नेपाल, रणता काफिले आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यपालक पदाधिकारी को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया

नगर में साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था के लिए की सराहना

बगहा (नगर संवाददाता)। विजयादशमी की संध्या वार्ड 25 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह पूजा समिति के सदस्य राहुल सिंह ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर में दुर्गापूजा के अवसर पर साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की गई। पूजा समिति के सदस्य राहुल सिंह ने कहा



कि कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर पूरे नगर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई थी। मां के दरबार तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त कराया गया था। इससे श्रद्धालुओं को पूजा मंडप तक आने-जाने में परेशानी नहीं हुई। साफ-सफाई और व्यवस्थित प्रबंधन के कारण नगर की सुंदरता भी बढ़ी। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने वार्ड 25 में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह पूजा समिति के सदस्य राहुल सिंह ने अपने वार्ड को आदर्श बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उनका प्रयास रहा कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ वार्ड के नागरिकों को भी किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बेहतर व्यवस्था के लिए राहुल सिंह को बधाई दी।

गोडिया पट्टी पूजा समिति ने अधिकारियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

बगहा (नगर संवाददाता)। विजयादशमी के अवसर पर गोडिया पट्टी पूजा समिति की ओर से संध्या समय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद रानू सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राहुल सिंह ने एसडीएम चांदनी कुमारी, एसडीपीओ निहार भूषण तथा बगहा थाना प्रभारी शैलेश कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एसडीएम चांदनी कुमारी ने गोडिया पट्टी पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह सहित समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूजा समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही सुंदर और व्यवस्थित ढंग से किया गया।



इसके लिए समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। समिति की ओर से अधिकारियों को सम्मानित किए जाने के दौरान आपसी सौहार्द और सम्मान का भाव देखने को मिला।

विजयादशमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूजा समिति की सक्रियता और बेहतर व्यवस्था की सराहना की गई।

धनहा में 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म

25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल, पीड़ित युवती को पुलिस ने मेडिकल जांच के लिए भेजा

बगहा (आससे)। धनहा थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के ही 25 वर्षीय आरोपी मधुसूदन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने पीड़ित के मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर बुधवार को आरोपी को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम आरोपी ने नाबालिग युवती को दवा देने के बहाने अपने पास बुलाया। आरोप है कि इसके बाद वह युवती को गांव से बाहर गन्ने के खेत में ले गया। जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद दर्द से परेशान युवती किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के परिजन धनहा थाना पहुंचे और पुलिस को मामले से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पीड़िता की मां द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।इस संबंध में धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। वही पीड़ित युवती के मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। वही पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।

जदयू नगर अध्यक्ष के आवास पर एनडीए समर्पित जदयू उम्मीदवार के समर्थन में बैठक

बगहा (आससे)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जनता दल (यू) के अधिकृत उम्मीदवार इंजीनियर आनंद पुष्कर के समर्थन में बगहा में गुरुजनों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।यह बैठक जनता दल (यू) के नगर अध्यक्ष जुगनू आलम के आवास पर संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जुगनू आलम ने की। जबकि संचालन नवलकिशोर पांडेय द्वारा किया गया।?बैठक में मुख्य रूप से जनता दल (यू) के राष्ट्रीय महासचिव सह विधान परिषद सदस्य माननीय अफाक खान, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, और पश्चिमी चंपारण की वक्फ बोर्ड चेयरमैन श्रीमती नेहा निसार सैफी ने शिरकत की। वक्ताओं ने शिक्षकों की समस्याओं और निर्वाचन क्षेत्र के विकास पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षक वर्ग और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एनडीए समर्थित उम्मीदवार इंजीनियर आनंद पुष्कर के पक्ष में एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में अविनाश कुमार पांडेय, सुनील राउत, अभिषेक चौहान, मुफ्ती गयासुद्दीन, धीरज कुमार, नुरुहोदा अंसारी, प्रेम नारायण मिश्रा, रवि कुमार गुप्ता, विनोद कुमार पांडे, उपेंद्र कुमार, जनाब इम्तियाज अहमद साहब जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जदयू बगहा और रंजन यादव (प्रखंड अध्यक्ष, बगहा-2) ने अपने विचार रखे।?कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष जुगनू आलम ने आए हुए सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

बगहा में संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी पर हुआ भव्य पथ संचलन का आयोजन

बगहा (आससे)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस एवं विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में बगहा नगर में आयोजित भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ के स्वयंसेवको द्वारा इस पथ संचलन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, एकता एवं सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी संदेश देखने को मिला। यह आयोजन राष्ट्रसेवा और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण की भावना को अग्रसर करने को संदेश देता हैं।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: JAN SURAAJ PARTY

Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026

Name of State/UT: BIHAR

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23/2005	धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13,	धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20	धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	सी. जे. एम. सितामढ़ी, GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सितामढ़ी, केस सं. 77/17	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा, TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	Kumar Nidhi, न्या.द., सितामढ़ी, TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस।	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

नशे के लिए पैसे नहीं मिली तो पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदे से लटककर दे दी जान

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के पकड़ी इस्माइल इलाके में मंगलवार की रात पत्नी से विवाद के बाद मुन्ना महतो (26) ने घर के पीछे बगीचे में पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। बुधवार को घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटनास्थल की जांच एफएसएल की टीम से कराई गई। जानकारी के अनुसार, मुन्ना नशे का आदी था। मंगलवार को ही वह लिवर का इलाज कराकर अस्पताल से घर लौटा था। घर आने के बाद उसने पत्नी से नशा करने के लिए पैसे मांगे। पत्नी ने पैसे देने से मना कर दिया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद मुन्ना घर से निकलकर पीछे बगीचे में चला गया। वहां गमछे का फंदा बनाकर पेड़ से लटक गया। इससे उसकी मौत हो गई। मुन्ना के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। सदर थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। स्वजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों के स्पष्ट होगा।

विभिन्न पूजा-पंडालों में विधायक ने किया दर्शन

साहेबगंज (आससे)। साहेबगंज विधायक डा. राजू कुमार सिंह ने क्षेत्र के अधिकांश पूजा पंडालों में उपस्थित होकर माता भगवती के दर्शन किए और पूजा की ।वही सोमवार को नवमी के दिन साहेबगंज बाजार के सभी पूजा पंडालों में घूम घूमकर माता दुर्गा के दर्शन किये। इस दरम्यान दूर देहातों से धूमने आए युवा युवक -युवतियों ने साहेबगंज बाजार में सड़क पर मेला घुमने के क्रम में विधायक डा. राजू सिंह को रोक रोक कर विधायक के साथ सेल्फी ली ।जो बाजार में चर्चा का विषय रहा। वही मंगलवार की देर शाम मनाइन में रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल विधायक डा राजू कुमार सिंह ने धनुष के माध्यम से अग्निवाण से रावण का वध किया ।जिसे देखने हजारों की भीड़ इकट्ठी थी। विजयादशमी के दिन बड़ा दाऊद अपने आवास पर विधायक राजू सिंह ने नीलकंठ पक्षी को आजाद कर खुले आकाश में विचरण करने के लिए उड़ाया। उधर राजद के वरीय नेता पृथ्वी नाथ राय सहित अन्य नेताओं ने भी पूजा पंडालों में माता के दर्शन किया।

भक्तिमय माहौल में तीन दिवसीय मनाया देवी महोत्सव संपन्न

साहेबगंज (आससे)। पर्यटन विभाग द्वारा साहेबगंज में आयोजित तीन दिवसीय मां मनसा देवी महोत्सव में तीसरे दिन 19 अक्टूबर की शाम में साल 2018 के इंडियन आइडल सीजन 10 के विजेता सिंगर सलमान अली के गाए गानों की सफल प्रस्तुति ने घूम मचा दिया। कार्यक्रम में जमुई बिहार के भोजपुरी गायक चांद ने % ये धनी हो अचरे से बंधल दिल बा, बंधले रहे द, गाना की प्रस्तुति कर श्रोताओं को झूमने को मजबूर किया। इसके बाद सिंगर सलमान अली ने मंच पर आते ही एक से बढ़कर गानों की सफल गायिकी से श्रोताओं को झूमने को मजबूर कर दिया। उन्होंने 'साँसों की माला पे सिमरु मैं सीताराम, मेरे रश्के कमर, बेचारा ये दिल मेरा सहित दर्जनों गीतों को गाया। सिंगर सलमान अली ने बड़े लाइट की रौशनी ऑफ करवाकर दर्शकों से मोबाइल की लाइट जलवाकर खुले आकाश में तारों का अहसास करवाते हुए' सुनो गौर से दुनिया वालों, बुरी नजर न हम पे डालो, चाहे जितना जोर लगा लो, सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी, गाने के बोल पर श्रोताओं को खूब झूमने और गाने को मजबूर कर दिया। समारोह के अंतिम दिन सिंगर सलमान अली और भोजपुरी गायक चांद ने साहेबगंज विधायक डा राजू कुमार सिंह के प्रति आभार जताया कि मंच उपलब्ध कराया। वहीं विधायक डा. राजू कुमार सिंह ने कहा कि पिछले साल पर्यटन मंत्री रहते बिहार में 32 जगहों पर महोत्सव का आयोजन कराया था । और अन्य 6 अन्य जगहों पर समारोह की स्वीकृति दी थी । इस साल विभाग द्वारा सभी जगह समारोह आयोजित हो रहे है ।उन्होंने साहेबगंज वासियों से वादा किया कि अगले साल से समारोह में बड़े गायकों को भी साहेबगंज के मंच पर लायेंगे। इस मौके पर एसडीपीओ सैरया अभिजीत कौर, प्रमुख पूजा सिंह,प्रमुख पति विकेश सिंह , सी ओ विश्वजीत कुमार निराला, रामनरेश मालाकार ,महेश्वरी सिंह, सुमन ठाकुर, मुरारी मिश्रा, विनोद सिंह, पार्षद अनिल कश्यप, रमेश सिंह, श्रवण अग्रवाल, सोनू सिंह, विवेक कुमार, चंदन सिंह, विशाल कुमार, कन्हैया चौधरी, ललित कुमार, निरंजन कुमार साह, विजय कुमार पूर्व उपाध्यक्ष,दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य शामिल थे।

शारदीय नवरात्री का त्योहार संपन्न होते ही मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन शुरू

मुजफ्फरपुर। दस दिवसीय शारदीय नवरात्रि त्योहार के समापन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन का दौर जारी है। जिला प्रशासन की ओर से प्रतिमा विसर्जन के लिए लकड़ी ढाई चंदवारा आरडीएस कॉलेज परिसर आदि जगहों पर कृत्रिम रूप से जलाशय का निर्माण कराया गया है इन्हीं जगहों पर प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है ताकि शहर में प्रतिमा विसर्जन को लेकर जाम की समस्या से निजात मिल सके। इससे पूर्व आठवीं और नवमी को दशहरा मेला पूरी तरह से परिवहन पर दिखा मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन और मेला का आनंद लेने के लिए सड़क पर लोगों का सैलाब उमड़ आया था। हालांकि इन्हें नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से बड़े पैमाने पर पुलिस बल और दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी । साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों को वन में किया गया था और वैकल्पिक रास्ते से वाहनों को निकालने के कारण लोगों को भीड़ से निजात मिल गई। जिलाधिकारी और एसपी खुद सड़क पर उतरे और विधि व्यवस्था का अवलोकन किया । विजयदशमी को हरि सभा स्थित बंगाली समुदाय द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का

विधिवत विसर्जन किया गया मौके पर बंगाली समुदाय की महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पारंपरिक रूप से मां दुर्गा को विदा किया। वैसे मंगलवार की रात से ही प्रतिमा विसर्जन का कार्य प्रारंभ हो गया था। इस बार खास तौर पर पांडे गली कल्याणी चौक अघोरिया बाजार छाता बाजार अखाड़ा घाट, पुरानी बाजार सिकंदरपुर चौक महामाया स्थान एसकेएमसीएच में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शारदीय नवरात्रि के समापन के बाद माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर जगहो पर बुधवार को संपन्न हुआ। प्रखंड के औराई बाजार की प्रतिमा लखनदेई नदी में विसर्जन किया गया इसी तरह बैगना, बसुआ, सघरी, रामपुर, सभूता, रतवारा,बेदौल समेत अधिकतर स्थानों पर विसर्जन का कार्य लखनदाई नदी, बागमती नदी एवं सरोवर में शांतिपूर्ण उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन कार्य शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए सभी स्थानों पर ग्रामीण पुलिस के साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे। थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि कुल 35 स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन था ।जिसमें 34 प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हो गया। एक जगह गुरुवार को अहले सुबह विसर्जन संपन्न होगा।

विजयदशमी के अवसर पर रावण और मेघनाथ का हुआ पुतला दहन

मोतीपुर(आससे)। मोतीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन विजयादशमी दशहरा का त्योहार हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के पनसलवा चौक के समीप विजयादशमी को मंगलवार की संध्या युवा पूजा समिति के द्वारा 80 फिट ऊंचा रावण व 75 फिट ऊंचा मेघनाथ का पुतला दहन के साथ संपन्न हो गया। पूजा समिति के अध्यक्ष सह नगर परिषद के वार्ड पार्षद मुंन्ना प्रसाद सहनी ने बताया कि उक्त स्थल पर विगत तकरीबन तीन दशकों से रावण और मेघनाथ का पुतला दहन किया जाता है। इसी दिन असत्य पर सत्य,बुराई पर अच्छाई, पराजय पर जय की जीत हुई थी। इससे पूर्व वीआईपी



नेता ई राकेश कुमार ने रावण का एवं नगर परिषद सभापति कुमार राघवेंद्र राघव ने मेघनाथ का पुतला दहन किया। इस दौरान पुतला दहन स्थल पर हजारों की संख्या में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुतला दहन से पूर्व एक बंदर के आने से मौके पर भीड़ में भगदड़ मच गई। हालांकि मौके पर तैनात दंडाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उमेश कुमार एवं थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बलों ने शांति व्यवस्था कायम रखा। मौके पर लालदेव प्रसाद कुशवाहा,स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार राय,रामलाल सहनी,राकेश कुमार चौरसिया,विनोद साह,संजय कुशवाहा,पवन सहनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर प्रखंड क्षेत्र के महवल,बगही,परसौनीनाथ गांव में पूजा समिति द्वारा रावण व मेघनाथ का पुतला दहन किया गया।

सड़क दुर्घटना में दो की मौत तीसरे की हालत गंभीर

मुजफ्फरपुर। दुर्गापूजा का मेला घूमने निकले तीन किशोर सड़क हादसे के शिकार हो गये। नगर थाना क्षेत्र के कंपनीबाग में डीएम आवास के समीप एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान माड़ीपुर निवासी अनिकेत कुमार (15) और विकास कुमार (17) के रूप में हुई है। वहीं, घायल तीसरे किशोर की पहचान देव कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों किशोर दुर्गापूजा का मेला घूमने निकले थे। इसी दौरान कंपनीबाग में डीएम आवास के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस पहुंची और तीनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अनिकेत कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, विकास और देव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। मेडिकल में इलाज के दौरान विकास कुमार की भी मौत हो गई। वहीं, देव कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में दो किशोरों की मौत से स्वजन में कोहराम मचा है।

दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने इंडियन बैंक के सीएसपी संचालक से लूटा 95 हजार

सरैया (आससे)। करजा थाना क्षेत्र स्थित पकड़ी चौक पर अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, चार की संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने इंडियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालक विजय कुमार से 95 हजार रुपये नगद लूट लिए। ?घटना के दौरान जब संचालक ने बदमाशों का विरोध किया, तो अपराधियों ने उन पर पिस्टल के कुंदे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश आसानी से फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही करजा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है. एसडीपीओ सैरया अभिजीत कौर ने बताया कि बारीकी से छानबीन की जा रही है।

प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले युवकों की समूह को पिकअप ने रौंदा, तीन घायल

सरैया (आससे)। विजयदशमी की अहले सुबह गंडक नदी के रेवा घाट पुल पर अफरातफरी मच गया,जब सहदानी से मूर्ति विसर्जन के लिय गए श्रद्धालुओं को एक हाई स्पीड पिकअप रौंदते हुए आगे निकल गई इसमें एक युवक पिक अप में फंस कर करीब एक किमी दूर मकेर थाना क्षेत्र में जाकर गंभीर रूप से जख्मी होके गाड़ी से बाहर गिर कर बेहोश हो गया ,जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से जख्मी हो गया,एवं चार से छह लोगों को चोट लगी है इस घटना के बाद मौके पर आफरा मच गया,श्रद्धालु ने पहल लेकर मकेर में गिरे युवक को घायल अवस्था में लाया,एवं तीनों घायल को मौके पर तैनात सरैया गस्ती वाहन लेकर सीएचसी सरैया पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में तीनों घायल को मेडिकल रेफर कर दिया गया है।

युवक की हत्या के बाद मचे बवाल को लेकर डीएम-एसएसपी पहुंचे करजा

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कातेश मिश्रा ने करजा थानान्तर्गत प्रतापपुर गांव में आपसी विवाद में हुई घटना को लेकर घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारीद्वय ने दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातें सुनीं। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में मुजफ्फरपुर पुलिस सभी पहलुओं की तीव्र गति से जांच कर रही है। क़ानून हाथ में लेने वालों एवं असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपित व्यक्तियों के विरूद्ध विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि स्थिति पर लगातार नज़र रखें। लोगों से नियमित रूप से संवाद स्थापित करें। दोनों पक्षों से भी अपील है कि वे किसी भी प्रकार के अपुष्ट तथ्यों पर ध्यान न दें और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

मामूली विवाद में हत्या बेहद दुःखद, दोषियों पर होगी कानूनी कारवाई : अजीत

प्रतापपुर पहुंचे कांटी विधायक ने बांटी राहत राशि, आगजनी से प्रभावित परिवारों को मिला 58,050 रुपये का चेक

मुजफ्फरपुर। कांटी विधायक इं. अजीत कुमार बुधवार को घटना के चौथे दिन प्रतापपुर पहुंचे। यहां उन्होंने आगजनी से प्रभावित परिवारों को कल्याण विभाग की ओर से प्रति परिवार 58,050 रुपये का चेक वितरित किया। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों से संवाद कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आपसी संयम और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। विधायक ने मामूली विवाद में 20 वर्षीय युवक की हत्या की घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मोहम्मदपुर खाजे गांव का युवक बाहर में रहकर फूल-माला का काम करता था और घर आया हुआ था। किसी ने नहीं सोचा था कि मामूली विवाद उसकी जान ले लेगा। उन्होंने लोगों से इस घटना से सबक लेने और आपसी विवाद को हिंसा का रूप नहीं देने की अपील की। विधायक ने बताया कि उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया था। घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को भी दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करेगा। उन्होंने कहा कि घटना में कुछ लोगों की संलिप्तता के कारण पूरे समाज को दंडित करना उचित नहीं है। पीड़ित परिवारों को न्याय और प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और जिनका नाम सहायता सूची में छूट गया है, उन्हें भी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, सीओ पुष्कल कुमार, करजा थानाध्यक्ष रामएकबाल प्रसाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, मनोज कुमार सिंह, मो. जाबिर हुसैन, मो. फूल बाबू और प्रेम कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23/2005	धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13,	धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20	धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

Format C-2

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: JAN SURAAJ PARTY

Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026

Name of State/UT: BIHAR

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

कच्ची-पक्की में गांजा और स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के चकभिखखी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर गांजा और स्मैक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गणेश राय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से गांजा की 37 पुड़िया, स्मैक की 22 पुड़िया और 120 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को कच्ची-पक्की ओपी पुलिस को चकभिखखी गांव स्थित एक घर में अवैध शराब की बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने संबंधित घर में छापेमारी की। इस दौरान गांजा और स्मैक बरामद होने पर गणेश राय को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में कच्ची-पक्की ओपी (सदर थाना) में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान परिषद्
Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	सी. जे. एम. सितामढ़ी, GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सितामढ़ी, केस सं. 77/17	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा, TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा शिक्षक	कुमर राउत	Kumar Nidhi, न्या.द., सितामढ़ी, TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस।	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

विजयादशमी पर डांडिया रास दे रहा खुशी का संदेश : सर्वजीत

बोधगया (आससे)। बिरला धर्मशालामें आयोजित डांडिया रास नवरात्रकी आराधनाके बाद खुशियोंका संदेश दे रही है। बोधगयाकी पावन भूमि ने विश्व को शांति, मैत्री, सद्भावना और प्रेम का संदेश दिया है। इस भूमि ने हमें मानवता का



मंत्र दिया है। इसमें जाति धर्म का कोई स्थान नहीं है, न जाने हमारे देश में क्या हो गया है कि सोने की चिड़िया कहलाने वाले देश में कुछ दिनों से जाति धर्म की बात पर नफ़रत फैलाने का कार्य चल रहा है। उक्त बातें पूर्व कृषि मंत्री सह बोधगया विधायक ई कुमार सर्वजीतने बिड़ला धर्मशाला में आयोजित डांडिया रास के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने हर्षा इंटरटेनमेंट के बैनर तले डांडिया रास आयोजित करनेवाली समाजसेवी हर्षा सिंहाको ऐसे आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि कितना सुंदर लग रहा है कि हमारी माता, बहने और बेटियाँ डांडिया रासमें खुशी से झूमेगी। यह संदेश देश ही नहीं विदेशों तक पहुंच रही है। डांडिया रासमें बेस्ट परफार्मेंस करने वाले कपल्स, युवती, नन्हे मुन्ने बच्चों को पुरस्कृत किया गया। देर रात तक संगीतके धुन पर स्थानीय लोगों के साथ इस मौके पर विधायक कुमार सर्वजीत की धर्मपत्नी सीमा कुमारी, गया रोटरी रीजेंस. के नवल किशोर शर्मा, सीडीपीओ सुष्मिता कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि डा कमलेश कुमार यादव, भिक्षु अशोक, रुद्राक्षा के राजेश कुमार, नप स्टैंडिंग कमेटी की सदस्य संजू देवी, जन औषधि केंद्र की नीति सिंहा एवं बिनोद सिंहा, नित्यानन्द सिंहा, पूर्व पार्षद विक्की कुमार, मंगला इंटरप्राइजेज के विजय नयन, आनंद बिक्रम, पूना शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रमकी विशेषता रही विदेशी मेहमान ने भी जमकर डांडिया नृत्य में शामिल होकर परिवार के साथ आनंद उठाया.

डांडिया नाइट में झूमा बोधगया, प्रेम और भाईचारे का दिया संदेश

बोधगया (आससे)। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को बोधगया के एक होटलमें इनरव्हील क्लब आफ चंद्रवंशी तथा इनरव्हील क्लब आफ बोधगया की अध्यक्ष प्रेमशीला ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ





बोधगया की ओर से डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इसमें बोधगया के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया और डांडिया की धुनपर जमकर थिरके। कार्यक्रमकी शुरुआत मां भगवती की आराधना और आरती से हुई। इसके बाद बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत, रोटरी क्लब आफ बोधगया के अध्यक्ष विक्की कुमार किया। मां दुर्गाके जयकारोंके बीच विधायक कुमार सर्वजीत व उनकी पत्नी सीमा कुमारी ने भी डांडिया खेलकर उत्सव का आनंद लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कुमार सर्वजीत ने कहा कि डांडिया मिलन समारोह केवल मनो. रंजनका माध्यम नहीं है, बल्कि समा. जके लोगों और परिवारोंको एक-दूसरेके करीब लानेका बेहतर अवसर भी है। आपसी प्रेम, भाईचारा और रिश्तोंमें मधुरता ही सुखमय जीवनका आधार है। उन्होंने मां दुर्गा को नमन करते हुए सभी को दशहरा की शुभकामनाएं दीं और बोधगया सहित पूरे बिहार के लोगों की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहालीकी कामना की।

उन्होंने आयोजकों की पहलकी सराहना करते हुए कहा कि समाज को जोड़ने वाले ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। डांडिया नाइट के साथ होली मिलन जैसे आयोजन भी किए जाने चाहिए, ताकि सालभर लोगों के बीच संपर्क बना रहे और परिवार एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कर सकें। उन्होंने अपने पारिवा. रिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि लोगों से मिलना-जुलना, आपसी विश्वास कायम करना और एक-दूसरेका सम्मान करना सामाजिक जीवन की असली पूंजी है। अंत में विधायकने आयोजन के लिए इनरव्हील क्लब के सदस्यों को बधाई दी और आपसी सहयोग, प्रेम तथा भाईचारेके जरिए समाज को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर इनीरव्हील की सदस्य, सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे।

सीखना व्यक्तिगत और सामा. जिक प्रगतिकी कुंजी : कुलपति

टिकारी (आससे)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, पटना के सहयोग से बीएड कार्यशाला-५ के उद्घाटन समारोहके साथ बीएड प्रशिक्षुओंके नए बैच का स्वागत किया गया। द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह उपस्थित रहे और उन्हें शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मितांजलि साहू ने सम्मान-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। प्रो रवि कांत, भूतपूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा विभागने ओरिएंटेशन कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया और प्रशिक्षुओं को इस कार्यशाला का उपयोग अपने विकास और शिक्षण कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच के रूप में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने मुख्य संबोधनमें, प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रभावशाली विचार साझा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सीखना व्यक्तिगत और सामाजिक प्रगति की कुंजी है, यह विचार उनके 'ज्ञान शक्ति और 'सरस्वती धाम' के संदेश में निहित है। प्रो. सिंहने शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा करते हुए कहा कि सीखना केवल ज्ञान प्राप्त करनेका साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत सशक्तिकरण, सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्रीय विकासका एक शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने एक ऐसी शैक्षिक प्रणाली की परिकल्पना की, जो सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण, समावेशिता और जीवन भर सीखते रहने की प्रक्रिया को बढ़ावा दे। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यशाला में एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने अपना परिचय दिया और अपने संस्थानोंके बारे में बताया। कार्यशाला के अंत में डा. नृपेन्द्र वीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

'20 साल बेमिसाल' प्रदर्शनी को मिला व्यापक जनसमर्थन, चार दिनों तक उमड़ी लोगों की भीड़

गयाजी। दशहराके अवसरपर गया स्थित केदारनाथ मार्केट में बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के नीतीश कुमारके नेतृत्व में वर्ष 2005 से 2025 के बीच बिहार में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी



कार्यकाल (2005-2025) के दौरान हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित चार दिवसीय '20 साल बेमिसाल' प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक चंदन कुमार सिंह ने प्रदर्शनी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि चार दिनों तक यह प्रदर्शनी लोगोंके आकर्षणका प्रमुख केंद्र बनी रही। इसे देखनेके लिए लाखों की संख्या में लोग पहुँचे। बिहारमें पिछले दो दशकोंके दौरान हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी पहलोंको जानने के प्रति लोगों में विशेष रुचि देखने को मिली। खासकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह रहा और उनकी बड़ी भागीदारी ने आयोजन की सफलता को और विशेष बनाया। उन्होंने कहा कि आमजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता इस प्रदर्शनी की सफलता का प्रमुख आधार रही।

श्री सिंह ने कहा कि '20 साल बेमिसाल' प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाना था। इस उद्देश्य से बिहार की विकास यात्रा को चित्रों, विभिन्न कलाकृतियों, गीतों एवं पम्फलेट के माध्यम से आकर्षक और सहज रूप में प्रस्तुत किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इन कार्यों एवं उपलब्धियों से परिचित हो सकें।

समापन समारोह में चार दिन तह सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह एवं जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव अवध बिहारी पटेल,नागरिक परिषद सदस्य ज्योति दांगी,कुंडल वर्मा, प्रभात राउत, अजीत शर्मा, धनंजय शर्मा, सियाराम पांडे, अरुण राव, मितंबरा लोहड़े, शोभा देवी, अमर नाथ राय, गौतम पटेल, राकेश पांडे, जितेंद्र दास, सतेंद्र गौतम मांझी, कैलाश पासवान, प्रकाश पटवा ,दीपक नटराजन, जितेंद्र कुशवाहा, पूनम कुशवाहा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दो सगे भाइयों के साथ हुई गोली कांड में दो गिरफ्तार

मानपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धार्थपुरी कालोनी में हुई दरोगा के दोनों बेटे की गोली कांड में दो लोगोंको पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगोंमें गौरव कुमार पिता दिलीप सिंह तथा नागेंद्र सिंह ऊर्फ नरेंद्र सिंह को पुलिसने सिद्धार्थपुरी कलोनी से गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ करने के उपरांत न्यायिक हिरासतमें भेज दिया।

पीड़ित परिवार से मिले अतरी विधायक रोमित कुमारने संताबना दिया और इंसाफ दिलानेका भरोसा दिलाया। रोमित कुमारने कहा कि समाजमें दहशत फैलाने वाले ऐसे आज सामाजिक तत्वोंको एनकाउंटर कर देना चाहिए। पीड़ित परिजन एवं मोहल्लेके जनताने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि नौरंगा पोखर में घटना को अंजाम दिया गया है जहां पर आए दिन असामाजिक तत्वों जमावड़ा रहता है ऐसा नहीं है कि इस बातकी जानकारी स्थानीय थाना को नहीं है। और ऐसे पर्व में प्रशासन के द्वारा संवेदनशील जगहों पर निगरानी नहीं रखना प्रशासन की लापरवाही नहीं तो और क्या है। आक्रोश व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि घटनामें शामिल मुख्य अपराधियों पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है।

बिहार-कर्नाटक प्रभारीके माताके निधन पर भाजपा नेता ने किया शोक प्रकट

गयाजी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार-कर्नाटक के प्रभारी हरीश त्रिवेदी की पूजनीय माताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस दुःख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के



क्षेत्रीय प्रभारी डा. मनीष पंकज मिश्राने हरीश त्रिवेदी जी से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर डा. मनीष पंकज मिश्रा ने दिवंगत माताजीके चित्र पर पुष्प अर्पितकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांतिके लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि मां का स्थान संसार में कोई नहीं ले सकता। मां केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति, ममता, त्याग, संस्कार और निस्वार्थ प्रेमका प्रतीक होती हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्माको अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा हरीश त्रिवेदी और उनके समस्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल दे।

बैंक से 50 हजार निकालकर लौट रहे किसान से झपट्टा मारकर छिनतई

गुरारू (आससे)। कोंच थाना क्षेत्रके डुमरा गांव निवासी जमेश्वर यादव पिता चौठी यादव ने थाने में आवेदन देकर झपटा मारकर 50 हजार रुपये छिनतई की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 16 अक्टूबरको दिन में करीब 1.15 बजे वह पंजाब नेशनल बैंक गुरारू से 50 हजार रुपया निक. ालकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह डुमरा गुमटी से दक्षिण करीब 200 मीटर पहुंचा, पल्सर बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने नजदीक आकर बाइक सटाकर उसके झोले में रखा 50 हजार रुपया झपटा मारकर छीन लिया और भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि दोनों युवकोंकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच थी। बाइक की संख्या ठत02।त्4460 बताई गई है।

सड़क हादसे में घायल विजय यादव की मौत

फतेहपुर (आससे)। टनकुप्पा थाना क्षेत्र की उतलीबारा पंचायत के असुरैन गांव निवासी लखन यादव के पुत्र विजय यादव (43) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पटनामें इलाज के दौरान सोमवारको मौत हो गई। उनकी मौत की खबरसे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनोंका रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि विजय यादव रविवार को बाइक से गया की ओर जा रहा था। इसी दौरान परोरियाके पास पीछेसे आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विजय यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में दूसरी बाइक पर सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। विजय यादव को बेहतर इलाजके लिए पटना ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। इधर, विजय यादव की मौत की खबर मिलने पर बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत बुधवार को असुरैन गांव पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। वहीं टनकुप्पा की बीडीओ गौरी कुमारी और सीओ दिव्यांशु कुमार साहने भी मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। अधिकारियों ने पारिवारिक लाभ योजना के तहत मृतक के परिजन को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। मौके पर टनकुप्पा थानाध्यक्ष वसंत कुमार राय, भेटौरा मुखिया दिलीप प्रसाद यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव व उमेश दास, समाजसेवी उमेश यादव, पैक्स अध्यक्ष परशुराम यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष उमेश दास, समाजसेवी कारू यादव, लालो यादव सहित अन्य।

श्रद्धापूर्वक मनी बिहार केसरी डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती

गयाजी। जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अर्पित की पुष्पांजलि, श्रीबाबू के आदर्शोंपर चलने का लिया संकल्प। रूप में आधुनिक बिहार की नींव मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। सामाजिक न्याय, शिक्षा, औद्योगिक विकास और जनकल्याण



बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी बिहार केसरी डा. श्रीकृष्ण सिंह जी श्रीबाबू की जयंती आज गया जिला कांग्रेस कार्यालय, राजेंद्र आश्रममें जिला कांग्रेस कमिटीके अध्यक्ष रजनीश कुमार की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुआत डा. श्रीकृष्ण सिंहके तैलचित्रपर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और बिहार के नवनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसरपर वक्ताओंने कहा कि डा. श्रीकृष्ण सिंह जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ मुख्यमंत्रीके के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा जनसेवा और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रणजीत कश्यप,विजय कुमार मिठू, युगल किशोर सिंह मदीना खातून,विद्या शर्मा,प्रदीप शर्मा,डा कुमारी गीता पासवान, अशोक प्रसाद भारती,नवाब अली,राजीव कुमार सिंह लबी, दामा. ेदर गोस्वामी, कुमार ओंकार शक्ति,सम्मी अख्तर, नवल किशोर शर्मा, चंदन महतो ,एवं अर्जुन गुप्ता सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती ने दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिहार कैबिनेट की बैठक...

सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अहम एजेंडे भी शामिल रहने की उम्मीद है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, अस्पतालों की व्यवस्था को मजबूत करने और आम लोगों तक चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है।ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बैठक के दौरान युवाओं के हित से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने आ सकते हैं। यदि रोजगार से संबंधित किसी प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो इसका लाभ राज्य के युवाओं को मिल सकता है। हालांकि, नियुक्तियों की संख्या, नई बहाली या किसी विशेष रोजगार योजना को लेकर फिलहाल किसी ठोस निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

हादसे में छह लोगों की...

स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने तक घटनास्थल पर मौजूद रहकर स्थिति संभालने की कोशिश की।

इस हादसे में एक ही परिवार के पिता और पुत्र की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, साथ मौजूद महिला की भी जान चली गई। जैसे ही हादसे की खबर मृतकों के घर पहुंची, परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। त्योहार और मेले की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को भी दे दी गई है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार को अपने कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर पुलिस हादसे की वजह तेज रफ्तार या वाहनों के अनियंत्रित होने को मानकर जांच कर रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा सकती है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई।

फिलहाल इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। एक साथ तीन लोगों की मौत ने पूरे परिवार और आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। मेला देखकर खुशी-खुशी घर लौट रहे परिवार के लिए रास्ते में हुआ यह हादसा जिंदगी भर का गम दे गया।

इधर महुआ थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद संबंधित गांवों में मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पहला हादसा महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला वार्ड संख्या-16 के तीन किशोरों के साथ हुआ। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सोहन राय के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भुल्ला राय, विनोद राय के 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और आलोक राय के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार सोमवार की शाम महानवमी के अवसर पर शक्तिपीठ सिंघाड़ा गोविंदपुर में मां के दर्शन और मेला देखने गए थे। मेला देखकर बाइक से घर लौटने के दौरान महुआ मेडिकल कॉलेज के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान अभिषेक और अमन की रास्ते में ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रीतम को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अभिषेक और अमन मैट्रिक के छात्र थे, जबकि प्रीतम नौवीं कक्षा में पढ़ता है।

दूसरी घटना महुआ-देसरी मुख्य सड़क पर भदवास गांव के समीप हुई। अल्लीपुर मुकुंद गांव निवासी बच्चू राय के 56 वर्षीय पुत्र विनोद राय पैदल जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहनों की तलाश कर रही है।

एम्स पटना में आयुष्मान योजना से...

एम्स पटना के निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है. आर्थिक परेशानी के कारण प्रत्यारोपण नहीं करा पाने वाले मरीजों को इससे लाभ मिलेगा. नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमरेश कृष्ण ने बताया कि योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों को प्रत्यारोपण के बाद एक वर्ष तक आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने का प्रावधान है. इसके अलावा प्रत्यारोपण के बाद होने वाली संभावित जटिलताओं के उपचार की सुविधा भी योजना में शामिल है.

यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश गुंजन ने बताया कि इस किडनी ट्रांसप्लांट पर करीब तीन लाख रुपये का खर्च आया है. आयुष्मान योजना के माध्यम से यह सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए किडनी प्रत्यारोपण कराना आसान होगा.

इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, नेफ्रोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मेघा सहगल, यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विपिन चंद्र, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. साकेत सिंह व डॉ. नवीन कुमार तथा एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) निशांत सहाय, प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार, अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभ्युदय कुमार व डॉ. नीरज कुमार समेत अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे.

सूडान में ड्रोन अटैक में...

से जख्मी हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने सूडान की सेना पर ड्रोन अटैक का आरोप लगाया है। अबेई में सूचना मामलों के कार्यवाहक मंत्री, योहाना अकोल नगोर ने मंगलवार को बिना कोई सबूत दिए कहा कि इस हमले के लिए सूडान की सेना जिम्मेदार है। वहीं, दक्षिण सूडान के विदेश मंत्रालय ने भी इस हमले के लिए सूडान की सेना को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्रालय ने कहा कि हमले में बाजार के कई स्थानों को निशाना बनाया गया। हमले में आम नागरिकों की मौत हुई और संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा।

बता दें कि सूडान में सेना और अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच अप्रैल 2023 से लड़ाई जारी है, जो कि अब एक गृहयुद्ध का रूप ले चुकी है। पिछले साल सूडान के अल-फाशर में अर्धसैनिक बलों ने एक मस्जिद को ड्रोन हमले में उड़ा दिया। इस घातक हमले में 43 लोगों की मौत हो गई थी। हाल के महीनों में ड्रोन हमलों के बढ़ने से आम नागरिकों की जान पर खतरा और बढ़ गया है।

वहीं, पूर्वी माली के मेनाका क्षेत्र में बीते वीकेंड इस्लामिक स्टेट (ढ्ढस्) से जुड़े समूह की ओर से किए गए हमले में 48 लोगों की मौत हो गई। एपी के अनुसार मंगलवार को एक सांसद ने बताया कि वीकेंड में आइसिस से जुड़े आतंकवादियों ने पूर्वी माली के मेनाका इलाके में हमला किया, जिसमें 48 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।

नवंबर में पीएम मोदी का...

कार्यक्रम की प्रमुख योजनाओं में से एक हो सकता है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम पर नजर है। इसके अलावा कहलगांव के विक्रमशिला के पास नए केंद्रीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखे जाने की संभावना है। इससे संबंधित कार्यक्रम को भी प्रस्तावित दौरे में शामिल किए जाने की चर्चा है।

सुल्तानगंज में अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास भी संभावित कार्यक्रम का हिस्सा हो सकता है। इन तीनों परियोजनाओं के नाम सामने आने के बाद भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों पर ध्यान केंद्रित हुआ है।

राज्य सरकार की योजनाओं के उद्घाटन को लेकर भी विभागीय स्तर पर सूची तैयार की गई है। भवन निर्माण विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए प्रस्ताव में तीन पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन का उल्लेख है। इनमें भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड की सन्हौली पंचायत, शाहकुंड प्रखंड की सजौर पंचायत और मकंदपुर पंचायत के भवन शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इन तीनों पंचायत सरकार भवनों के निर्माण पर करीब तीन-तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

बांका जिले में भी कई पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित सूची में भरको, तारडीह, गरीबपुर, पवई, खड़िहारा, सबलपुर, सोनडीहा, मोथावाड़ी, लकरामा और ककवारा पंचायतों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा दुधारी, कंझिया, दक्षिणी कटेली, महिला विशनपुर, लोंगाय, करहरिया, तेलिया पहाड़, कोरिया और धनुषवार में बने पंचायत सरकार भवनों का भी उद्घाटन किया जा सकता है।

सूची में सापडहर, सिकंदरपुर, डहुआ, सांगा, चिलकारा, बभनगामा, फागा, कैरी और गोकुला पंचायतों के भवन भी शामिल बताए जा रहे हैं। इन पंचायतों में निर्मित भवनों के उद्घाटन को लेकर अंतिम कार्यक्रम की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में संभावित दौरे की तैयारियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप, योजनाओं की स्थिति और संबंधित विभागों की तैयारियों जैसे विषयों पर विचार किया जा सकता है।

दारोगा के दो पुत्रों को मारी...

पुलिसकर्मियोंके परिवार भी बदमाशोंके निशाने पर आने लगे हैं। ताजा मामला मानपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है, जहां नौरंगा आहार के पास सिद्धार्थपुरी मोहल्ले के निकट बदमाशों ने दरोगा के दोनों बेटों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारीकी इस घटना में मोतिहारी में तैनात दरोगा सुधांशु शेखर ऊर्फ पिंटू सिंह के छोटे बेटे रानू सिंह, उम्र करीब 30 वर्ष, की मौत हो गई। वहीं, बड़े बेटे मोनू सिंह, उम्र करीब 32 वर्ष को भी गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाजके लिए मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही परिवार के दो बेटों को गोली मारे जाने और उनमें से एक की मौतकी खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घटनाके बाद मौकेपर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के मुताबिक, दोनों भाई मूल रूप से गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के जेठियन गांव के रहने वाले हैं। उनका परिवार पिछले कुछ वर्षों से मानपुर के सिद्धार्थपुरी मोहल्ले में रह रहा है। परिजनोंके अनुसार, मोहल्ले से कुछ दूरी पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान दोनों भाइयोंको फोन कर मौके पर बुलाया गया। बताया जा रहा है कि जब दोनों भाई वहां पहुंचे, तो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में दोनों भाई इसकी चपेट में आ गए। छोटे भाई रानू सिंहको गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई, जबकि बड़े भाई मोनू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

विवाद किस बातको लेकर हुआ था, दोनों भाइयोंको किसने फोन कर बुलाया था और गोलीबारी करने वाले लोग कौन थे, इन सवालों के जवाब अभी सामने आने बाकी हैं। वहीं, घटनास्थल को लेकर स्थानीय लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि आसपास के इलाके में कथित तौर पर जुआ और शराब का अड्डा संचालित होता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं जुए को लेकर हुए किसी विवाद ने खूनी रूप तो नहीं ले लिया। हालांकि, यह फिलहाल स्थानीय स्तर पर सामने आ रही चर्चा और आशंका है। पुलिस की ओर से अब तक गोलीबारी के पीछे जुए या शराब से जुड़े विवाद की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसलिए घटना की वास्तविक वजह क्या है, इसका खुलासा पुलिसकी जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलनेके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटनास्थलसे कुछ खोखे भी बरामद किए हैं, जो इस गोलीबारी से जुड़े अहम साक्ष्य हो सकते हैं। जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे, आरो. पियों ने किस हथियार से गोली चलाई और घटनाको अंजाम देने के बाद वे किस दिशा में फरार हुए। इसके साथ ही दोनों भाइयों कोफ़ोन कर बुलाने वाले व्यक्तिकी भूमिका भी जांच का अहम हिस्सा हो सकती है। पुलिस आपसी विवाद, पुरानी रंजिश और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

पाक से यूएस के रिश्ते भारत की...

संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता।

बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया।

जयशंकर के साथ रुबियो की ...

विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। रुबियो ने भारत से ऊर्जा व्यापार बढ़ाने और अमेरिकी तकनीक एवं रक्षा प्रणालियों की खरीद बढ़ाने की अपील भी की। जयशंकर ने बैठक के बाद कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचार साझा किए।

टेररिज्म के इकोसिस्टम को...

ऑफ गवर्नमेंट की मीटिंग में बोल रहे थे। इस मीटिंग में पाकिस्तान की ओर से डिप्टी प्राइम मिनिस्टर मोहम्मद इशाक डार शामिल हुए। इशाक डार की मौजूदगी में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की जमकर क्लास ली।

डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग युवाओं को कट्टर बना रहे हैं। उन्हें आतंकी बनाकर पनाह दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि जो लोग टेररिज्म को फंडिंग करते हैं, वो ही लोग दुनिया के सामने शराफत का नाटक करते हैं लेकिन ये दोगलापन अब नहीं चलेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी देशों को मिलकर ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। टेररिज्म का पूरा इकोसिस्टम खत्म करना होगा।

गौरतलब है कि तमाम मौकों पर ये बात साबित हो चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, उन्हें ट्रेन करता है, उन्हें पालता है और भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए इस्तेमाल करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के जिन आतंकवादी अड्डों को हमारी बहादुर फौज ने तबाह कर दिया था उनमें से कई को पाकिस्तान की फौज ने रिवाइव कर दिया है। इन अड्डों को फौज का कवर दिया गया है। हालांकि भारत हर अंतराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद को एक्सपोज करता रहा है। आज राजनाथ सिंह ने भी यही किया। बता दें कि पाकिस्तान को आईना दिखाना भी जरूरी है कि तुम चाहें कितना भी नाटक कर लो लेकिन दुनिया जानती है कि आतंकवाद को पनाह देने का काम पाकिस्तान ही करता है। एक तरफ वो अपने यहां की गरीबी दिखाकर लोन की भीख मांगता है और दूसरी तरफ आतंकियों को तैयार करता है। यही पाकिस्तान का दोगलापन है, जो बार-बार दुनिया के सामने आ चुका है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९१९
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।

151 कुंडीय महायज्ञ की जलयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, जय श्रीमन्नारायण से गूंजा कैमूर

भभुआ (कैमूर)। कैमूर जिले के परसियां गांव में मंगलवार को 151 कुंडीय महायज्ञ के शुभारंभ पर भव्य जलयात्रा निकाली गई। श्री भास्कर रामानुजाचार्य सहस्राब्दी महा महोत्सव के तहत आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में निकली जलयात्रा में हाथी-घोड़े, सुसज्जित रथ, ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजे आकर्षण का केंद्र रहे। श्रद्धालुओं के जय श्रीमन्नारायण के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और पेयजल व प्रसाद की व्यवस्था की। जलयात्रा को लेकर परसियां गांव से लेकर भभुआ शहर तक धार्मिक उत्साह देखने को मिला।जलयात्रा परसियां स्थित यज्ञ स्थल से शुरू होकर भभुआ नगर के एकता चौक, पटेल चौक और अखलासपुर बस स्टैंड होते हुए परसियां पोखरा पहुंची। यहां विधि-विधान से कलश पूजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के कलश यज्ञ मंडप में स्थापित किए गए। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न जलयात्रा के साथ महायज्ञ का माहौल और भी भक्तिमय हो गया।

महायज्ञ के लिए परसियां गांव में लगभग 90 गुणा 90 फीट क्षेत्र में भव्य यज्ञ मंडप बनाया गया है। इसकी 11 मंजिला संरचना लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। यज्ञ स्थल पर पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजन समिति के अनुसार, महाप्रसाद वितरण के लिए एक बार में करीब 25 हजार श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था करने की क्षमता विकसित की जा रही है।

आयोजन समिति के अनुसार, 151 कुंडीय महायज्ञ 20 से 26 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान यज्ञ, पूजा-पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। कैमूर के अलावा आसपास के जिलों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

परसियां गांव में चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के दौरान श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने करीब चार महीने तक प्रवास किया। इस दौरान श्रीमद्भागवत कथा और आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सदाचार और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। चातुर्मास अनुष्ठान के समापन के बाद अब 151 कुंडीय महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

महायज्ञ और धार्मिक महोत्सव से परसियां सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। आयोजन को श्रद्धालु आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक सद्भाव और आपसी एकता को मजबूत करने का अवसर मान रहे हैं। 26 अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में भव्य यज्ञ मंडप, धार्मिक अनुष्ठान, संतों के प्रवचन और महाप्रसाद प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

विजयादशमी के मौके पर वेद से उपनिषद तक पुस्तक का लोकार्पण

औरंगाबाद (आससे)। सदर प्रखंड स्थित ग्राम लखनीखाप में लखनीखाप के बाबा के नाम से प्रसिद्ध अवध किशोर मिश्रा जी के पैतृक गांव में सामुदायिक भवन में सनातनी परंपरा का महान पर्व विजयदशमी के अवसर पर अवध किशोर मिश्रा रचित वेद से उपनिषद तक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। प्रोफेसर एसपी राय पब्लिकेशन की छठी कृति वेद से उपनिषद तक के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम राय ने किया जबकि संचालन की जिम्मेवारी अवध किशोर मिश्र ने निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी एवं विशिष्ट अतिथि ललित कुमार,जय किशोर मिश्रा,रवि मिश्रा राधेश्याम मिश्रा,अमित कुमार,मुनमुन जी दिव्यांशु कुमार की गरिमामई उपस्थिति रही। सुरेश विद्यार्थी ने संबोधन के क्रम में कहा कि आज जिस तरह से समाज में सनातन संस्कृति की परंपरा का क्षरण हो रहा है ऐसे समय में लेखक द्वारा पुस्तक लिखकर एक क्रांतिकारी कार्य किया गया है। युवा पीढ़ी सनातन संस्कृति की परंपरा को भूल सी गई है,इस वजह से भी इस पुस्तक का महत्व बढ़ गया है। श्रीराम राय ने कहा कि शोधप्रज्ञ विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक लाभकारी सिद्ध होगा क्योंकि इसमें वेद और उपनिषद की महत्वपूर्ण बातों की शोध पूर्ण चर्चा की गई है।

पिकअप की टक्कर से नौशाद ने तोड़ा दम

डिहरी ऑन सोन (आससे)। दशहरा मेले की खुशियों पर तेज रफ्तार का कहर भारी पड़ने लगा है। मेले में घूमने और पूजा-पंडालों के दर्शन के लिए निकले लोग सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। कहीं दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए, तो कहीं ऑटो से हुई जोरदार भिड़ंत में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इन हादसों के बीच काराकाट थाना क्षेत्र के गोड़ारी बाजार में अज्ञात पिकअप वैन की टक्कर से बाइक सवार 26 वर्षीय नौशाद अंसारी की मौत हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा। लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने अनुमंडल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहन चालकों पर नियंत्रण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।जानकारी के अनुसार, नासरीगंज थाना क्षेत्र के हरिहरगंज निवासी अलाउद्दीन अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र नौशाद अंसारी मोटरसाइकिल से गोड़ारी बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात पिकअप वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नौशाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल नौशाद को तत्काल काराकाट सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस से बिक्रमगंज स्थित करुणा हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

नौशाद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जवान बेटे को खोने के गम में मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उनकी करुण पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। परिवार को सांत्वना देने के लिए ग्रामीण और परिचित जुटे रहे। नौशाद की असमय मौत से नासरीगंज के हरिहरगंज समेत आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई।

काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया। अज्ञात पिकअप वैन के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

दशहरा मेले के दौरान बिक्रमगंज के डेहरी रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों के घायल होने की सूचना मिली। बताया गया कि बाइक सवार मेले में घूमने जा रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।इसके अगले दिन तेज रफ्तार वाहन की ऑटो से जोरदार टक्कर होने की घटना सामने आई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दो लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। वहीं, एक अन्य सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने की सूचना भी सामने आई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, काराकाट थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी कृष्णा राम के पुत्र प्रिंस कुमार, संदीप कुमार के पुत्र रोहित कुमार और मोनू प्रसाद के पुत्र सतीश कुमार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए।

वहीं, सकला गांव निवासी इसराइल हुसैन के पुत्र मोहम्मद अली की दुर्घटना के बाद मौत होने की जानकारी दी गई है। परिजनों की आपत्ति के बाद उनका पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और प्रशासन ने शव परिजनों को सौंप दिया।इसके अलावा नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर निवासी असलम अंसारी के पुत्र मोहम्मद अली तथा सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के मनोहर गांव निवासी रामजी सिंह के पुत्र अमित कुमार के घायल होने की सूचना मिली है। उपलब्ध विवरण के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया।

जबकि अन्य घायलों का बिक्रमगंज के निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

रोहतास में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की मौत

डालमियानगर रोहतास आससे। जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र के कादिरगंज में बुधवार को नयका तालाब में नहाने के दौरान पैर फिसलने से आठ वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। डूबने वाले बच्चों की पहचान भदोखरा गांव के बलिस्टर बिंद के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद मृतक बच्चे के परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज कर उसके परिजनों को सौंप दिया।

50 वर्षीय किसान को ईंटों से जख्मी कर की हत्या

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में स्थित पोखरा के समीप सोमवार की देर रात अपराधियों ने ईंटों से हमला कर 50 वर्षीय किसान जनार्दन तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया फिर गला दबा कर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को देख पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ संजीव कुमार और थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने जब शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। तब आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को कब्जे मे लेकर धरना पर बैठ गए।10 घंटे तक धरना पर बैठे ग्रामीण एसडीएम को बुलाने की मांग पर शव के साथ बैठे रहे। एसडीपीओ ने बताया कि डुमरा निवासी 50 वर्षीय किसान जनार्दन तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी विजयादशमी के अवसर पर देर शाम पोखरा पर स्थित मंदिर की ओर जा रहे थे।

इस बीच गांव के समीप स्थित एक अर्ध निर्मित मकान में छिपे अपराधियों ने किसान को जबरन पकड़कर उक्त मकान में ले गए। जहां पहले से मौजूद अन्य अपराधियों ने उन पर ईंटों से हमला कर दिया और गला दबाकर मार डाला।जिसके बाद गली में शव को फेंक फरार हो गए। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम और डीआईयू की टीमों ने हत्यारों द्वारा छोड़े गए सुरागों का बारीकी से नमूना इकट्ठा कर जांच के लिए ले गए। 10 घंटे बाद एसडीम प्रिया रानी घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अपराधियों की गिरफ्तारी अविलम्ब की जाएगी। मृतक के आश्रित को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। तब ग्रामीण धरना समाप्त कर दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में मृतक की पत्नी माया देवी ने एक नामजद और सात अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करई है। पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

कार से 343 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

डालमियानगर रोहतास आससे। जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र में एन एच 19 पर गिरधारिया मोड के पास पुलिस ने बुधवार को छापामारी कर 343 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट कार को जब्त किया और कैमूर जिले के तस्कर विशाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि वह अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार में इसे खपाने वाला था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार में लोड 343.125लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दबोच लिया।

सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी समस्या का त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण और नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के पास पहुंचे और एक-एक कर उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने जमीन पर अवैध कब्जा करने और कमजोर लोगों को उजाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा। पारिवारिक संपत्ति विवादों में संबंधित पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों का निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने पर जोर दिया। साथ ही सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को उनका लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने अधिकारियों को उपचार का एस्टीमेट जल्द तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जरूरतमंदों से आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली और कार्ड नहीं होने पर पात्र लोगों के कार्ड बनवाने को कहा।

मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ आई महिलाओं से भी मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। मंदिर परिसर में परिजनों के साथ आए बच्चों से बातचीत की, उन्हें चॉकलेट दी और खूब पढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया।

उत्तराखंडः मदरसों में अब शुक्रवार को नहीं होगी छुट्टी

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में शिक्षा विभाग से मान्यता लेने वाले और मान्यता के लिए आवेदन करने वाले 206 मदरसों में अब शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश नहीं होगा। इनमें अन्य विद्यालयों की तरह निर्धारित साप्ताहिक अवकाश व्यवस्था लागू होगी।

राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण ने इस संबंध में शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया है कि शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करने या मान्यता के लिए आवेदन करने वाले मदरसों को विभागीय मानकों और निर्धारित शैक्षिक व्यवस्था का पालन करना होगा। इसी क्रम में शुक्रवार की छुट्टी की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है।

अब इन मदरसों में अन्य विद्यालयों की तरह निर्धारित साप्ताहिक अवकाश व्यवस्था लागू होगी। इस व्यवस्था का असर उन मदरसों पर भी पड़ेगा, जो राज्य की मुख्यधारा की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ने के लिए शिक्षा विभाग से मान्यता लेने की प्रक्रिया में हैं। प्राधिकरण का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को निर्धारित शैक्षिक मानकों के अनुरूप लाते हुए विद्यार्थियों को मुख्यधारा की शिक्षा व्यवस्था से जोड़ना है।

प्रदेश में 76 मदरसों को शिक्षा विभाग मान्यता दे चुका है। इसमें हरिद्वार के 270 में से 44, ऊधमसिंह नगर के 119 में से 24, देहरादून के 41 में से छह, नैनीताल के 18 में से दो मदरसों को शिक्षा विभाग की ओर से मान्यता दी जा चुकी है। इसके अलावा 114 अन्य मदरसों ने मान्यता के लिए शिक्षा विभाग में आवेदन किया है।

राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह गांधी के मुताबिक राज्य में मदरसा शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के बीच 206 मदरसों के करीब 30 हजार से अधिक बच्चे मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ चुके हैं। इन संस्थानों में अब सामान्य विद्यालयों की तर्ज पर शैक्षिक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है।

दशहरा मेले में बेहोश हुई युवती के लिए फरिश्ता बने डिहरी एसडीएम

डिहरी ऑन सोन (आससे)। दशहरा के अवसर पर डिहरी में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार मुस्तैद रहे। इसी दौरान बारह पत्थर के समीप एक मोहल्ले में मेला मे बारुण थाना क्षेत्र से डिहरी घूमने आई एक युवती अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना की जानकारी मिलने पर ड डिहरी एस डी एम निलेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए युवती को अपनी सरकारी गाड़ी से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया और उसे भर्ती कराकर इलाज की व्यवस्था कराई।

समय पर अस्पताल पहुंचने और उपचार मिलने के बाद युवती की तबीयत में सुधार हुआ और वह स्वस्थ बताई जा रही है। एस डी एम की इस पहल ने प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ मानवीय संवेदना का भी उदाहरण पेश किया।

दशहरा जैसे बड़े त्योहार के दौरान जहां प्रशासन के सामने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती रहती है, वहीं इस घटना में एस डी एम द्वारा दिखाई गई तत्परता सराहनीय रही। किसी भी व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने पर समय पर सहायता पहुंचाना प्रशासन की संवेदनशीलता और मानवीय जिम्मेदारी को दर्शाता है।

यह घटना बताती है कि प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय आम लोगों की मदद के लिए आगे आना भी उनकी जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिहार कैबिनेट की बैठक...

सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अहम एजेंडे भी शामिल रहने की उम्मीद है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, अस्पतालों की व्यवस्था को मजबूत करने और आम लोगों तक चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है।ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बैठक के दौरान युवाओं के हित से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने आ सकते हैं। यदि रोजगार से संबंधित किसी प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो इसका लाभ राज्य के युवाओं को मिल सकता है। हालांकि, नियुक्तियों की संख्या, नई बहाली या किसी विशेष रोजगार योजना को लेकर फिलहाल किसी ठोस निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

हादसे में छह लोगों की...

स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने तक घटनास्थल पर मौजूद रहकर स्थिति संभालने की कोशिश की।

इस हादसे में एक ही परिवार के पिता और पुत्र की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, साथ मौजूद महिला की भी जान चली गई। जैसे ही हादसे की खबर मृतकों के घर पहुंची, परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। त्योहार और मेले की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को भी दे दी गई है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार को अपने कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर पुलिस हादसे की वजह तेज रफ्तार या वाहनों के अनियंत्रित होने को मानकर जांच कर रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा सकती है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई।

फिलहाल इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। एक साथ तीन लोगों की मौत ने पूरे परिवार और आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। मेला देखकर खुशी-खुशी घर लौट रहे परिवार के लिए रास्ते में हुआ यह हादसा जिंदगी भर का गम दे गया।

इधर महुआ थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद संबंधित गांवों में मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पहला हादसा महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला वार्ड संख्या-16 के तीन किशोरों के साथ हुआ। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सोहन राय के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भुल्ला राय, विनोद राय के 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और आलोक राय के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार सोमवार की शाम महानवमी के अवसर पर शक्तिपीठ सिंघाड़ा गोविंदपुर में मां के दर्शन और मेला देखने गए थे। मेला देखकर बाइक से घर लौटने के दौरान महुआ मेडिकल कॉलेज के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान अभिषेक और अमन की रास्ते में ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रीतम को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अभिषेक और अमन मैट्रिक के छात्र थे, जबकि प्रीतम नौवीं कक्षा में पढ़ता है।

दूसरी घटना महुआ-देसरी मुख्य सड़क पर भदवास गांव के समीप हुई। अल्लीपुर मुकुंद गांव निवासी बच्चू राय के 56 वर्षीय पुत्र विनोद राय पैदल जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहनों की तलाश कर रही है।

एम्स पटना में आयुष्मान योजना से...

एम्स पटना के निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है. आर्थिक परेशानी के कारण प्रत्यारोपण नहीं करा पाने वाले मरीजों को इससे लाभ मिलेगा. नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमरेश कृष्ण ने बताया कि योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों को प्रत्यारोपण के बाद एक वर्ष तक आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने का प्रावधान है. इसके अलावा प्रत्यारोपण के बाद होने वाली संभावित जटिलताओं के उपचार की सुविधा भी योजना में शामिल है.

यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश गुंजन ने बताया कि इस किडनी ट्रांसप्लांट पर करीब तीन लाख रुपये का खर्च आया है. आयुष्मान योजना के माध्यम से यह सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए किडनी प्रत्यारोपण कराना आसान होगा.

इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, नेफ्रोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मेघा सहगल, यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विपिन चंद्र, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. साकेत सिंह व डॉ. नवीन कुमार तथा एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) निशांत सहाय, प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार, अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभ्युदय कुमार व डॉ. नीरज कुमार समेत अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे.

सूडान में ड्रोन अटैक में...

से जख्मी हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने सूडान की सेना पर ड्रोन अटैक का आरोप लगाया है। अबेई में सूचना मामलों के कार्यवाहक मंत्री, योहाना अकोल नगोर ने मंगलवार को बिना कोई सबूत दिए कहा कि इस हमले के लिए सूडान की सेना जिम्मेदार है। वहीं, दक्षिण सूडान के विदेश मंत्रालय ने भी इस हमले के लिए सूडान की सेना को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्रालय ने कहा कि हमले में बाजार के कई स्थानों को निशाना बनाया गया। हमले में आम नागरिकों की मौत हुई और संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा।

बता दें कि सूडान में सेना और अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच अप्रैल 2023 से लड़ाई जारी है, जो कि अब एक गृहयुद्ध का रूप ले चुकी है। पिछले साल सूडान के अल-फाशर में अर्धसैनिक बलों ने एक मस्जिद को ड्रोन हमले में उड़ा दिया। इस घातक हमले में 43 लोगों की मौत हो गई थी। हाल के महीनों में ड्रोन हमलों के बढ़ने से आम नागरिकों की जान पर खतरा और बढ़ गया है।

वहीं, पूर्वी माली के मेनाका क्षेत्र में बीते वीकेंड इस्लामिक स्टेट (इूस) से जुड़े समूह की ओर से किए गए हमले में 48 लोगों की मौत हो गई। एपी के अनुसार मंगलवार को एक सांसद ने बताया कि वीकेंड में आइसिस से जुड़े आतंकवादियों ने पूर्वी माली के मेनाका इलाके में हमला किया, जिसमें 48 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।

नवंबर में पीएम मोदी का...

कार्यक्रम की प्रमुख योजनाओं में से एक हो सकता है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम पर नजर है। इसके अलावा कहलगांव के विक्रमशिला के पास नए केंद्रीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखे जाने की संभावना है। इससे संबंधित कार्यक्रम को भी प्रस्तावित दौरे में शामिल किए जाने की चर्चा है।

सुल्तानगंज में अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास भी संभावित कार्यक्रम का हिस्सा हो सकता है। इन तीनों परियोजनाओं के नाम सामने आने के बाद भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों पर ध्यान केंद्रित हुआ है।

राज्य सरकार की योजनाओं के उद्घाटन को लेकर भी विभागीय स्तर पर सूची तैयार की गई है। भवन निर्माण विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए प्रस्ताव में तीन पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन का उल्लेख है। इनमें भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड की सन्हौली पंचायत, शाहकुंड प्रखंड की सजौर पंचायत और मकंदपुर पंचायत के भवन शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इन तीनों पंचायत सरकार भवनों के निर्माण पर करीब तीन-तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

बांका जिले में भी कई पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित सूची में भरको, तारडीह, गरीबपुर, पवई, खड़िहारा, सबलपुर, सोनडीहा, मोथावाड़ी, लकरामा और ककवारा पंचायतों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा दुधारी, कंझिया, दक्षिणी कटेली, महिला विशनपुर, लोंगाय, करहरिया, तेलिया पहाड़, कोरिया और धनुषवार में बने पंचायत सरकार भवनों का भी उद्घाटन किया जा सकता है।

सूची में सापडहर, सिकंदरपुर, डहुआ, सांगा, चिलकारा, बभनगामा, फागा, कैरी और गोकुला पंचायतों के भवन भी शामिल बताए जा रहे हैं। इन पंचायतों में निर्मित भवनों के उद्घाटन को लेकर अंतिम कार्यक्रम की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में संभावित दौरे की तैयारियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप, योजनाओं की स्थिति और संबंधित विभागों की तैयारियों जैसे विषयों पर विचार किया जा सकता है।

दारोगा के दो पुत्रों को मारी...

पुलिसकर्मियोंके परिवार भी बदमाशोंके निशाने पर आने लगे हैं। ताजा मामला मानपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है, जहां नौरंगा आहार के पास सिद्धार्थपुरी मोहल्ले के निकट बदमाशों ने दरोगा के दोनों बेटों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारीकी इस घटना में मोतिहारी में तैनात दरोगा सुधांशु शेखर ऊर्फ पिंटू सिंह के छोटे बेटे रानू सिंह, उम्र करीब 30 वर्ष, की मौत हो गई। वहीं, बड़े बेटे मोनू सिंह, उम्र करीब 32 वर्ष को भी गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाजके लिए मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही परिवार के दो बेटों को गोली मारे जाने और उनमें से एक की मौतकी खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घटनाके बाद मौकेपर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के मुताबिक, दोनों भाई मूल रूप से गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के जेठियन गांव के रहने वाले हैं। उनका परिवार पिछले कुछ वर्षों से मानपुर के सिद्धार्थपुरी मोहल्ले में रह रहा है। परिजनोंके अनुसार, मोहल्ले से कुछ दूरी पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान दोनों भाइयोंको फोन कर मौके पर बुलाया गया। बताया जा रहा है कि जब दोनों भाई वहां पहुंचे, तो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में दोनों भाई इसकी चपेट में आ गए। छोटे भाई रानू सिंहको गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई, जबकि बड़े भाई मोनू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

विवाद किस बातको लेकर हुआ था, दोनों भाइयोंको किसने फोन कर बुलाया था और गोलीबारी करने वाले लोग कौन थे, इन सवालों के जवाब अभी सामने आने बाकी हैं। वहीं, घटनास्थल को लेकर स्थानीय लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि आसपास के इलाके में कथित तौर पर जुआ और शराब का अड्डा संचालित होता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं जुए को लेकर हुए किसी विवाद ने खूनी रूप तो नहीं ले लिया। हालांकि, यह फिलहाल स्थानीय स्तर पर सामने आ रही चर्चा और आशंका है। पुलिस की ओर से अब तक गोलीबारी के पीछे जुए या शराब से जुड़े विवाद की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसलिए घटना की वास्तविक वजह क्या है, इसका खुलासा पुलिसकी जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलनेके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटनास्थलसे कुछ खोखे भी बरामद किए हैं, जो इस गोलीबारी से जुड़े अहम साक्ष्य हो सकते हैं। जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे, आरो. पियों ने किस हथियार से गोली चलाई और घटनाको अंजाम देने के बाद वे किस दिशा में फरार हुए। इसके साथ ही दोनों भाइयों कोप ोन कर बुलाने वाले व्यक्तिकी भूमिका भी जांच का अहम हिस्सा हो सकती है। पुलिस आपसी विवाद, पुरानी रंजिश और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

पाक से यूएस के रिश्ते भारत की...

संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया।

जयशंकर के साथ रुबियो की ...

विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। रुबियो ने भारत से ऊर्जा व्यापार बढ़ाने और अमेरिकी तकनीक एवं रक्षा प्रणालियों की खरीद बढ़ाने की अपील भी की। जयशंकर ने बैठक के बाद कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचार साझा किए।

टेररिज्म के इकोसिस्टम को...

ऑफ गवर्नमेंट की मीटिंग में बोल रहे थे। इस मीटिंग में पाकिस्तान की ओर से डिप्टी प्राइम मिनिस्टर मोहम्मद इशाक डार शामिल हुए। इशाक डार की मौजूदगी में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की जमकर क्लास ली।

डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग युवाओं को कट्टर बना रहे हैं। उन्हें आतंकी बनाकर पनाह दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि जो लोग टेररिज्म को फंडिंग करते हैं, वो ही लोग दुनिया के सामने शराफत का नाटक करते हैं लेकिन ये दोगलापन अब नहीं चलेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी देशों को मिलकर ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। टेररिज्म का पूरा इकोसिस्टम खत्म करना होगा।

गौरतलब है कि तमाम मौकों पर ये बात साबित हो चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, उन्हें ट्रेन करता है, उन्हें पालता है और भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए इस्तेमाल करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के जिन आतंकवादी अड्डों को हमारी बहादुर फौज ने तबाह कर दिया था उनमें से कई को पाकिस्तान की फौज ने रिवाइव कर दिया है। इन अड्डों को फौज का कवर दिया गया है। हालांकि भारत हर अंतराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद को एक्सपोज करता रहा है। आज राजनाथ सिंह ने भी यही किया। बता दें कि पाकिस्तान को आईना दिखाना भी जरूरी है कि तुम चाहें कितना भी नाटक कर लो लेकिन दुनिया जानती है कि आतंकवाद को पनाह देने का काम पाकिस्तान ही करता है। एक तरफ वो अपने यहां की गरीबी दिखाकर लोन की भीख मांगता है और दूसरी तरफ आतंकियों को तैयार करता है। यही पाकिस्तान का दोगलापन है, जो बार-बार दुनिया के सामने आ चुका है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित
सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९१९
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९
पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।

आग से तीन दुकानें राख, डेढ़ लाख की संपत्ति का नुकसान

कुचायकोट। गोपालपुर थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार में सोमवार की देर रात आग लगने से तीन दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया ।इस अग्निकांड में डेढ़ लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है ।प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात करीब एक बजे राजापुर बाजार स्थित विंध्याचल शाह की फोटो एवं कैलेंडर की दुकान में अचानक आग लग गई। रात का समय होने के कारण शुरुआत में किसी को घटना की भनक नहीं लगी।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बगल की मिहिर कुमार की कपड़े की दुकान तथा वाल्मीकि प्रसाद की किराना दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया ।तीनों दुकानों से आग की ऊंची लपटें उठती देख बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोग तत्काल आग बुझाने में जुट गए और घटना की सूचना गोपालपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे तक चले प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि,तब तक तीनों दुकानों में रखा काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था ।अग्निकांड के बाद दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

जब्त गाड़ियों में अचानक लगी आग

विजयीपुर। विजयीपुर थाने में जब्त कर रखे गए वाहनों में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं के घने गुबार देखकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की तत्परता और सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि थाने में जब्त वाहनों की पार्किंग में अचानक आग भड़क उठी। चिंता की बात यह थी कि पार्किंग के ठीक बगल में कई रिहायशी झोपड़ियां भी मौजूद थीं। ऐसे में आग फैलने पर जान-माल के भारी नुकसान की आशंका थी।

हालात की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों और थाने के चौकीदारों ने मोर्चा संभाला। लोगों ने घरों में इस्तेमाल होने वाले मोटर पंप से पानी की बौछार शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगर आग विकराल रूप ले लेती,तो आसपास खड़े दर्जनों वाहन जलकर खाक हो सकते थे। साथ ही बगल की रिहायशी झोपड़ियां भी आग की चपेट में आ सकती थीं। स्थानीय लोगों की तत्परता ने संभावित बड़े नुकसान को टालने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि,सबसे बड़ा सवाल अब भी बरकरार है कि आखिर थाने में जब्त वाहनों में आग कैसे लगी ? फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

मौसम में बदलाव से सर्दी बुखार के मरीज बढ़े

दरौंदा (सीवान)। मौसम में अचानक बदलाव के कारण दरौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बुधवार को अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों की भीड़ देखी गई। ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श लेने के बाद दवा काउंटर पर भी मरीजों की आवाजाही बनी रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. विकास भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में मौसमी बीमारियों सहित अन्य सामान्य रोगों के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए भी सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार की आवश्यक दवाएं रखी गई हैं। चिकित्सक नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों को परामर्श दे रहे हैं।

उन्होंने लोगों से मौसम में बदलाव के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की। सर्दी, खांसी या बुखार होने पर लापरवाही नहीं बरतने और नजदीकी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवा लेने से उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सकता है। अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार तथा प्रधान लिपिक राम आशीष प्रसाद कर रहे हैं।

हवन-पूजन के साथ नवरात्र संपन्न, प्रतिमा विसर्जन शुरू

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत हवन-पूजन और पूर्णाहुति के साथ दस दिवसीय शारदीय नवरात्र का विधिवत समापन हो गया ।नवरात्र के अंतिम दिनों में कुचायकोट प्रखंड के विभिन्न बाजारों में स्थापित पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी ।मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के साथ लोगों ने मेले का आनंद उठाया ।वहीं, बुधवार से विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार को कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया,जबकि शेष प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को किया जाएगा। सोमवार और मंगलवार को जलालपुर, कुचायकोट और सासामुसा बाजार स्थित पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा बलुवन सागर, राजापुर समेत प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में बने पूजा पंडालों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ।जलालपुर बाजार में बनाए गए तीन भव्य पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र रहे। इन्हें देखने और मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए गोपालगंज जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी प्रमुख पूजा पंडालों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया था। कुचायकोट बाजार में रविवार की शाम से ही यातायात व्यवस्था सख्त कर दी गई थी ।प्रखंड कार्यालय से भठवां मोड़ तक दोपहिया और चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके लिए दोनों ओर ड्रॉप गेट बनाए गए थे,जहां मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नवरात्र के अवसर पर विभिन्न पूजा समितियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया ।वहीं, कुचायकोट बाजार स्थित बजरंग मार्केट के पास लगातार तीन दिनों तक भंडारा लगाया गया ।इसमें श्रद्धालुओं के बीच हलवा,खीर और खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। पूजा-पाठ,मेले और सांस्कृतिक आयोजनों के बीच पूरे प्रखंड में नवरात्र का उत्सवी माहौल देखने को मिला।

रसूलपुर अग्निकांड में चार घायल पीएमसीएच रेफर

सीवान। बड़हरिया प्रखंड के रसूलपुर गांव में विजयादशमी की रात नाटक मंचन के दौरान आग लगने से झुलसे लोगों के समुचित इलाज में जिला प्रशासन जुटा है। घटना में करीब 10 लोग झुलस गए थे। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल, सीवान लाया गया, जहां उपचार के बाद पांच लोगों को स्वस्थ होने पर घर भेज दिया गया। शेष पांच घायलों में चार को बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर किया गया है, जबकि एक अन्य घायल को भी पीएमसीएच भेजा जा रहा है ।जिला प्रशासन के अनुसार, पीएमसीएच में घायलों के समुचित इलाज और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और पीएमसीएच की चिकित्सकीय टीम से समन्वय स्थापित किया गया है। घायलों के उपचार तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए जिला प्रशासन ने दो अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की है ।घटना के बाद पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल प्रशासन की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आग लगने के कारणों और संभावित लापरवाही की जांच के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है। जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पेटभरिया में अधेड़ की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

कुचायकोट। कुचायकोट थाना क्षेत्र के पेटभरिया गांव के पास नाले से अधेड़ का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बाजार मटिहनिया गांव निवासी सिराजुल शाह के रूप में हुई थी। मामले में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है ।पुलिस अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,18 अक्टूबर को पेटभरिया गांव के पास नाले से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। जांच के दौरान मृतक के स्वजनों ने पुलिस को बताया कि इम्तियाज आलम और गुलशन उसे बछड़ा खरीदने के बहाने अपने साथ ले गए थे। रात में जब स्वजनों ने मृतक से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। अगले दिन स्वजनों को उसके साथ मारपीट कर हत्या किए जाने की सूचना मिली। इस मामले में 19,अक्टूबर को कुचायकोट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित कुचायकोट थाना क्षेत्र के बरवा खुर्द गांव निवासी इम्तियाज मियां को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने मृतक को फोन कर बुलाने की बात स्वीकार की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों, एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं,मामले में अन्य आरोपितों की संलिप्तता की जांच के साथ उनकी गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

चार दिन में दो मंदिरों में चोरी

कुचायकोट। गोपालपुर थाना क्षेत्र में मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बनकटा पंचायत में चार दिनों के भीतर दो मंदिरों में चोरी होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ।ताजा घटना में मंगलवार की देर रात बनकटा गांव स्थित शिव मंदिर से चोरों ने दो दर्जन से अधिक छोटी-बड़ी घंटियों समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली। ग्रामीणों ने पुलिस से मंदिरों में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार,बनकटा गांव स्थित शिव मंदिर में कटेया गांव निवासी महात्मा दास पुजारी के रूप में सेवा देते हैं। मंगलवार की रात भोग-आरती के बाद वह मंदिर के दूसरे हिस्से में सोने चले गए ।इसी दौरान पीछे की ओर से पहुंचे चोरों ने मंदिर में लगी दो दर्जन से अधिक छोटी-बड़ी घंटियां और अन्य सामान चुरा लिए।

बुधवार की सुबह पुजारी जब मंदिर में साफ-सफाई करने पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई ।इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को घटना से अवगत कराया। पुजारी ने गोपालपुर थाने में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

20 साल पुराने सड़क विवाद को सुलझाने पहुंचे एसडीएम-डीएसपी

लकड़ी नबीगंज (सीवान)। सूर्यपुरा-जानकीनगर सड़क के रास्ते को लेकर सूर्यपुरा और



खवासपुर पंचायत के बीच पिछले 20 वर्षों से चला आ रहा विवाद एक बार फिर गरमा गया। रविवार को स्थिति तनावपूर्ण होने की सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी अनीता सिन्हा और डीएसपी अमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ बसंतपुर और लकड़ी नबीगंज के अंचलाधिकारी तथा दोनों थानों की पुलिस भी मौजूद रही।

अधिकारियों ने सूर्यपुरा और खवासपुर पंचायत की सीमा पर पहुंचकर दोनों पक्षों के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि एक से दो महीने के भीतर अभियंताओं को बुलाकर तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए विवाद का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2020 में शुरू हुआ था। सड़क पर पानी की निकासी के लिए पुलिया का निर्माण नहीं किए जाने के कारण ग्रामीणों ने विरोध जताया था। इसी मुद्दे को लेकर विवाद लगातार बना हुआ है। वहीं, वर्ष 2020 में आई बाढ़ के दौरान सड़क बीच से क्षतिग्रस्त होकर ध्वस्त हो गई थी। इससे आवागमन और जलनिकासी की समस्या और गंभीर हो गई। लंबे समय से लंबित इस विवाद के कारण दोनों पंचायतों के लोगों के बीच तनाव की स्थिति बनी रहती है। रविवार को अधिकारियों के हस्तक्षेप और समाधान के आश्वासन के बाद ग्रामीणों में विवाद समाप्त होने की उम्मीद जगी है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

सेवा संकल्प और कायाकल्प अभियान में वार्डों में पहुंची प्रशासनिक टीम

सीवान। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सफाई व्यवस्था की निगरानी तेज कर दी है। सेवा संकल्प और कायाकल्प अभियान के तहत बुधवार को लगातार दूसरे दिन वरीय अधिकारियों की टीम ने नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने अहले सुबह नगर भ्रमण कर निरीक्षण अभियान की निगरानी की। जिलाधिकारी की पहल पर गठित विशेष टीम को अलग-अलग वार्डों में सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। रिपोर्ट के आधार पर कमियों को दूर करने और सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।निरीक्षण के दौरान सफाईकर्मियों और पर्यवेक्षकों की संख्या, कचरा उठाव में लगे वाहनों, टिप्पर, ट्रॉली और हाथगाड़ियों की उपलब्धता की जांच की गई। अधिकारियों ने यह भी देखा कि सफाईकर्मियों और वाहनों की संख्या जरूरत के अनुरूप है या नहीं तथा कचरा उठाव के निर्धारित मार्गों में कोई गली छूट तो नहीं रही है ।इसके अलावा घरों से कचरा उठाने वाले वाहनों में ध्वनि संदेश की व्यवस्था, आम लोगों को कचरा संग्रहण की जानकारी, कचरा जमा करने के लिए निर्धारित स्थानों की स्थिति और वहां से कचरा उठाव की नियमितता का भी जायजा लिया गया। संकीर्ण स्थानों पर कचरा जमा होने से आवागमन में बाधा, खुले में कचरा डंप करने और ऐसे स्थलों की भी पहचान की गई, जहां नियमित रूप से वाहन नहीं पहुंच रहे हैं ।जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने कहा कि सीवान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रशासनिक प्रयासों में समन्वय के साथ आम जनता की भागीदारी भी जरूरी है। सेवा संकल्प अभियान के तहत गठित टीम विभिन्न मानकों पर सफाई व्यवस्था का आकलन कर रही है और नागरिकों से सुझाव भी ले रही है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों के सामूहिक सहयोग से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि प्रत्येक क्षेत्र की समस्याओं का आकलन कर जवाबदेही तय की जा सके।

सिसई बाजार में भक्ति जागरण, नागेंद्र उजाला के देवी गीतों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिसई बाजार में मंगलवार रात भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें भोजपुरी के चर्चित लोकगायक नागेंद्र उजाला समेत कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया. पूरी रात देवी गीतों और भजनों की ऐसी अविरल धारा बही कि श्रद्धालु भक्ति रस में गोते लगाते रहे.

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे सुप्रसिद्ध गायक नागेंद्र उजाला ने मंच संभालते ही माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया. उन्होंने पारंपरिक देवी पचरा%निमिया के डाढ़ मईया लावेली झुलुहवा...%से शुरुआत की,जिस पर श्रोताओं ने जयकारे लगाए। इसके बाद %मैंने तेरे भरोसे हनुमान सागर में नईया डार दई...%,%तोहरा दुधवा के कर्जा ना दियाई ए माई...%, %तहरे दिहल ह जिनगी हमार ए माई...% तथा %अर्जी करतबानी पड़ी माई पउवां में...%जैसे भावपूर्ण भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी. उनके गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते और तालियां बजाते रहे.वहीं,गायिका पुनिता प्रिया ने अपने सुरीले अंदाज में %निमिया तरवा लागे आसनवा...%,%माई काहें अँखिया लाल भईल बा...%और %माई अंगनवा आईल बाड़ी...% प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी. सूफी फनकार मास्टर गुलशन ने %पधारो गणपति देवा...%, %माई डोली चढ़ी चलली सेवक घरवा...% एवं %तेरे दर पे ओ मेरी मईया तेरे दीवाने आए हैं...% गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया.इसके अलावा मंच पर अमित तिवारी,अभय शर्मा,प्रमिला राज, चंदन चाहत और आलिशा राज ने भी अपनी-अपनी शानदार प्रस्तुतियों से जागरण में चार चांद लगाए.कार्यक्रम का सफल संचालन व संयोजन कृष्णा जी द्वारा किया गया.देर रात तक चले इस भक्तिमय आयोजन में सिसई बाजार सहित आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पशुओं को एनएसडी से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान

दरौंदा (सीवान)। बरसात के बाद मौसम में बदलाव के साथ पशुओं में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए पशुपालन विभाग ने पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया है। प्रभारी पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शेखर कुमार सिंह ने बुधवार को पशुपालकों से मवेशियों की सेहत को लेकर सतर्क रहने और समय पर टीकाकरण कराने की अपील की ।डॉ. सिंह ने बताया कि पशुओं में एनएसडी बीमारी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। पशुओं के बीमार होने या उनकी मौत से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए मवेशियों को साफ-सुथरे और सूखे स्थान पर रखें तथा उन्हें संतुलित आहार और आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराएं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिहार कैबिनेट की बैठक...

सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अहम एजेंडे भी शामिल रहने की उम्मीद है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, अस्पतालों की व्यवस्था को मजबूत करने और आम लोगों तक चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है ।ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बैठक के दौरान युवाओं के हित से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने आ सकते हैं। यदि रोजगार से संबंधित किसी प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो इसका लाभ राज्य के युवाओं को मिल सकता है। हालांकि, नियुक्तियों की संख्या, नई बहाली या किसी विशेष रोजगार योजना को लेकर फिलहाल किसी ठोस निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

हादसे में छह लोगों की...

स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने तक घटनास्थल पर मौजूद रहकर स्थिति संभालने की कोशिश की।

इस हादसे में एक ही परिवार के पिता और पुत्र की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, साथ मौजूद महिला की भी जान चली गई। जैसे ही हादसे की खबर मृतकों के घर पहुंची, परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। त्योहार और मेले की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को भी दे दी गई है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार को अपने कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर पुलिस हादसे की वजह तेज रफ्तार या वाहनों के अनियंत्रित होने को मानकर जांच कर रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा सकती है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई।

फिलहाल इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। एक साथ तीन लोगों की मौत ने पूरे परिवार और आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। मेला देखकर खुशी-खुशी घर लौट रहे परिवार के लिए रास्ते में हुआ यह हादसा जिंदगी भर का गम दे गया।

इधर महुआ थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा के दौरान दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद संबंधित गांवों में मातम पसर गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पहला हादसा महुआ सिंह राय गांव के पश्चिम टोला वार्ड संख्या-16 के तीन किशोरों के साथ हुआ। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सोहन राय के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ भुल्ला राय, विनोद राय के 17 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और आलोक राय के 16 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार सोमवार की शाम महानवमी के अवसर पर शक्तिपीठ सिंघाड़ा गोविंदपुर में मां के दर्शन और मेला देखने गए थे। मेला देखकर बाइक से घर लौटने के दौरान महुआ मेडिकल कॉलेज के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान अभिषेक और अमन की रास्ते में ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रीतम को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अभिषेक और अमन मैट्रिक के छात्र थे, जबकि प्रीतम नौवीं कक्षा में पढ़ता है।

दूसरी घटना महुआ-देसरी मुख्य सड़क पर भदवास गांव के समीप हुई। अल्लीपुर मुकुंद गांव निवासी बच्चू राय के 56 वर्षीय पुत्र विनोद राय पैदल जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहनों की तलाश कर रही है।

एम्स पटना में आयुष्मान योजना से...

एम्स पटना के निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है. आर्थिक परेशानी के कारण प्रत्यारोपण नहीं करा पाने वाले मरीजों को इससे लाभ मिलेगा. नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमरेश कृष्ण ने बताया कि योजना के तहत किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों को प्रत्यारोपण के बाद एक वर्ष तक आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने का प्रावधान है. इसके अलावा प्रत्यारोपण के बाद होने वाली संभावित जटिलताओं के उपचार की सुविधा भी योजना में शामिल है.

यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश गुंजन ने बताया कि इस किडनी ट्रांसप्लांट पर करीब तीन लाख रुपये का खर्च आया है. आयुष्मान योजना के माध्यम से यह सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए किडनी प्रत्यारोपण कराना आसान होगा.

इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, नेफ्रोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मेघा सहगल, यूरोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विपिन चंद्र, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. साकेत सिंह व डॉ. नवीन कुमार तथा एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) निशांत सहाय, प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार, अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभ्युदय कुमार व डॉ. नीरज कुमार समेत अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे.

सूडान में ड्रोन अटैक में...

से जख्मी हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने सूडान की सेना पर ड्रोन अटैक का आरोप लगाया है। अबेई में सूचना मामलों के कार्यवाहक मंत्री, योहाना अकोल नगोर ने मंगलवार को बिना कोई सबूत दिए कहा कि इस हमले के लिए सूडान की सेना जिम्मेदार है। वहीं, दक्षिण सूडान के विदेश मंत्रालय ने भी इस हमले के लिए सूडान की सेना को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्रालय ने कहा कि हमले में बाजार के कई स्थानों को निशाना बनाया गया। हमले में आम नागरिकों की मौत हुई और संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा।

बता दें कि सूडान में सेना और अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच अप्रैल 2023 से लड़ाई जारी है, जो कि अब एक गृहयुद्ध का रूप ले चुकी है। पिछले साल सूडान के अल-फाशर में अर्धसैनिक बलों ने एक मस्जिद को ड्रोन हमले में उड़ा दिया। इस घातक हमले में 43 लोगों की मौत हो गई थी। हाल के महीनों में ड्रोन हमलों के बढ़ने से आम नागरिकों की जान पर खतरा और बढ़ गया है।

वहीं, पूर्वी माली के मेनाका क्षेत्र में बीते वीकेंड इस्लामिक स्टेट (इस) से जुड़े समूह की ओर से किए गए हमले में 48 लोगों की मौत हो गई। एपी के अनुसार मंगलवार को एक सांसद ने बताया कि वीकेंड में आइसिस से जुड़े आतंकवादियों ने पूर्वी माली के मेनाका इलाके में हमला किया, जिसमें 48 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।

नवंबर में पीएम मोदी का...

कार्यक्रम की प्रमुख योजनाओं में से एक हो सकता है। इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम पर नजर है। इसके अलावा कहलगांव के विक्रमशिला के पास नए केंद्रीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखे जाने की संभावना है। इससे संबंधित कार्यक्रम को भी प्रस्तावित दौरे में शामिल किए जाने की चर्चा है।

सुल्तानगंज में अजगैवीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास भी संभावित कार्यक्रम का हिस्सा हो सकता है। इन तीनों परियोजनाओं के नाम सामने आने के बाद भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों पर ध्यान केंद्रित हुआ है।

राज्य सरकार की योजनाओं के उद्घाटन को लेकर भी विभागीय स्तर पर सूची तैयार की गई है। भवन निर्माण विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए प्रस्ताव में तीन पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन का उल्लेख है। इनमें भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड की सन्हौली पंचायत, शाहकुंड प्रखंड की सजौर पंचायत और मकंदपुर पंचायत के भवन शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इन तीनों पंचायत सरकार भवनों के निर्माण पर करीब तीन-तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

बांका जिले में भी कई पंचायत सरकार भवनों के उद्घाटन की संभावना जताई जा रही है। प्रस्तावित सूची में भरको, तारडीह, गरीबपुर, पवई, खड़िहारा, सबलपुर, सोनडीहा, मोथावाड़ी, लकरामा और ककवारा पंचायतों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा दुधारी, कंझिया, दक्षिणी कटेली, महिला विशनपुर, लोंगाय, करहरिया, तेलिया पहाड़, कोरिया और धनुषवार में बने पंचायत सरकार भवनों का भी उद्घाटन किया जा सकता है।

सूची में सापडहर, सिकंदरपुर, डहुआ, सांगा, चिलकारा, बभनगामा, फागा, कैरी और गोकुला पंचायतों के भवन भी शामिल बताए जा रहे हैं। इन पंचायतों में निर्मित भवनों के उद्घाटन को लेकर अंतिम कार्यक्रम की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में संभावित दौरे की तैयारियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप, योजनाओं की स्थिति और संबंधित विभागों की तैयारियों जैसे विषयों पर विचार किया जा सकता है।

दारोगा के दो पुत्रों को मारी...

पुलिसकर्मियोंके परिवार भी बदमाशोंके निशाने पर आने लगे हैं। ताजा मामला मानपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है, जहां नौरंगा आहार के पास सिद्धार्थपुरी मोहल्ले के निकट बदमाशों ने दरोगा के दोनों बेटों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारीकी इस घटना में मोतिहारी में तैनात दरोगा सुधांशु शेखर ऊर्फ पिंटू सिंह के छोटे बेटे रानू सिंह, उम्र करीब 30 वर्ष, की मौत हो गई। वहीं, बड़े बेटे मोनू सिंह, उम्र करीब 32 वर्ष को भी गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाजके लिए मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही परिवार के दो बेटों को गोली मारे जाने और उनमें से एक की मौतकी खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घटनाके बाद मौकेपर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के मुताबिक, दोनों भाई मूल रूप से गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के जेठियन गांव के रहने वाले हैं। उनका परिवार पिछले कुछ वर्षों से मानपुर के सिद्धार्थपुरी मोहल्ले में रह रहा है। परिजनोंके अनुसार, मोहल्ले से कुछ दूरी पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान दोनों भाइयोंको फोन कर मौके पर बुलाया गया। बताया जा रहा है कि जब दोनों भाई वहां पहुंचे, तो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में दोनों भाई इसकी चपेट में आ गए। छोटे भाई रानू सिंहको गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई, जबकि बड़े भाई मोनू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

विवाद किस बातको लेकर हुआ था, दोनों भाइयोंको किसने फोन कर बुलाया था और गोलीबारी करने वाले लोग कौन थे, इन सवालों के जवाब अभी सामने आने बाकी हैं। वहीं, घटनास्थल को लेकर स्थानीय लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि आसपास के इलाके में कथित तौर पर जुआ और शराब का अड्डा संचालित होता है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कहीं जुए को लेकर हुए किसी विवाद ने खूनी रूप तो नहीं ले लिया। हालांकि, यह फिलहाल स्थानीय स्तर पर सामने आ रही चर्चा और आशंका है। पुलिस की ओर से अब तक गोलीबारी के पीछे जुए या शराब से जुड़े विवाद की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसलिए घटना की वास्तविक वजह क्या है, इसका खुलासा पुलिसकी जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलनेके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटनास्थलसे कुछ खोखे भी बरामद किए हैं, जो इस गोलीबारी से जुड़े अहम साक्ष्य हो सकते हैं। जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे, आरो. पियों ने किस हथियार से गोली चलाई और घटनाको अंजाम देने के बाद वे किस दिशा में फरार हुए। इसके साथ ही दोनों भाइयों कोप ोन कर बुलाने वाले व्यक्तिकी भूमिका भी जांच का अहम हिस्सा हो सकती है। पुलिस आपसी विवाद, पुरानी रंजिश और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

पाक से यूएस के रिश्ते भारत की...

संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्टपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया।

जयशंकर के साथ रुबियो की ...

विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। रुबियो ने भारत से ऊर्जा व्यापार बढ़ाने और अमेरिकी तकनीक एवं रक्षा प्रणालियों की खरीद बढ़ाने की अपील भी की। जयशंकर ने बैठक के बाद कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचार साझा किए।

टेररिज्म के इकोसिस्टम को...

ऑफ गवर्नमेंट की मीटिंग में बोल रहे थे। इस मीटिंग में पाकिस्तान की ओर से डिप्टी प्राइम मिनिस्टर मोहम्मद इशाक डार शामिल हुए। इशाक डार की मौजूदगी में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की जमकर क्लास ली।

डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग युवाओं को कट्टर बना रहे हैं। उन्हें आतंकी बनाकर पनाह दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि जो लोग टेररिज्म को फंडिंग करते हैं, वो ही लोग दुनिया के सामने शराफत का नाटक करते हैं लेकिन ये दोगलापन अब नहीं चलेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी देशों को मिलकर ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। टेररिज्म का पूरा इकोसिस्टम खत्म करना होगा।

गौरतलब है कि तमाम मौकों पर ये बात साबित हो चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, उन्हें ट्रेन करता है, उन्हें पालता है और भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए इस्तेमाल करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के जिन आतंकवादी अड्डों को हमारी बहादुर फौज ने तबाह कर दिया था उनमें से कई को पाकिस्तान की फौज ने रिवाइव कर दिया है। इन अड्डों को फौज का कवर दिया गया है। हालांकि भारत हर अंतराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद को एक्सपोज करता रहा है। आज राजनाथ सिंह ने भी यही किया। बता दें कि पाकिस्तान को आईना दिखाना भी जरूरी है कि तुम चाहें कितना भी नाटक कर लो लेकिन दुनिया जानती है कि आतंकवाद को पनाह देने का काम पाकिस्तान ही करता है। एक तरफ वो अपने यहां की गरीबी दिखाकर लोन की भीख मांगता है और दूसरी तरफ आतंकियों को तैयार करता है। यही पाकिस्तान का दोगलापन है, जो बार-बार दुनिया के सामने आ चुका है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९१९
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।

अरवल में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ दशहरा पर्व एवं विजयदशमी





अरवल। जिले में दशहरा एवं विजयादशमी का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव के नेतृत्व में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। पूजा पंडालों में आकर्षक सजावट और रौनक देखने को मिली। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। पर्व के दौरान डीएम और एसपी लगातार विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने भी अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से नियंत्रण कक्ष स्थापित कर स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जबकि संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की गई। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखने में मदद मिली। प्रशासन द्वारा निर्धारित समय और दिशा-निर्देशों के अनुसार पूजा समितियों ने प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की। विसर्जन स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। अपने-अपने क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय दिखे। सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता के बीच लोगों ने उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। अंत में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न होने पर प्रशासनिक तैयारियों की सराहना की गई।

धूमधाम से मना 2228वां धम्म विजय दिवस

अरवल। सदर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर वैना गांव में बुद्ध विहार विचार मंच के तत्वावधान में 2228वां धम्म विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अरवल विधायक मनोज कुमार शर्मा और कुर्था विधायक पप्पू कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बुद्ध धम्म मंत्रोच्चार और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर किया।



अध्यक्षता जयप्रकाश सिंह ने की। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार शर्मा ने भगवान बुद्ध के विचारों, अहिंसा, शिक्षा और मध्यम मार्ग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बुद्ध के उपदेशों ने भारत सहित विश्व के अनेक देशों को प्रभावित किया। सम्राट अशोक ने भी बुद्ध के विचारों का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने समाज में आपसी भेदभाव समाप्त कर एकता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की अपील की।

वही रात्रि में वायरल गर्ल सलोनी कुमारी, अलका प्रिया और अवधेश कुशवाहा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मिशन गीत प्रस्तुत किए। मिशन गीतों पर हजारों की संख्या में उपस्थित लोग झूमते नजर आए।

कुर्था बड़ी देवी मां मंडप में भव्य भंडारे का आयोजन

कुर्था, अरवल। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था बीच बाजार स्थित बड़ी देवी मां आदर्श दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने पहुंचकर माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं, जय माता दी के जयघोष से पूरा पूजा परिसर भक्तिमय बना रहा। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष संजय सौंडिक एवं संयोजक आदित्य कुमार टिंकू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसमें कुर्था बाजार सहित आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देना है। माता रानी की कृपा और श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता है। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था बनाए रखने और प्रसाद वितरण में पूजा समिति के सदस्यों तथा स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों में भी खासा उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने समिति की ओर से किए गए भंडारे की सराहना की। वहीं, समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय व्यवसायियों और युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। भंडारे के दौरान कुर्था बीच बाजार स्थित बड़ी देवी मां मंडप का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में माता रानी के प्रति अटूट आस्था देखने को मिली।



वर्गीकृत

बेदौली खेल मैदान में भव्य लंका दहन का आयोजन

करपी, अरवल। पटना-अरवल जिला सीमा स्थित उच्च विद्यालय बेदौली, इमामगंज के खेल मैदान में विजयादशमी के अवसर पर भव्य लंका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्गा मंदिर के पास बने मंच से आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम देखने के लिए मथुरापुर, खुशडीहरा, सरमसपुर, कोचहसा, मुंगीला, टेकारी, नगवांसहित दर्जनोंगांवोंसेबड़ीसंख्यामेंश्रद्धालुपहुंचे। पूरेपरिसर मेंधार्मिकउत्साहऔरजयकारोंकामाहौलबनारहा। विजयादशमीमेलेमेंबच्चोंनेझूलोंऔरविभिन्नप्रकार के खिलौनों का आनंद लिया। दुकानों पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई! वहीं, युवाओं ने मोबाइल से वीडियो और रील बनाकर उत्सव की यादें संजोईं। देररात तक मेले में चहल-पहल बनी रही और लोगों ने उत्साह के साथ पर्व का आनंद उठाया। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति इमामगंज के नवयुवक संघ के सदस्य नरेश विश्वकर्मा, शशि कपूर, विनोद गुप्ता, अमित कुमार, सोनू कुमार, रोहित कुमार, पवन कुमार, रवि गुप्ता, प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ राजा, शुभम कुमार सहित अन्य युवाओं के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। स्थानीय लोगों ने युवाओं की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। करपी प्रखंड के सभी जगह पर शांतिपूर्ण माहौल में विजयदशमी संपन्न हुआ एवं मेले के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद देखी गई।



एसपी ने जनता दरबार में सुनीं चार लोगों की शिकायतें

अरवल। पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल चार आगंतुकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। एसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के निपटारे में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका उचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन की ओर से शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने और लोगों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर बल दिया गया।

अरवल मेरी जन्मभूमि, यहां आने पर मिलता है सुकून : अखिलेश प्रसाद सिंह

श्रीकृष्ण बाबू की जयंती पर पटना आने का सांसद ने दिया न्योता



अरवल। राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने दशहरा के अवसर पर अरवल जिले के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा किया। महावीर चौक, खरसा, चंदा, बेलसार, जयपुर, पहलेजा और मेहंदिया सहित कई स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दीं। मेहंदिया में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरवल उनकी जन्मभूमि है और यहां आने पर उन्हें सुकून मिलता है। उन्होंने अरवल को जिला बनाने के अपने प्रयासों का भी जिक्र किया। सांसद ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की स्थिति में बदलाव आया है। उन्होंने लोगों को 25 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित श्रीकृष्ण बाबू की जयंती समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर शर्मा, मुखिया मनोज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, मनीष शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

Change of Name

I hitherto known as SAROTI KUMARI D/o Birendra Gupta residing at Sikandra Pur, Sikandra Pur, Near Road Sikandarpur, PO: Sikandarpur, DIST: Siwan, Bihar-841434 have changed my name and shall hereafter be known as PRAGYA GUPTA.

9/484/26

नाम परिवर्तन

मैं, मो. नफीस खैर, पिता-सफी खैर पता-मीर गुलाबी की बाग, सदर गली, रानीपुर मिल्की चक, पटना सिटी, पटना-800008 दिनांक 21.10.26 शपथ पत्र संख्या-47 के अनुसार मोहम्मद नफीस खान के नाम से जाना जाऊंगा।

रसीद सं.-916

शपथ-पत्र

मैं सुबोध कुमार गिरि, पिता विजय शंकर गिरि ग्राम गोदना, मठिया,पो.वो थाना रिविलगंज, जिला , छपरा, सारण, बिहार, पिन कोड 841305 का निवासी हूं, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरे पिताजी का नाम विजय गिरि (Vijay Giri) दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरे पिताजी का नाम विजय शंकर गिरि (Vijay Shankar Giri) दर्ज है। मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरे आधार के अनुसार मेरे पिताजी का सही नाम Vijay Shankar Giri दर्ज कराने के लिए यह शपथ पत्र है.31017/12-10-26

9/509/26

शपथ-पत्र

मैं शर्मिला देवी उर्फ प्रमिला देवी पति मोखतार राय पता मकान नं. 106/9 सुभाष कॉलोनी शिव दुर्गा विहार लक्करपुर सुरजकुंड फरीदाबाद हरियाणा शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी सं. 535427790 है जिसमें मेरा नाम शर्मिला देवी दर्ज हैं। जबकि मेरा आधार सं.- **** 9262 है एवं मेरा बैंक खाता एवं पैन कार्ड मे मेरा नाम प्रमिला देवी हैं। मैं शर्मिला देवी उर्फ प्रमिला देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।

9/509/26

शपथ-पत्र

मैं विरेन्द्र कुमार उर्फ विजेन्द्र कुमार पिता शीला नाथ राय उर्फ शीला नाथ प्रसाद ग्राम अपहा टोला खरीदहा पो. अपहर जिला-सारण शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी सं.- 519608667 है जिसमें मेरा नाम विरेन्द्र कुमार तथा पिता नाम शीला नाथ राय दर्ज हैं। वही मेरा आधार सं.- **** 2528 एवं बैंक खाता तथा पैन कार्ड मे मेरा नाम विजेन्द्र कुमार तथा पिता नाम शीला नाथ प्रसाद हैं। मैं तथा मेरे पिता उपरोक्त दोनों दो -दो नामों से जाने व पहचाने जाते हैं।

9/509/26

नाम परिवर्तन

मैं, सरोती कुमारी (पिता-बीरेंद्र गुप्ता) के नाम से जानी जाती थी और जिसका निवास सिकन्दरपुर नियर रोड, पोस्ट-सिकन्दरपुर, जिला सिवान, बिहार 841434 है, ने अपना नाम बदल लिया है, अब से मैं प्रज्ञा गुप्ता के नाम से जानी जाऊंगी।

9/484/26

AFFIDAVIT

I, Ganesh Kumar @ Raju Raz S/o Nandjee Singh, R/o Vill-Angarua, P.S.-Jagdishpur, Distt.-Bhojpur, Bihar do hereby solemnly affirm declare that my name is written in my Saving Account in Bank of Baroda as Raju Raz. In Bihar School Examination Certificate written as Ganesh Kumar which is also written in Aadhar Card. Both name are same and one person.

नाम परिवर्तन

मैं, Saraswati Kumari, पति महेश कुमार यादव, निवास-मिल्कीपर, पो. -एकंगरसराय, थाना-एकंगरसराय, जिला-नालंदा (बिहार)। शपथ पत्र सं. -22231 ता. 25.9.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम Sujeeta Kumari एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम Saraswati Kumari दर्ज है। अब मैं सभी कार्यों के लिए Saraswati Kumari के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

शपथ पत्र

मै, इन्द्रजीत राय,उम्र-लगभग 49 वर्ष,पिता-श्री राजनाथ राय,ग्राम-कबीरपुर,पोस्ट-सिधवलिया,थाना-महम्मदपुर, जिला- गोपालगंज,आधार नं.-841627927661 का निवासी हूं। उद्घोषणा करता हूं कि मेरा नाम इन्द्रजीत राय और अरुण कुमार दोनों ही है। मैं उक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरे गांव में उक्त दोनों नामों का मेरे सिवा दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।

9/484/26

शपथ पत्र

मैं, राजीव कुमार, स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिंह का पुत्र, निवासी शिवाजी नगर, बालूपुर, डाकघर एवं थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार, एतद् द्वारा सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि: 1. यह कि मेरे पुत्र का नाम अन्यतम है। 2. यह कि मैंने अपने पुत्र के नाम में उपनाम अर्थात् सिंह जोड़ा है। 3. यह कि मेरा पुत्र अन्यतम एवं अन्यतम सिंह एक ही व्यक्ति है। 4. यह कि शपथ-पत्र संख्या 9164, दिनांक 13.10.2026 के अनुसार, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

Affidavit

I shanti Devi alias Chinta Devi W/o Nandbutan pandit alias Nanbutan Pandit Vill + P.O. Bagar P.S Sikrahta Dist Bhojpur, Bihar do hereby solemnly declare (aff. No.- 9600 dt 05 .10 .26) That My name has been mentioned in my L I C Policy no 516958387 as CHINTA DEVI W/O NANBUTAN PANDIT. But in my Aadhar Card no. 2586 7337 0290 Shanti Devi w/o Nandbutan pandit Shanti Devi alias Chinta Devi W/o Nandbutan pandit alias Nanbutan Pandit both are the same name and same person. l have filed this affidavit in support of my both name.

9/482/26

शपथ पत्र

मैं कैलाश कुमार राजभर पुत्र रामदेव राजभर निवासी ग्राम+पो. उघरन, जिला बलिया (यू. पी.) शपथ पत्र द्वारा सूचित करता हूं कि मेरे गांव के Aditya Bhardwaj पिता-Abhiram Bhardwaj के नाम पॉलिसी सं. 512967851 जारी है। जबकि दस्तावेजों में Abhinav Bhardwaj पिता Abhiram Bhardwaj दर्ज है। जो कि ग्रा. +पो.-उघरन जिला बलिया (यू.पी.) के निवासी हैं। इस नाम का कोई दूसरा व्यक्ति इस गांव में नहीं है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

खोया-पाया

मैं, अशोक कुमार यादव, पिता- जय नारायण यादव, निवासी- सतोजा कौनी, वार्ड नं0-12, थाना- सुपौल नदी थाना, जिला- सुपौल, राज्य - बिहार का निवासी हूँ। अशोक कुमार यादव एवं अरुण कुमार यादव, पिता- जय नारायण यादव के नाम पर एक जमीन स्थित है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :- मौजा / गाँव :- सतोजा बैला, थाना नंबर :- 110, खाता नंबर :- 228, 423, 28, 90 खेसरा / प्लॉट नंबर :- 6024, 5994, 6006, 5970, 5971, 5972, 5973, 5974, 5979, 5980, 5981, 5984, 5715, 6013, 6014, केवाला / विलेख संख्या (Deed No.): 4724 पंजीकरण वर्ष (Registration Year): 1996 उक्त जमीन का मूल केवाला (Original Deed) दिनांक 21/09/2026 को घर से निकलने जाने के क्रम में कहीं खो गया / गुम हो गया है। मैंने अपने स्तर पर उक्त मूल केवाला की काफी ढूँढने का प्रयास किया लेकिन वह कहीं प्राप्त नहीं हो सका। उपरोक्त कागजात जिस किसी व्यक्ति को मिले वो उपरोक्त पते पर पहुँचाने का कष्ट करें या फोन नं., मोबाइल - ....पर सूचित करें।

शपथ पत्र

मैं दिव्यप्रकाश कुमार (DIVY PRAKASH KUMAR) पिता हरेन्द्र सिंह ग्राम मरसुआ पोस्ट कुर्था बाजार थाना मखदुमपुर जिला जहानाबाद बिहार का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार नं 5649 3031 9707 है जिस पर मेरा नाम दिव्यप्रकाश कुमार अंकित है। यह कि मेरे नाम से एक पंजाब नेशनल बैंक मुस्सी मखदुमपुर से है। जिसका खाता संख्या 1615001700300240 है। जिस पर मेरा नाम दिव्य प्रकाश कुमार अंकित है। यह कि मेरे नाम से दो पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम जहानाबाद शाखा से है जिसका पॉलिसी 515268860 एंव 885546636 है जिस पर मेरा नाम दीपप्रकाश दर्ज है। यह कि दिव्यप्रकाश कुमार एंव दीपप्रकाश दोनो नाम मेरा ही है। इस नाम से मेरे मोहल्ला में कोई दूसरा व्यक्ति नहीं हैं।

शपथ पत्र संख्या 24010/7.10.26

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय-सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट नं.-3, गोरखपुर

वाद संख्या-4915/2017

दिग्विजय सिंह वगैरह बनाम सनेही वगैरह

बनाम-2. श्रीमती कुन्ती देवी उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी श्री बलिराम प्रसाद निवासिनी ग्राम-सुल्तानपुर पोस्ट-आन्दर जिला-सिवान बिहार प्रांत

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 10 के 31 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 12 माह 10 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम

मोहर न्यायालय

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड

Arcil

सीआईएन नं.-यू 65999 एमएच 2002 पीएलसी 134884 *वेबसाइट: www.arcil.co.in

पंजीकृत कार्यालय: द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 । दूरभाष । सं.: 022-66581300

डिमांड नोटिस

चूंकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) के आधिकृत अधिकारी (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करना) (इसके बाद ''एआरसीआईएल'' के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल है और एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके पश्चात ''सरफेसी अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) और जबकि उधारकर्ता (ओ)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के रूप में नीचे के कॉलम नंबर 2 में उल्लेख किया उल्लिखित चार्ट में मूल उधारदाताओं के ऋण प्राप्त किया और जबकि एआरसीआईएल ने ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है यहां नीचे उल्लेख किया गया है और जबकि एआरसीआईएल सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित लेदान है। और के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के नियम 2 के साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता(ओं) को बुलाते हुए मांग नोटिस जारी किया/सह-उधारकर्ता (ओ)/गारंटर(ओं) जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है, नोटिस में उल्लिखित राशि को 60 दिनों के भीतर और आगे ब्याज के साथ चुकाने के लिए नोटिस की तारीख से,लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ पर नोटिस नहीं दिए जा सके।

क्र. सं.	लेन/मूल ऋणदाता का नाम डिमांड नोटिस की तारीख/ट्रस्ट का नाम	उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता (ओं)/गारंटर	कुल बकाया भारतीय रुपये की मांग नोटिस की तारीख सं
1.	लेन: एचएल 05एआरएच 000059285 मूल ऋणदाता:मेसर्स चालामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट 2026-0028	श्री/श्रीमती विनोद कुमार गुप्ता, श्रीमती सोनी देवी श्री/श्रीमती मुन्ना साह सभी यहां रह रहे है: सी/ओ स्वर्गीय हृदय साह गजराजगंज, आरा-भोजपुर, हनुमान मंदिर के पास, आरा, बिहार-802157 यह भी : मौजा नवानगर में खटा 135 खेसरा 1114 थाना उदवंतपुर, थाना नंबर-326, जिला में ।-भोजपुर । पास हनुमान मंदिर आरा-802157	रु. 1173577,1/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण : खेसरा नंबर-1114, खाता नंबर-135 के तहत, मौजा-नवानगर, थाना में उदवंतपुर, थ ााना नं.-326, जिला-भोजपुर, राज्य-बिहार जांच के अनुसार उत्तर भरत चौधरी, दक्षिण-निज लेखकारी, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-निज रास्ता उसके बाद सरयू साह, उत्तर-चौधरी, दक्षिण-निज लेखकारी, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-सरयू साह डीड के अनुसार		
2	लेन: एचएल 25 एमयूजेड 000120994 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती सुभाष कुमार, श्री/श्रीमती पिंकी कुमारी सभी यहां निवास कर रहे हैं: सी/ओ:प्रमोद महतो, वार्ड-9, रामनगर, नियर स्कूल बेंगाही सीतामढ़ी आर बगाही, स्कूल, सीतामढ़ी, बिहार-543311 पर भी:-खेसरा नं.-8676, खटा नंबर 1550, मौजे-झापा, थाना-अहियापुर, थाना-नंबर-594, अंचल-बोचहां, मुजफ्फरपुर, बिहार-842004	रु. 683721,4/- 05.05.2026 को
	का वर्ान अंचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: पर-मौजा-झापा, नियर-आरपीएस स्कूल झापा थाना-अहियापुर, थाना नंबर-594, खाता नंबर-1550, खेसरा नंबर-8676, अंचल-बोचहां, जिला-मुजफ्फरपुर, राज्यय-बिहार।पिन-842004 के रूप में प्रति जांच उत्तर- । मोती सहनी, दक्षिण-सुधीर राम, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-रास्ता विलेख सं. उत्तर-निज लेखकारी, दक्षिण-सुधीर राम, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-12 फीट रास्ता		
3.	लेन+एचएल 25 एसएएम 000076197 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती पंकज रे, श्री/श्रीमती कविता देवी सभी यहां निवास कर रहे है।+ बोचाहा, ब्रह्म बाबा के पास, समस्तीपुर, बिहार-848503 पर भी: प्लॉट नंबर 76 पुराना 106 नया, मौजा चकजोहरा गोपाली, वार्ड नंबर 05 थाना नंबर 127, थाना मोहिउद्दीननगर, हनुमान मंदिर के पास, 958 वर्गफुट, परगना बालागच खाता नंबर 19 पुराना 12 नया, मोहउद्दीननगर, बिहार-848502	रु. 1215423,91/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण : खाता-19 (पुराना), 12 (नया), प्लॉट नं.।-76 (पुराना) 106 (नया), मौजा-चकजोहरा गोपाली, थाना-मोहिउद्दीननगर, थाना नं.-127, 958, वर्गफीट, प्रांगण-बालागच, वार्ड नं.-05,, मोहिउद्दीनगर, नियर हनुमान मंदिर, जिला-समस्तीपुर-848502, बिहार। जांच के नअुसार उत्तर-हरेंद्र नारायण सिह, दक्षिण की भूमि-चंदन कुमार पूर्व की भूमि-5 फीट सोलिंग रोड तो कांति देवी पश्चिम की भूमि-संजय सिंह, नीलकेश्वर सिंह की भूमि, सनील कुमार सिंह (निज विक्रेता) विलेख उत्तर के अनुसार-हरेंद्र नारायण सिंह की भूमि दक्षिण-चंदन कुमार की भूमि पूर्व-कांति देवी पश्चिम-निज विक्रेता, क्षेत्रफल : 11 धूर/2.2 दशमलव/958 वर्गफट		
4.	HL29SSR 000130423 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती उपेंद्र कुमार रवि (उर्फ) उपेन्द्र रवि, श्री/श्रीमती प्रतिमला देवी सभी यहां निवास कर रहे हैं:/ओ: छठू राम, आलमपुर, रोहतास आलमपुर, बिहार-स्कूल, रोहतास, बिहार-821113 पर भी: खाता नंबर-07, प्लॉट नंबर 103, मौजा-कदवा, थाना-शिवसागर में, थाना नंबर-373, उपमंडल कार्यालय-सासाराम, ना, कदवा, आंचल शिवसागर, रोहतास बिहार-821111	रु. 1721685.85/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: का विवरण: मौजा कदवा, थाना-शिवसागर में प्लॉट नंबर-103/खाता नंबर-07, थाना नंबर-373, उप पंजीयक कायार्सलय-सासाराम ना कदवा आंचल शिवसागर रोहतास 821111 बिहार जांच पूर्व के अनुसार-प्लॉट ओलाडु साह पश्चिम-12 फीट कच्छ रास्ता उत्तर-आशादेवी दक्षिण-विलेख पूर्व के अनुसार आकाश कुमार का प्लॉट-लड्डू साह (विलेख)/लड्डू साह (अमीन नक्शा) पश्चिम-लठ (विलेख)//20 फीट पिंड (अमीन नक्शा) उत्तर-शकुंतला देवी (विलेख)//आशा देवी (अमीन नक्शा) दक्षिण-आकश कुमार (विलेख)//आकाश कुमार (अमीन नक्शा)		
5.	लेन:एचएल 30 एमटीएच 000101664 मूल ऋणदाता:मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचनाकी तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल ट्रस्ट 2026-0028	श्री/श्रीमती नौशाद आलम, श्री/श्रीमती अमिल हुसैन श्री/श्रीमती असलम आजाद, श्री/श्रीमती रवीना परवीन सभी यहा रह रहे हैं: राजवाड़ा बिशुनपुर पट्टी, मुजफ्फरपुर बिहार, रजवारा चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-843125 पर भी:- एटी-मौजे-राजवाड़ा, थाना-साहेबगंज, थाना नंबर-25, खटा नंबर-13, खेसरा नंबर-1007, आंचल-साहेबगंज, सब रजिस्ट्री-पारू, मध्य विद्यालय राजवाड़ा 100 मीटर, खटा नं.-13, खेसरा नंबर-1007, जिला-मुजफ्फरपुर, बिहार-पिन-843125	रु. 1093901,43/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: पर-मौजा-राजवाड़ा, थाना-साहेबगंज, थाना संख्या-25, खाता संख्या-13, खेसरा नंबर-1007, आंचल-साहेबगंज, सब रजिस्ट्री-पारू, जिला-मुजफ्फरपुर, राज्य बिहार-। पिन-843125 के अनुसार जांच-उत्तर-काली शंकर स्मामा दक्षिण-एमडी सगीर पूर्व-6 फीट रोड तो निज भूमि पश्चिम-निज खरीदार के अनुसार विलेख-उत्तर-काली शंकर स्मार्मा दक्षिण-एमडी सगीर पूर्व-निज खरीदार पश्चिम-निज खरीदार		
6.	लेन:एलएपी 1 एचजेपी 000077209 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती जितेन्द्र कुमार पंकज श्री/श्रीमती नयना राम सभी यहां रह रहे हैं: सहदुल्लापुर, हाजीपुर वैशाली बिहार, गुरुकुल विद्यापीठ पब्लिक स्कूल, बिदुपुर, बिहार-844102 पर भी: मौजा सहदुल्लाहपुर, थाना गंगा में, थाना नंबर-219, खाता नंबर 369, खेसरा नंबर 613, आंचल हाजीपुर अतार निबंधन कार्यालय हाजीपुर, जिला वैशाली, बिहार पिन-844102, ना, नवापदा चौक बैंक ऑफ इंडिया, 613 बिदुपुर बिहार-844102	रु. 1385451,66/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति विवरण मौजा-सहदुल्लाहपुर, थाना-गंगा, थाना संख्या-219, खाता संख्या-369, खेसरा नंबर-613, एएनसी एचएएल-हाजीपुर, भय निबंधन कार्यालय-हाजीपुर, जिला-वैशाली, बिहार पिन-844102 जांच के अनुसार उत्तर-रामचंद दास व अन्य दक्षिण-गली तो राज कुमार राम पूर्व-रमेश कुमार दास पश्चिम-ग्रामीण सड़क के अनुसार विलेख उत्तर-रामचंद्र दास व अन्य दक्षिण-राज कुमार राम पूर्व-रमेश कुमार दास पश्चिम-ग्रामीण सड़क		
7.	लेन+एलएपी 3 बीएपी 000090998 मूल ऋणदाता:मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट 2026-0026	श्री/श्रीमती केशव कुमार यादव, श्री/श्रीमती सुमन कुमार श्री/श्रीमती निर्मला देवी सभी यहा रह रहे हैं: सी/ओ नरसिंह यादव, घसियां, धोरेया, बांका-813224, बजरंगवाली मंदिर के पास, बांका, बिहार-813101 इसके अलावा:-खाता नंबर-175/35, खेसरा नंबर-508/367, बांका 813224	रु. 1190233,38/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: खाता संख्यारू-175//35 खेसरा नं.-508/367, गांव-चांदनी चौक, मौजा+पंचायत-घसिया, वार्ड नं.-09, पी.ओ.+थाना+ब्लॉक+सी.ओ.-धोरिया, थाना नं.-313, रजिस्ट्री कार्यालय+जिला-बांका, पिन कोड-813224 जांच के अनुसार पूर्व-वी/पी चंपा देवी पश्चिम-पीसीसी रोड 30 फीट उत्तर-एच/ओ शंभू भगत दक्षिण-एच/ओ फुलचंद मंडल विलेख के अनुसार पूर्व-चंपा देवी पश्चिम-सड़क पक्की उत्तर-शंभू भगत दक्षिण-फुलचंद मंडल		
8.	लेन+एनएपी 3 बीटीएच 000100095 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती धनंजय कुमार यादव (उर्फ) धनंजय यादव, श्री/श्रीमती रिंकी राय सभी यहा रह रहे हैं: दीपा, तलवा पोखर रपूर्वी चंपारण तलवा, पोखर बिहार-845437, शिव मंदिर के पास, पूर्व चंपारण, बिहार-845437 पर भी: मौजा हरदिया थाना में तुरकौलिया थाना नंबर-174, खाता नंबर-101, खेसरा नंबर 34 अंचल तुरकौलिया जिला पूर्वी चंपारण बिहार पिन-845401	रु. 1755293,13/- 05.05.26 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: एटी-मौजा-हार्डिया, थाना-तुरकौलिया, थाना संख्या-174, ,खाता नंबर-101, खेसरा नंबर-34, आंचल-तुरकौलिया, जिला-पूर्वी चंपारण बिहार। पिन-845401 विलेख उत्तर-मुन्नी के मित्रा देवी पूर्व का खाली प्लॉट-सिमा देवी पश्चिम का खाली प्लॉट-रास्ता।		
9.	LAP3SAM000079818 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडल निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम+ आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती पप्पू सहनी, श्री/श्रीमती कमल सहनी श्री/श्रीमती सरोजनी देवी सभी यहा रह रहे हैं: सी/ओ/कमल कुमार साहनी, सदीपुर, समस्तीपुर, बिहार-848133, स्कूल, समस्तीपुर बिहार-848133 पर भी:-खाता नंबर 30 पुराना 611 नया, खेसरा नंबर-136 पुराना-281 नया, मौजा खारी, वार्ड नंबर 04, थाना खानपुर, थाना नंबर 175, आंचल खानपुर, उप पंजीयक किशनपुर, जिला समस्तीपुर, राज्य बिहार, पिन-848133	रु. 791913,14/- 05.05.2026 को
	अपरिवर्तनीय संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति:खाता-30 पुराना/611 नया, खेसरा-136 (पुराना)/281 (नया), मौजा-खारी, वार्ड नं.-04, थाना-खानपुर, थाना नं.-175, प्रगति-कसमा, आंचल-खानपुर, उप पंजीयक-किशनपुर, जिला-समस्तीपुर, 848133, बिहार। जांच के अनुसार उत्तर-12 फीट रोड दक्षिण-हरे कृष्ण राय (निजाम) पूर्व-राम विलास राम पश्चिम-हरि किशुन सह यास उत्तर-रोड दक्षिण-निज विक्रेता-राम बिलास राम पश्चिम-खरीदार, क्षेत्र: 10 धूर/2.218 दशमलव		
10.	लेन: एलएपी 3 एएस 000095046 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 27.05.206 ट्रस्ट का नाम: अर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती गणेश राम, श्री/श्रीमती कंचन देवी सभी यहां निवास कर रहे हैं: सी/ओ-भोला राम, वार्ड नंबर-06, गाम बारी, झिकटिया, झिकटिया खगड़िया मस्जिद के पास, खगड़िया, बिहार-851213 पर भी:-खाता नं.-164, खेसरा नं.-269, मौजा झिकटिया, थाना-मेहकिुंठ, थाना नं.-295, आंचल गोगरी, उप रजिस्ट्री-खगड़िया, जिला-खगड़िया जिला-खगड़िया, राज्य-बिहार, पिन-851213	रु. 1429444,75/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: खता-164, खेसरा-269, मौजा-झिकटिया, थाना-महेशखूंट, थाना नं.-295, वार्ड नं.-06, विल-झिकटिया, पी.एस.-महेशखूंट, जिला-खगड़िया, 851213, बिहार। जांच के अनुसार उत्तर-3' पीसीसी रोड दक्षिण-सागर साह पूर्व-खुशबू देवी पश्चिम-सुनैना देवी विलेख उत्तर-5' कच्ची रोड दक्षिण के अनुसार-सागर साह पूर्व-खुशबू देवी पश्चिम-सुनैना देवी, क्षेत्र: 10 धूर।		
11.	लेन: एलएपी 3 एसएसआर 000090545 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड ट्रस्ट का नाम+ आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती सुनील कुमार, श्री/श्रीमती चंद्रावती कुमारी सभी यहा रह रहे हैं:सी/ओ संतोष प्रसाद, सखारा, रोहतास बिहार, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक राजपुर, रोहतास के पास, बिहार-802219-मौजा-राजपुर, थाना-राजपुर, आंचल-राजपुर रजिस्ट्री कार्यालय-सासाराम, जिला-रोहतास, थाना नंबर-07, हलका-07, खाता नंबर-82, प्लॉट नंबर-2768	रु. 1569311,82/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: मौजा7राजपुर, थाना-राजपुर, आंचल-राजपुर, रजिस्ट्री कार्यालय में-सासाराम, जिला-रोहतास, थाना नंबर-07, हलका-07, खाता नंबर-82, प्लॉट नंबर-2768। जांच के अनुसार पूर्व-केसर राम (गृह) पश्चिम-रास्ता उत्तर-मुनि लाल राम (घर), दक्षिण-राम बचन राम (घर), विलेख के अनुसार पूर्व-केसर राम पश्चिम-रास्ता, उत्तर-मुनिल लाल राम दक्षिण-रामबचन राम (गृह)		
12.	लेन: एलएपी 4 डीएआर 000131371 मूल ऋणता: मेसर्स चोलामंडल निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट- 2026-0028	श्री/श्रीमती इस्लाम इस्लाम, श्री/श्रीमती चंदानी खातून सभी यहां रह रहे हैं: सी/ओ/-अबुबकर, गधिया, मुस्लिम टोल, बेलाही मधुबनी, 847231, मुस्लिम टोल के पास, मधुबनी बिहार-847231 पर भी: खाता नं.-689, पर मौजा-उदयपुर थाना-पंडौल, मधुबनी, बिहार-847231	रु. 1803373,66/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण पर-मौजा-उदयपुर, बिठवार, प्रज्ञा और थाना-पांडौल, थाना नंबर-139, नया खाता नंबर-689, मुसिलम टोला के पास 1498, 1491, 1490, प्लॉट नं.-2203, 2206, 2205, 2207, 2208, जिला-दरभंगा, मधुबनी बिहार बिहार। पिन-847231 जांच के अनुसार उत्तर-10 फीट पीसीसी रोड, दक्षिण-हसनैन पूर्व-लक्ष्मणेश्वर चौधरी, पश्चिम-अब्दुल गनी, उत्तर-रास्ता, दक्षिण-हसनैन, पूर्व-लक्ष्मणेश्वर चौधरी, पश्चिम-अब्दुल गनी।		

नोटिस, इसलिए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओ)/गारंट(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उन्हें भुगतान करने के लिए कहा जाता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित लेन के खिलाफ ऊपर दिखाए गए कुल बकाया राशि में से। मामले में विफलता संबंधित उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) द्वारा ब्याज के साथ/कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए, एआरसीआईएल करेगा सरफेसी अधिनियम के लिए धारा 13 (4) के अधीन उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए विवश होना। इसके अलावा, सेवा के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विहित अन्य शिष्टाचार में सूचना। आपको ध्यान देना होगा कि उक्त बंधक को भुनाया जा सकता जा सकता है प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय एआरसीआईएल द्वारा किए गए लागत, शुल्क और व्यय के साथ देय पूरी राशि का भुगतान करने पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में विस्तृत रूप में बिक्री के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी या निजी उपचार के लिए सूचना। सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के संदर्भ में आपको इसके द्वारा स्थानांतरित करने और/या सुरक्षित से निपटने से रोका जाता है बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी तरीके के संपत्ति।

स्थान : बिहार **ह./-प्राधिकृत अधिकारी**

दिनांक 19.10.2026 **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, (ट्रस्टी) के रूप में क्षमता)**

थार-बाइक की टक्कर में तीन की मौत



बेगूसराय(आससे)। मुंगेर से दुर्गा मेला देखकर लौट रहे थे तीनों, टक्कर के बाद करीब दस मीटर तक थार के नीचे घिसटती रही बाइक एनएच-३३३बी पर टोल प्लाजा के समीप मंगलवार दोपहर करीब दो बजे तेज रफ्तार महिंद्रा थार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मश्तकों की पहचान रघुनाथपुर बरारी वार्ड तीन निवासी संतोष यादव उर्फ सत्तन (४३), उनके सात वर्षीय पुत्र आयुष कुमार और डंडारी निवासी उनकी सरहज सुलेखा देवी (४६) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संतोष यादव अपने पुत्र आयुष और सरहज सुलेखा देवी के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर मुंगेर से दुर्गा मेला देखकर लौट रहे थे। इसी दौरान टोल प्लाजा के समीप खगड़िया की ओर से आ रही तेज रफ्तार महिंद्रा थार से बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक थार के नीचे जा घुसी और वाहन के साथ करीब दस मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद तीनों के शव अलग-अलग स्थानों पर जा गिरे। एक शव सड़क के दूसरी ओर, जबकि दूसरा सड़क पर गिरा। वहीं महिला का शव सड़क किनारे एक एस्बेस्टस की छत पर जा गिरा। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। एक ही परिवार के पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। दुर्गा मेला देखकर लौट रहे परिवार की खुशियां रास्ते में हुए हादसे के बाद मातम में बदल गईं।

रावण दहन में हजारों की संख्या में हुए शामिल

छौड़ाही (आससे)। उच्च विद्यालय छौराही परिसर में विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन किया गया। मुख्य अतिथि चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व बाल विकास समाज कल्याण मंत्री कुमारी मंजू वर्मा का पुत्र अभिषेक आनंद अपने संबोधन में कहा कि रावण दहन गलत के विनाश का प्रतीक है। लोगों पर अत्याचार राक्षसों के द्वारा किया जाता था ऐसा ग्रंथ से प्रतीत होता है तब तब शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का अवतार होकर



रक्षा का नाश किया गया है। विजयदशमी यह दर्शाता है की सत्य की हमेशा विजय होती है। प्रखंड अंचल पदाधिकारी से लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद देखे गए हैं। मौके पर छौराही दुर्गा समिति अध्यक्ष रामकुमार वर्मा पूजा समिति सलाहकार अवकाश प्राप्त शिक्षक जिला पार्षद प्रेमलता कुमारी पंचायत मुखिया काजल कुमारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल मंत्री राम बहादुर सुमन जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर रमेश राणा महेश कुमार पूर्व प्रखंड प्रमुख अवंतिका कुमारी कैलाश पासवान प्रणव कुमार पूजा समिति के सदस्य एवं गणमान्य समेत हजारों की संख्या में प्रखंड क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल थे।

धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया गया

बछवाड़ा (आससे)। प्रखंड क्षेत्र के २५ दुर्गा मंदिरों में शांतिपूर्वक, हर्षोल्लास के वातावरण में धूमधाम से माँ दुर्गा पूजा मनाया गया। नवरात्र दो दिन हवन, कन्या भोजन, तिथियों में बदलाव के कारण भीड़ कम देखने को मिला। सोमवार को बड़ी दुर्गा मंदिर नारेपुर ठाकुरबाड़ी, झमटिया ढ़ाला, झमटिया, अरवा, चमथा बड़खुट सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में हवन, कन्या भोजन हुआ जबकि मंगलवार को बैंक बाजार, चिरंजीवीपुर, दरगहपुर ठाकुरबाड़ी, भरौल, रानी गोधना, मरॉची, नारेपुर धर्मपुर, फतेहा, मुरली टोल चौक, चमथा छोटखुट समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में हवन, आहुति और कन्या भोजन कराया गया। बुधवार को सभी दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ काफी देखी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम मुस्तैद होकर गश्त लगाती रही। अरवा, चमथा छोटखुट, बेगमसराय दुर्गा मंदिरों में सैकड़ा छाबड़ा की बलि दी गई। मुरली टोल चौक, चिरंजीवीपुर, झमटिया, नारेपुर ठाकुरबाड़ी मंदिरों में देवी जागरण का आयोजन किया गया।

कल्पवास मेला के शुभारंभ पर कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



तिलरथ(आससे)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, बेगूसराय के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजकीय कल्पवास मेला, सिमरिया धाम के शुभारंभ के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय, बीहट, बेगूसराय के कलाकारों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ में मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय, बीहट के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ। संस्था के गुरु अशोक पासवान के निर्देशन में निशु कुमारी ने अपनी मधुर आवाज में स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके उपरांत कलाकारों ने 'जरा देर ठहरो राम', 'काठ ही काठ के कोठरिया हो दीनानाथ', 'गाम के अधिकारी तोहे बड़का भैया हो' तथा 'चल ली गंगोत्री से गंगा मैया' जैसे गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इन लोकगीतों के माध्यम से कलाकारों ने बिहार की समृद्ध लोक-संगीत परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान लोकनृत्य की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सांस्कृतिक संध्या ने लोककला और लोकसंस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय मनोज कुमार एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी द्वारा मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय, बीहट के कलाकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

स्कूलों में पढ़ाई की हकीकत परखेंगे सीआरसी

भगवानपुर (आससे)। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने नया प्रयोग शुरू किया है। अब संकुल संसाधन केंद्र के समन्वयक (सीआरसी) खुद कक्षाओं में जाकर पढ़ाई का स्तर परखेंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशक सह राज्य एफएलएन मिशन के निदेशक ने सभी सीआरसी समन्वयकों को निर्देश दिया है कि प्रशिक्षण में शामिल होने से पहले वे कम से कम दो कक्षाओं का व्यवहारिक अवलोकन अनिवार्य रूप से करें। अवलोकन के दौरान समन्वयक यह देखेंगे कि बच्चे कितना सीख रहे हैं, शिक्षक किस तरीके से पढ़ा रहे हैं और कक्षा का माहौल कैसा है। इसके लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर उपलब्ध कक्षा अवलोकन टूल (सीओटी) की मदद ली जाएगी। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित होगा।

प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

वीरपुर (आससे)। थाना क्षेत्र के एक गांव में १० वर्षीय एक मूक बधिर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास करने के मामले में प्रथमिकी अभियुक्त को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रथमिकी अभियुक्त ग्रामीण दिलीप यादव को पुलिस ने उसे न्यायलय में सुपूर्द कर दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया है कि विगत रविवार को मामला दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर आरोपी को सोमवार को उसे कर लिया गया।

चमथा कल्पवास मेला धार्मिक-अनुष्ठान के साथ शुरू


बछवाड़ा(आससे)। चमथाघाट कल्पवास आयोजन स्थल पर संतों के द्वारा कल्पवास आयोजन हेतु धार्मिक अनुष्ठान के साथ धार्मिक पताका लगाए गए जिसमें कल्पवास सेवा समिति के अध्यक्ष श्री श्री १००८ संत श्री सत्यनारायण दास जी महाराज, महामंडलेश्वर राष्ट्रीय संत श्री श्री १००८ संत श्री रामसेवक दास शास्त्री उर्फ ननकी बाबा, श्री श्री १००८ संत श्री रामबालक आचार्य, श्री श्री १००८ संत श्री शिवचंद्र जी महाराज, श्री श्री १००८ संत श्री उद्धव दास जी महाराज, श्री श्री १००८ संत श्री किशोरी शरण जी महाराज, सहित दर्जनों साधु संतों ने धार्मिक पताका लगाएं, जिसमें मुखियाजी श्रीराम राय, सरपंच प्रतिनिधि सरवन कुमार राय, राम नरेश राय पहलवान, उपेंद्र राय,



	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण पर-मौजा-उदयपुर, बिठवार, प्रज्ञा और थाना-पांडौल, थाना नंबर-139, नया खाता नंबर-689, मुसलिम टोला के पास 1498, 1491, 1490, प्लॉट नं.-2203, 2206, 2205, 2207, 2208, जिला-दरभंगा, मधुबनी बिहार बिहार। पिन-847231 जांच के अनुसार उत्तर-10 फीट पीसीसी रोड, दक्षिण-हसनैन पूर्व-लक्ष्मणेश्वर चौधरी, पश्चिम-अब्दुल गनी, उत्तर-रास्ता, दक्षिण-हसनैन, पूर्व-लक्ष्मणेश्वर चौधरी, पश्चिम-अब्दुल गनी।		

नोटिस, इसलिए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंट(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उन्हें भुगतान करने के लिए कहा जाता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित लेन के खिलाफ ऊपर दिखाए गए कुल बकाया राशि में से। मामले में विफलता संबंधित उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) द्वारा ब्याज के साथ/कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए, एआरसीआईएल करेगा सरफेसी अधिनियम के लिए धारा 13 (4) के अधीन उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए विवश होना। इसके अलावा, सेवा के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विहित अन्य शिष्टाचार में सूचना। आपको ध्यान देना होगा कि उक्त बंधक को भुनाया जा सकता जा सकता है प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय एआरसीआईएल द्वारा किए गए लागत, शुल्क और व्यय के साथ देय पूरी राशि का भुगतान करने पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में विस्तृत रूप में बिक्री के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी या निजी उपचार के लिए सूचना। सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के संदर्भ में आपको इसके द्वारा स्थानांतरित करने और/या सुरक्षित से निपटने से रोका जाता है बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी तरीके के संपत्ति।

स्थान : बिहार — **ह./-प्राधिकृत अधिकारी**

दिनांक 19.10.2026 — **एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, (ट्रस्टी) के रूप में क्षमता)**

हाजीपुर-सोनपुर में विजयादशमी के बाद दिनभर होता रहा प्रतिमा का विसर्जन

कोनहारा-सीढ़ी घाट और काली घाट पर उमड़े श्रद्धालु, नम आंखों से दी मां को विदाई

हाजीपुर (आससे)। विजयादशमी के समापन के बाद बुधवार की सुबह से ही प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर चलता रहा। हाजीपुर में राजेंद्र चौक, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, गांधी चौक और टेंपो स्टैंड गांधी चौक सहित विभिन्न पूजा पंडालों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन कौनहारा घाट और सीढ़ी घाट पर नारायणी नदी में किया गया।

वहीं सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र की प्रतिमाओं का विसर्जन सोनपुर के प्रसिद्ध काली घाट पर गंडक-गंगा संगम तट पर किया गया। दोनों ही घाटों पर अगले बरस तू जल्दी आना मां के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को भावभीनी विदाई दी। सोनपुर के नर्मदेश्वर नाथ मंदिर परिसर, स्टेशन गेट पूजा समिति द्वारा भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति के जितेंद्र सिंह, सुधीर राय, मनीष कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता



और श्रद्धालु विसर्जन जुलूस में शामिल रहे।

जिला प्रशासन की ओर से विसर्जन जुलूस पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सभी घाटों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल, एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम तैनात की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

वैशाली के चौकसन बाजार में चाकूबाजी, युवक घायल

दो दुकानदारों के झगड़े में बीच-बचाव कर रहे युवक को लगा चाकू, आरोपी फरार

हाजीपुर (आससे)। बिदुपुर थाना क्षेत्र के चौकसन बाजार में दो दुकानदारों के झगड़े के दौरान एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल की पहचान जुड़ावनपुर निवासी भूलन गिरी के पुत्र सत्यम कुमार (20) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार सत्यम बाजार में बर्गर खा रहा था, तभी चाट दुकानदार बद्री सिंह और मोमोज विक्रेता के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि मोमोज दुकान के कर्मचारी शिवम कुमार ने सत्यम पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू पेट के निचले हिस्से में लगी है। घायल को पहले बिदुपुर पीएचसी लाया गया, जहां से हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चाट दुकानदार के अनुसार झगड़े के दौरान चाकू लगने का पता नहीं चला। घटना के बाद आरोपी फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोनपुर रेल मंडल में पहली बार सात दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव, रावण दहन के साथ हुआ समापन

डीआरएम अमित सरन रहे मौजूद, रेल परिवार में बढ़ेगी सांस्कृतिक समरसता

हाजीपुर (आससे)। पूर्व मध्य रेल



के सोनपुर मंडल में सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने की दिशा में पहली बार अनोखी पहल की गई। मंडल द्वारा 14 से 20 अक्टूबर तक सात दिवसीय भव्य श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का भव्य समापन मंगलवार को सोनपुर रेलवे स्टेडियम में रावण दहन एवं भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ।

सात दिनों तक चले इस महोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन, आदर्शों, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा पर आधारित रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतिम दिन उत्तरकांड के प्रसंगों ने मौजूद लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन गरिमामय रूप से मौजूद रहे। बड़ी संख्या में रेलकर्मी और उनके परिजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मंडल प्रशासन के अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रीराम के सत्य, धर्म, न्याय और सदाचार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और रेल परिवार के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देना है।

चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराना प्राथमिकता : डीएम

तिरहुत स्नातक-शिक्षक एमएलसी के लिए 23 को वोटिंग, हाजीपुर में तीसरा रेंडमाइजेशन संपन्न

हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि तिरहुत स्नातक और शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना प्राथमिकता है।



बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि आज पर्यवेक्षक की उपस्थिति में मतदान कर्मियों और सूक्ष्म पर्यवेक्षकों का तीसरा रेंडमाइजेशन संपन्न किया गया। इसके तहत पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी और सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्र आवंटित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि वैशाली जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 32 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। स्नातक क्षेत्र में 35,257 और शिक्षक क्षेत्र में 2,832 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तीसरे यादृच्छिकरण में 58-58 कर्मियों को केंद्र आवंटित किया गया है।

उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर छायांकन की व्यवस्था की गई है। मतदान दलों की रवानगी 22 अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय, हाजीपुर से होगी। इस दौरान जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की जाएगी। चुनाव के लिए 16 क्षेत्रीय और 5 वरिष्ठ क्षेत्रीय दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान के बाद सभी मतपेटिकाएं एमआईटी, मुजफ्फरपुर में जमा कराई जाएंगी।

काजीपुर में नाबालिग से अप्राकृतिक यौनाचार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, टेम्पो जब्त

फरार तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

हाजीपुर (आससे)। काजीपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालक के साथ हुई आपराधिक घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों



को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टेम्पो को भी जब्त कर लिया है।

सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बुधवार को बताया कि 17 अक्टूबर को पीड़ित के पिता ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 अक्टूबर को उनके पुत्र के साथ एक नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट और गाली-गलौज की थी। आवेदन के आधार पर काजीपुर थाना में कांड संख्या 32/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। अनुसंधान के क्रम में गंभीर प्रकृति का मामला प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि टीम ने लगातार छापेमारी कर दोनों आरोपियों को ग्राम भंडौली से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम सलेमपुर निवासी बल्लू कुमार उर्फ बबलू कुमार और ग्राम भंडौली निवासी सन्नी कुमार शामिल हैं। फरार तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, मो. नफीस खैर, पिता-सफी खैर पता-मीर गुलाबी की बाग, सदर गली, रानीपुर मिल्की चक, पटना सिटी, पटना-800008 दिनांक 21.10.26 शपथ पत्र संख्या-47 के अनुसार मोहम्मद नफीस खान के नाम से जाना जाऊंगा।
रसीद सं.-916

शपथ-पत्र

मैं सुबोध कुमार गिरि, पिता विजय शंकर गिरि ग्राम गोदना, मठिया,पो.वो थाना रिविलगंज, जिला , छपरा, सारण, बिहार, पिन कोड 841305 का निवासी हूं, शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरे पिताजी का नाम विजय गिरि (Vijay Giri) दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड मे मेरे पिताजी का नाम विजय शंकर गिरि (Vijay Shankar Giri) दर्ज है। मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरे आधार के अनुसार मेरे पिताजी का सही नाम Vijay Shankar Giri दर्ज कराने के लिए यह शपथ पत्र है.31017/12-10-26
9/509/26

शपथ-पत्र

मैं शर्मिला देवी उर्फ प्रमिला देवी पति मोखतार राय पता मकान नं. 106/9 सुभाष कॉलोनी शिव दुर्गा विहार लक्करपुर सुरजकुंड फरीदाबाद हरियाणा शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी सं. 535427790 है जिसमें मेरा नाम शर्मिला देवी दर्ज हैं। जबकि मेरा आधार सं.- **** 9262 है एवं मेरा बैंक खाता एवं पैन कार्ड मे मेरा नाम प्रमिला देवी हैं। मैं शर्मिला देवी उर्फ प्रमिला देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।
9/509/26

शपथ-पत्र

मैं विरेन्द्र कुमार उर्फ विजेन्द्र कुमार पिता शीला नाथ राय उर्फ शीला नाथ प्रसाद ग्राम अपहा टोला खरीदहा पो. अपहर जिला-सारण शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी सं.- 519608667 है जिसमें मेरा नाम विरेन्द्र कुमार तथा पिता नाम शीला नाथ राय दर्ज हैं। वही मेरा आधार सं.- ****2528 एवं बैंक खाता तथा पैन कार्ड मे मेरा नाम विजेन्द्र कुमार तथा पिता नाम शीला नाथ प्रसाद हैं। मैं तथा मेरे पिता उपरोक्त दोनों दो -दो नामों से जाने व पहचाने जाते हैं।
9/509/26

Change of Name

I hitherto known as SAROTI KUMARI D/o Birendra Gupta residing at Sikandra Pur, Sikandra Pur, Near Road Sikandarpur, PO: Sikandarpur, DIST: Siwan, Bihar-841434 have changed my name and shall hereafter be known as PRAGYA GUPTA.
9/484/26

नाम परिवर्तन

मैं, सरोती कुमारी (पिता-बीरेंद्र गुप्ता) के नाम से जानी जाती थी और जिसका निवास सिकन्दरपुर नियर रोड, पोस्ट-सिकन्दरपुर, जिला सिवान, बिहार 841434 है, ने अपना नाम बदल लिया है, अब से मैं प्रज्ञा गुप्ता के नाम से जानी जाऊंगी।
9/484/26

नाम परिवर्तन

मैं, Saraswati Kumari, पति महेश कुमार यादव, निवास-मिल्कीपर, पो. -एकंगरसराय, थाना-एकंगरसराय, जिला-नालंदा (बिहार)। शपथ पत्र सं. -22231 ता. 25.9.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम Sujeeta Kumari एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम Saraswati Kumari दर्ज है। अब मैं सभी कार्यों के लिए Saraswati Kumari के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

शपथ पत्र

मैं, इन्द्रजीत राय,उम्र-लगभग 49 वर्ष,पिता-श्री राजनाथ राय,ग्राम-कबीरपुर,पोस्ट-सिधवलिया,थाना-महम्मदपुर, जिला- गोपालगंज,आधार नं.-841627927661 का निवासी हूं। उद्घोषणा करता हूं कि मेरा नाम इन्द्रजीत राय और अरुण कुमार दोनों ही है। मैं उक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरे गांव में उक्त दोनों नामों का मेरे सिवा दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।
9/484/26

शपथ पत्र

मैं, राजीव कुमार, स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिंह का पुत्र, निवासी शिवाजी नगर, बालूपुर, डाकघर एवं थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार, एतद् द्वारा सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि: **1.** यह कि मेरे पुत्र का नाम **अन्यतम** है। **2.** यह कि मैंने अपने पुत्र के नाम में उपनाम अर्थात् **सिंह जोड़ा है**। **3.** यह कि मेरा पुत्र **अन्यतम** एवं **अन्यतम सिंह** एक ही व्यक्ति हैं। **4.** यह कि शपथ-पत्र संख्या 9164, दिनांक 13.10.2026 के अनुसार, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

शपथ पत्र

मैं, सुशील कुमार सिंह, पिता-मुरली सिंह, निवासी-मुरथान, पो.-परमानंदपुर, थाना-सोनपुर, जिला-छपरा, बिहार-841101, शपथ पत्र सं.-10835 दि. 16.10.26 द्वारा सूचित करता हूं कि मैं इंडियन नेवी से सेवानिवृत्त हूं। मेरे सेवा पुस्तिका सं. -P.No. 50253-Z में मेरे पिता का नाम Murli Singh एवं जन्म तिथि 05.11. 1952 दर्ज है, जो गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम Murali Singh एवं जन्म तिथि 31.12.1945 है। उनका आधार सं. -848433583262 है।

शपथ पत्र

मैं कैलाश कुमार राजभर पुत्र रामदेव राजभर निवासी ग्राम+पो. उघरन, जिला बलिया (यू. पी.) शपथ पत्र द्वारा सूचित करता हूं कि मेरे गांव के Aditya Bhardwaj पिता-Abhiram Bhardwaj के नाम पॉलिसी सं. 512967851 जारी है। जबकि दस्तावेजों में Abhinav Bhardwaj पिता Abhiram Bhardwaj दर्ज है। जो कि ग्रा. +पो.-उघरन जिला बलिया (यू.पी.) के निवासी हैं। इस नाम का कोई दूसरा व्यक्ति इस गांव में नहीं है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

खोया-पाया

मैं, अशोक कुमार यादव, पिता- जय नारायण यादव, निवासी- सरोजा कोनी, वार्ड नं0-12, थाना- सुपौल नदी थाना, जिला- सुपौल, राज्य - बिहार का निवासी हूँ। अशोक कुमार यादव एवं अरुण कुमार यादव, पिता- जय नारायण यादव के नाम पर एक जमीन स्थित है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:- मौजा / गाँव:- सरोजा बेला, थाना नंबर:- 110, खाता नंबर:- 228, 423, 28, 90 खेसरा / प्लॉट नंबर:- 6024, 5994, 6006, 5970, 5971, 5972, 5973, 5974, 5979, 5980, 5981, 5984, 5715, 6013, 6014, केवाला / विलेख संख्या (Deed No.): 4724 पंजीकरण वर्ष (Registration Year): 1996 उक्त जमीन का मूल केवाला (Original Deed) दिनांक 21/09/2026 को घर से निर्मली जाने के क्रम में कहीं खो गया / गुम हो गया है। मैंने अपने स्तर पर उक्त मूल केवाला की काफी ढूँढने का प्रयास किया लेकिन वह कहीं प्राप्त नहीं हो सका। उपरोक्त कागजात जिस किसी व्यक्ति को मिले वो उपरोक्त पते पर पहुँचाने का कष्ट करें या फोन नं. मोबाइल - ....पर सूचित करें।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय-सिविल जज (जूनियर. डिवीजन), कोर्ट नं.-3, गोरखपुर
वाद संख्या-4915/2017
दिग्विजय सिंह वगैरह बनाम सनेही वगैरह

बनाम-2. श्रीमती कुन्ती देवी उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी श्री बलिराम प्रसाद निवासिनी ग्राम-सुल्तानपुर पोस्ट-आन्दर जिला-सिवान बिहार प्रांत

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 10 के 31 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 12 माह 10 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन नं.-यू 65999 एमएच 2002 पीएलसी 134884 *वेबसाइट: www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालय: द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 । दूरभाष । सं.: 022-66581300

डिमांड नोटिस

चूंकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) के अधिकृत अधिकारी (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करना) (इसके बाद ''एआरसीआईएल'' के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल है और एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके पश्चात ''सरफेसी अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) और जबकि उधारकर्ता (ओ)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के रूप में नीचे के कॉलम नंबर 2 में उल्लेख किया उल्लिखित चार्ट में मूल उधारदाताओं के ऋण प्राप्त किया और जबकि एआरसीआईएल ने ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है यहां नीचे उल्लेख किया गया है और जबकि एआरसीआईएल सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित लेदान है। और के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के नियम 2 के साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता(ओं) को बुलाते हुए मांग नोटिस जारी किया/सह-उधारकर्ता (ओ)/गारंटर(ओं) जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है, नोटिस में उल्लिखित राशि को 60 दिनों के भीतर और आगे ब्याज के साथ चुकाने के लिए नोटिस की तारीख से,लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ पर नोटिस नहीं दिए जा सके।

क्र. सं.	लेन/मूल ऋणदाता का नाम डिमांड नोटिस की तारीख/ट्रस्ट का नाम	उधारकर्ता(ओ)/सह-उधारकर्ता (ओं)/गारंटर	कुल बकाया भारतीय रुपये की मांग नोटिस की तारीख सं
1.	लेन: एचएल 05एआरएच 000059285 मूल ऋणदाता:मेसर्स चालामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट 2026-0028	श्री/श्रीमती विनोद कुमार गुप्ता, श्रीमती सोनी देवी श्री/श्रीमती मुन्ना साह सभी यहां रह रहे है: सी/ओ स्वर्गीय हृदय साह गजराजगंज, आरा-भोजपुर, हनुमान मंदिर के पास, आरा, बिहार-802157 यह भी : मौजा नवानगर में खटा 135 खेसरा 1114 थाना उदवंतपुर, थाना नंबर-326, जिला में ।-भोजपुर । पास हनुमान मंदिर आरा-802157	रु. 1173577,1/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण : खेसरा नंबर-1114, खाता नंबर-135 के तहत, मौजा-नवानगर, थाना में उदवंतपुर, थ ाना नं.-326, जिला-भोजपुर, राज्य-बिहार जांच के अनुसार उत्तर भरत चौधरी, दक्षिण-निज लेखकारी, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-निज रास्ता उसके बाद सरयू साह, उत्तर-चौधरी, दक्षिण-निज लेखकारी, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-सरयू साह डीड के अनुसार		
2	लेन: एचएल 25 एमयूजेड 000120994 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती सुभाष कुमार, श्री/श्रीमती पिंकी कुमारी सभी यहां निवास कर रहे हैं: सी/ओ:प्रमोद महतो, वार्ड-9, रामनगर, नियर स्कूल बेंगाही सीतामढ़ी आर बगाही, स्कूल, सीतामढ़ी, बिहार-543311 पर भी:-खेसरा नं.-8676, खटा नंबर 1550, मौजे-झापा, थाना-अहियापुर, थाना-नंबर-594, अंचल-बोचहां, मुजफ्फरपुर, बिहार-842004	रु. 683721,4/- 05.05.2026 को
	का र्वान अंचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: पर-मौजा-झापा, नियर-आरपीएस स्कूल झापा थाना-अहियापुर, थाना नंबर-594, खाता नंबर-1550, खेसरा नंबर-8676, अंचल-बोचहां, जिला-मुजफ्फरपुर, राज्य-बिहार।पिन-842004 के रूप में प्रति जांच उत्तर- । मोती सहनी, दक्षिण-सुधीर राम, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-रास्ता विलेख सं. उत्तर-निज लेखकारी, दक्षिण-सुधीर राम, पूर्व-निज लेखकारी, पश्चिम-12 फीट रास्ता		
3.	लेन+एचएल 25 एसएएम 000076197 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती पंकज रे, श्री/श्रीमती कविता देवी सभी यहां निवास कर रहे है।+ बोचाहा, ब्रह्म बाबा के पास, समस्तीपुर, बिहार-848503 पर भी: प्लॉट नंबर 76 पुराना 106 नया, मौजा चकजोहरा गोपाली, वार्ड नंबर 05 थाना नंबर 127, थाना मोहिउद्दीननगर, हनुमान मंदिर के पास, 958 वर्गफुट, परगना बालागच खाता नंबर 19 पुराना 12 नया, मोहउद्दीननगर, बिहार-848502	रु. 1215423,91/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण : खाता-19 (पुराना), 12 (नया), प्लॉट नं.।-76 (पुराना) 106 (नया), मौजा-चकजोहरा गोपाली, थाना-मोहिउद्दीननगर, थाना नं.-127, 958, वर्गफीट, प्रांगण-बालागच, वार्ड नं.-05,, मोहिउद्दीनगर, नियर हनुमान मंदिर, जिला-समस्तीपुर-848502, बिहार। जांच के नअुसार उत्तर-हरेंद्र नारायण सिह, दक्षिण की भूमि-चंदन कुमार पूर्व की भूमि-5 फीट सोलिंग रोड तो कांति देवी पश्चिम की भूमि-संजय सिंह, नीलकेश्वर सिंह की भूमि, सनील कुमार सिंह (निज विक्रेता) विलेख उत्तर के अनुसार-हरेंद्र नारायण सिंह की भूमि दक्षिण-चंदन कुमार की भूमि पूर्व-कांति देवी पश्चिम-निज विक्रेता, क्षेत्रफल : 11 धूर/2.2 दशमलव/958 वर्गफट		
4.	HL29SSR 000130423 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती उपेंद्र कुमार रवि (उर्फ) उपेन्द्र रवि, श्री/श्रीमती प्रतिमला देवी सभी यहां निवास कर रहे हैं:/ओ: छटू राम, आलमपुर, रोहतास आलमपुर, बिहार-स्कूल, रोहतास, बिहार-821113 पर भी: खाता नंबर-07, प्लॉट नंबर 103, मौजा-कदवा, थाना-शिवसागर में, थाना नंबर-373, उपमंडल कार्यालय-सासाराम, ना, कदवा, आंचल शिवसागर, रोहतास बिहार-821111	रु. 1721685.85/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: का विवरण: मौजा कदवा, थाना-शिवसागर में प्लॉट नंबर-103/खाता नंबर-07, थाना नंबर-373, उप पंजीयक कायार्सलय-सासाराम ना कदवा आंचल शिवसागर रोहतास 821111 बिहार जांच पूर्व के अनुसार-प्लॉट ओलाडु साह पश्चिम-12 फीट कच्छ रास्ता उत्तर-आशादेवी दक्षिण-विलेख पूर्व के अनुसार आकाश कुमार का प्लॉट-लड्डू साह (विलेख)/लड्डू साह (अमीन नक्शा) पश्चिम-लठ (विलेख)//20 फीट पिंड (अमीन नक्शा) उत्तर-शकुंतला देवी (विलेख)//आशा देवी (अमीन नक्शा) दक्षिण-आकश कुमार (विलेख)//आकाश कुमार (अमीन नक्शा)		
5.	लेन:एचएल 30 एमटीएच 000101664 मूल ऋणदाता:मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचनाकी तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल ट्रस्ट 2026-0028	श्री/श्रीमती नौशाद आलम, श्री/श्रीमती अमिल हुसैन श्री/श्रीमती असलम आजाद, श्री/श्रीमती रवीना परवीन सभी यहा रह रहे हैं: राजवाड़ा बिशुनपुर पट्टी, मुजफ्फरपुर बिहार, रजवारा चौक, मुजफ्फरपुर, बिहार-843125 पर भी:-एटी-मौजे-राजवाड़ा, थाना-साहेबगंज, थाना नंबर-25, खटा नंबर-13, खेसरा नंबर-1007, आंचल-साहेबगंज, सब रजिस्ट्री-पारू, मध्य विद्यालय राजवाड़ा 100 मीटर, खटा नं.-13, खेसरा नंबर-1007, जिला-मुजफ्फरपुर, बिहार-पिन-843125	रु. 1093901,43/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: पर-मौजा-राजवाड़ा, थाना-साहेबगंज, थाना संख्या-25, खाता संख्या-13, खेसरा नंबर-1007, आंचल-साहेबगंज, सब रजिस्ट्री-पारू, जिला-मुजफ्फरपुर, राज्य बिहार-। पिन-843125 के अनुसार जांच-उत्तर-काली शंकर स्मामा दक्षिण-एमडी सगीर पूर्व-6 फीट रोड तो निज भूमि पश्चिम-निज खरीदार के अनुसार विलेख-उत्तर-काली शंकर स्मार्मा दक्षिण-एमडी सगीर पूर्व-निज खरीदार पश्चिम-निज खरीदार		
6.	लेन:एलएपी 1 एचजेपी 000077209 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती जितेन्द्र कुमार पंकज श्री/श्रीमती नयना राम सभी यहां रह रहे हैं: सहदुल्लापुर, हाजीपुर वैशाली बिहार, गुरुकुल विद्यापीठ पब्लिक स्कूल, बिदुपुर, बिहार-844102 पर भी: मौजा सहदुल्लाहपुर, थाना गंगा में, थाना नंबर-219, खाता नंबर 369, खेसरा नंबर 613, आंचल हाजीपुर अतार निबंधन कार्यालय हाजीपुर, जिला वैशाली, बिहार पिन-844102, ना, नवापदा चौक बैंक ऑफ इंडिया, 613 बिदुपुर बिहार-844102	रु. 1385451,66/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति विवरण मौजा-सहदुल्लाहपुर, थाना-गंगा, थाना संख्या-219, खाता संख्या-369, खेसरा नंबर-613, एएनसी एचएएल-हाजीपुर, भय निबंधन कार्यालय-हाजीपुर, जिला-वैशाली, बिहार पिन-844102 जांच के अनुसार उत्तर-रामचंद दास व अन्य दक्षिण-गली तो राज कुमार राम पूर्व-रमेश कुमार दास पश्चिम-ग्रामीण सड़क के अनुसार विलेख उत्तर-रामचंद्र दास व अन्य दक्षिण-राज कुमार राम पूर्व-रमेश कुमार दास पश्चिम-ग्रामीण सड़क		
7.	लेन+एलएपी 3 बीएपी 000090998 मूल ऋणदाता:मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथा: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट 2026-0026	श्री/श्रीमती केशव कुमार यादव, श्री/श्रीमती सुमन कुमार श्री/श्रीमती निर्मला देवी सभी यहा रह रहे हैं: सी/ओ नरसिंह यादव, घसियां, धोरेया, बांका-813224, बजरंगवाली मंदिर के पास, बांका, बिहार-813101 इसके अलावा:-खाता नंबर-175/35, खेसरा नंबर-508/367, बांका 813224	रु. 1190233,38/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: खाता संख्यारू-175//35 खेसरा नं.-508/367, गांव-चांदनी चौक, मौजा+पंचायत-घसिया, वार्ड नं.-09, पी.ओ.+थाना+ब्लॉक+सी.ओ.-धोरिया, थाना नं.-313, रजिस्ट्री कार्यालय+जिला-बांका, पिन कोड-813224 जांच के अनुसार पूर्व-वी/पी चंपा देवी पश्चिम-पीसीसी रोड 30 फीट उत्तर-एच/ओ शंभू भगत दक्षिण-एच/ओ फुलचंद मंडल विलेख के अनुसार पूर्व-चंपा देवी पश्चिम-सड़क पक्की उत्तर-शंभू भगत दक्षिण-फुलचंद मंडल		
8.	लेन+एनएपी 3 बीटीएच 000100095 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती धनंजय कुमार यादव (उर्फ) धनंजय यादव, श्री/श्रीमती रिंकी राय सभी यहा रह रहे हैं: दीपा, तलवा पोखर रपूर्वी चंपारण तलवा, पोखर बिहार-845437, शिव मंदिर के पास, पूर्व चंपारण, बिहार-845437 पर भी: मौजा हरदिया थाना में तुरकौलिया थाना नंबर-174, खाता नंबर-101, खेसरा नंबर 34 अंचल तुरकौलिया जिला पूर्वी चंपारण बिहार पिन-845401	रु. 1755293,13/- 05.05.26 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: एटी-मौजा-हार्डिया, थाना-तुरकौलिया, थाना संख्या-174, ,खाता नंबर-101, खेसरा नंबर-34, आंचल-तुरकौलिया, जिला-पूर्वी चंपारण बिहार। पिन-845401 विलेख उत्तर-मुन्नी के मित्रा देवी पूर्व का खाली प्लॉट-सिमा देवी पश्चिम का खाली प्लॉट-रास्ता।		
9.	LAP3SAM000079818 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडल निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि: 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम+ आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती पप्पू सहनी, श्री/श्रीमती कमल सहनी श्री/श्रीमती सरोजनी देवी सभी यहा रह रहे हैं: सी/ओ/कमल कुमार साहनी, सदीपुर, समस्तीपुर, बिहार-848133, स्कूल, समस्तीपुर बिहार-848133 पर भी:-खाता नंबर 30 पुराना 611 नया, खेसरा नंबर-136 पुराना-281 नया, मौजा खारी, वार्ड नंबर 04, थाना खानपुर, थाना नंबर 175, आंचल खानपुर, उप पंजीयक किशनपुर, जिला समस्तीपुर, राज्य बिहार, पिन-848133	रु. 791913,14/- 05.05.2026 को
	अपरिवर्तनीय संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति:खाता-30 पुराना/611 नया, खेसरा-136 (पुराना)/281 (नया), मौजा-खारी, वार्ड नं.-04, थाना-खानपुर, थाना नं.-175, प्रगति-कसमा, आंचल-खानपुर, उप पंजीयक-किशनपुर, जिला-समस्तीपुर, 848133, बिहार। जांच के अनुसार उत्तर-12 फीट रोड दक्षिण-हरे कृष्ण राय (निजाम) पूर्व-राम विलास राम पश्चिम-हरि किशुन सह यास उत्तर-रोड दक्षिण-निज विक्रेता-राम बिलास राम पश्चिम-खरीदार, क्षेत्र: 10 धूर/2.218 दशमलव		
10.	लेन: एलएपी 3 एएस 000095046 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 27.05.206 ट्रस्ट का नाम: अर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती गणेश राम, श्री/श्रीमती कंचन देवी सभी यहां निवास कर रहे हैं: सी/ओ-भोला राम, वार्ड नंबर-06, गाम बारी, झिकटिया, झिकटिया खगड़िया मस्जिद के पास, खगड़िया, बिहार-851213 पर भी:-खाता नं.-164, खेसरा नं.-269, मौजा झिकटिया, थाना-मेहकिुंठ, थाना नं.-295, आंचल गोगरी, उप रजिस्ट्री-खगड़िया, जिला-खगड़िया जिला-खगड़िया, राज्य-बिहार, पिन-851213	रु. 1429444,75/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: खता-164, खेसरा-269, मौजा-झिकटिया, थाना-महेशखूंट, थाना नं.-295, वार्ड नं.-06, विल-झिकटिया, पी.एस.-महेशखूंट, जिला-खगड़िया, 851213, बिहार। जांच के अनुसार उत्तर-3' पीसीसी रोड दक्षिण-सागर साह पूर्व-खुशबू देवी पश्चिम-सुनैना देवी विलेख उत्तर-5' कच्ची रोड दक्षिण के अनुसार-सागर साह पूर्व-खुशबू देवी पश्चिम-सुनैना देवी, क्षेत्र: 10 धूर।		
11.	लेन: एलएपी 3 एसएसआर 000090545 मूल ऋणदाता: मेसर्स चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड ट्रस्ट का नाम+ आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती सुनील कुमार, श्री/श्रीमती चंद्रावती कुमारी सभी यहा रह रहे हैं:सी/ओ संतोष प्रसाद, सखारा, रोहतास बिहार, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक राजपुर, रोहतास के पास, बिहार-802219-मौजा-राजपुर, थाना-राजपुर, आंचल-राजपुर रजिस्ट्री कार्यालय-सासाराम, जिला-रोहतास, थाना नंबर-07, हलका-07, खाता नंबर-82, प्लॉट नंबर-2768	रु. 1569311,82/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति: मौजा7राजपुर, थाना-राजपुर, आंचल-राजपुर, रजिस्ट्री कार्यालय में-सासाराम, जिला-रोहतास, थाना नंबर-07, हलका-07, खाता नंबर-82, प्लॉट नंबर-2768। जांच के अनुसार पूर्व-केसर राम (गृह) पश्चिम-रास्ता उत्तर-मुनि लाल राम (घर), दक्षिण-राम बचन राम (घर), विलेख के अनुसार पूर्व-केसर राम पश्चिम-रास्ता, उत्तर-मुनिल लाल राम दक्षिण-रामबचन राम (गृह)		
12.	लेन: एलएपी 4 डीएआर 000131371 मूल ऋणता: मेसर्स चोलामंडल निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 27.05.2026 ट्रस्ट का नाम: आर्किल-ट्रस्ट-2026-0028	श्री/श्रीमती इस्लाम इस्लाम, श्री/श्रीमती चंदानी खातून सभी यहां रह रहे हैं: सी/ओ/-अबुबकर, गधिया, मुस्लिम टोल, बेलाही मधुबनी, 847231, मुस्लिम टोल के पास, मधुबनी बिहार-847231 पर भी: खाता नं.-689, पर मौजा-उदयपुर थाना-पंडौल, मधुबनी, बिहार-847231	रु. 1803373,66/- 05.05.2026 को
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण पर-मौजा-उदयपुर, बिठवार, प्रज्ञा और थाना-पांडौल, थाना नंबर-139, नया खाता नंबर-689, मुसिलम टोला के पास 1498, 1491, 1490, प्लॉट नं.-2203, 2206, 2205, 2207, 2208, जिला-दरभंगा, मधुबनी बिहार बिहार। पिन-847231 जांच के अनुसार उत्तर-10 फीट पीसीसी रोड, दक्षिण-हसनैन पूर्व-लक्ष्मणेश्वर चौधरी, पश्चिम-अब्दुल गनी, उत्तर-रास्ता, दक्षिण-हसनैन, पूर्व-लक्ष्मणेश्वर चौधरी, पश्चिम-अब्दुल गनी।		

नोटिस, इसलिए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओ)/गारंट(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उन्हें भुगतान करने के लिए कहा जाता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित लेन के खिलाफ ऊपर दिखाए गए कुल बकाया राशि में से। मामले में विफलता संबंधित उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) द्वारा ब्याज के साथ/कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए, एआरसीआईएल करेगा सरफेसी अधिनियम के लिए धारा 13 (4) के अधीन उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए विवश होना। इसके अलावा, सेवा के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विहित अन्य शिष्टाचार में सूचना। आपको ध्यान देना होगा कि उक्त बंधक को भुनाया जा सकता जा सकता है प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय एआरसीआईएल द्वारा किए गए लागत, शुल्क और व्यय के साथ देय पूरी राशि का भुगतान करने पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में विस्तृत रूप में बिक्री के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी या निजी उपचार के लिए सूचना। सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के संदर्भ में आपको इसके द्वारा स्थानांतरित करने और/या सुरक्षित से निपटने से रोका जाता है बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी तरीके के संपत्ति।

स्थान : बिहार
दिनांक 19.10.2026

ह./-प्राधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, (ट्रस्टी) के रूप में क्षमता)



इच्छा, दुःख और लाभ से मुक्ति

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

सुख, दुःख, इच्छा और लाभ -ये केवल बाह्य परिस्थितियाँ नहीं, वरन मानवीय मन के आंतरिक रुझान और वृत्तियाँ हैं। जीवन की वास्तविक साधना इन चारों वृत्तियों के प्रति आसक्ति के परित्याग में निहित है। जब मनुष्य सुख को बलपूर्वक पकड़ने की चेष्टा करता है, तब वही सुख दुःख में परिणत हो जाता है। अतः सुख की चाह का त्याग ही श्रेयस्कर है, जिससे दुःख स्वतः लुप्त हो जाता है। दुःख के आगमन पर विचलित हुए बिना, त्याग और समर्पण के माध्यम से उससे दूरी बनाना ही स्वाभाविक मार्ग है। मानव मन की एक विकृति यह भी है कि वह दुःख में भी एक प्रकार के विकृत रस का अनुभव करने लगता है। लोग चिकित्सकों द्वारा किसी गंभीर व्याधि की घोषणा पर आंतरिक संतुष्टि का अनुभव करते हैं अथवा चलचित्रों में दुखांत दृश्यों को देखकर आनंद पाते हैं। अतः दुःख का भी समूल त्याग आवश्यक है। इच्छा का निरंतर चिंतन मन में एक ज्वर उत्पन्न करता है, जो वर्तमान के आनंद को नष्ट कर देता है। इच्छा भविष्य का छलावा है, जबकि आनंद वर्तमान की स्थिति है। सांसारिक गृहस्थों हेतु इच्छाओं का दमन करने के स्थान पर, उन्हें ईश्वर या गुरु के चरणों में समर्पित कर देना ही मन को शांत करने का उपाय है। समर्पण से ही इच्छाओं की तृप्ति और मन की स्थिरता संभव है। लाभ का निरंतर चिंतन मनुष्य को लोभी और जड़ बनाकर प्रसन्नता से वंचित कर देता है। लाभ के त्याग का अर्थ व्यापार में स्वेच्छा से हानि उठाना नहीं, अपितु लोभ के मानसिक ज्वर से मुक्त होकर धर्म और बुद्धिमानी से व्यवहार चलाना है, क्योंकि यह नश्वर शरीर अंततः मिट्टी में विलीन होने वाला है। आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है। प्रतीक्षा के सिद्धांत का पालन करते हुए, हमें अपने जीवन को व्यर्थ के कार्यों में नहीं गंवाना चाहिए। एक सच्चा प्रेमी और साधक सदैव उपयोगी कर्मों में लीन रहकर संपूर्ण वातावरण को शांति, सामरस्य और प्रेम के परमाणुओं से शुद्ध करता है, जिससे समाज में व्याप्त क्रोध और दुःख की ऊर्जा स्वतः विलीन होने लगती है।

आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है।



सोनाक्षी सिन्हा : 16 साल में 31 फिल्में, मात्र 6 हिट

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर भी सामने आ गया है। बीते दिनों में सोनाक्षी की कई फिल्में आईं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं कर पायी हैं। एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अबतक 31 फिल्में कर चुकी हैं, जिनमें से कुछ हिट रहीं, तो वहीं ज्यादा फिल्म फ्लॉप साबित हुईं। सोनाक्षी ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म दबंग (10 सितंबर 2010) के साथ की थी। इसमें उनके साथ सलमान खान नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी और इसने 138.88 करोड़ का कलेक्शन किया था। साल 2012 सोनाक्षी के लिए काफी खास रहा। इस साल अपनी झोली में चार सुपरहिट फिल्में डालकर वह भारत की लीड एक्ट्रेसेज में शामिल हो गईं। लेकिन करियर के शुरुआती वर्षों में मिली ये शोहरत ज्यादा समय तक नहीं रह सकी। 2012 में जहां सोनाक्षी की लगभग सभी फिल्में हिट रही, वहीं उनके करियर का ग्राफ 2013 के बाद से ऐसा गिरा की उठ ही नहीं पाया। 2013 के बाद सोनाक्षी ने करीब 20 फिल्में की, जिनमें से एक-दो को छोड़कर सभी फ्लॉप साबित हुईं। 2012 के बाद सोनाक्षी ने खुद सिंगल लीड के तौर पर भी कुछ फिल्में की, जैसे- अकीरा, निकिता रॉय, लेकिन वो भी नहीं चल पायी।

शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को मिलेंगे 2 करोड़

कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम रेवंत रेड्डी

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ड्यूटी के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के लिए दो करोड़ के मुआवजे का ऐलान किया है। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह ऐलान किया। वहीं मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ऐलान किया कि पुलिस डिपार्टमेंट में सभी खाली पदों पर 2028 तक भर्तियां कर दी जाएंगी।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने होमगार्ड के लिए अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेशिया) को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की भी घोषणा की।

बता दें कि सीएम रेवंत रेड्डी हैदराबाद के गोशामहल पुलिस स्टेडियम में पुलिस शहीद स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी भी ली।

मुख्यमंत्री ने डीएसपी के पदों पर बहाली का जिक्र करते हुए कहा कि तेलंगाना के इतिहास में 110 डीएसपी पदों पर भर्ती एक अभूतपूर्व कदम है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने और न्याय दिलाने में देरी से बचने की अपील की। सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि पुलिस युवाओं को ड्रग्स लत से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




विजया दशमी के मौके पर थाना क्षेत्र के तमाम जनता को हमारी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां। थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शांति रखना हमारी प्राथमिकता।

सुनील कुमार मंडल
(पु.अ.नि.)
थाना-राजनगर (मधुबनी)

नीट में आरक्षण की मांग खारिज

एमबीबीएस में बुजुर्गों को1 प्रतिशत कोटा देने से इलाहाबाद हाई कोर्ट का इनकार

इलाहाबाद (एजेंसी)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में एक सिंगल जज के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें नीट के जरिये एमबीबीएस और दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एलिजिबल बुजुर्गों के लिए 1 प्रतिशत आरक्षण या स्पेशल कोटा की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस मंजीव शुक्ला की बेंच ने अशोक बहार की स्पेशल अपील का निपटारा करते हुए कहा कि प्रस्तावित आरक्षण पर संबंधित लेजिस्लेचर या संबंधित सरकार को विचार करना चाहिए। बेंच ने कहा कि अभी प्रस्तावित आरक्षण के लिए कोई प्रोविजन नहीं है और पिटीशनर के रिप्रेजेंटेशन में ऐसा कोई लागू करने लायक अधिकार शामिल नहीं था, जिसके लिए रिट ऑफ मैंडेमस की जरूरत हो। कोर्ट ने कहा, एमबीबीएस और दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन के मामले में एलिजिबल बुजुर्गों के लिए आरक्षण की मांग करने वाला रिप्रेजेंटेशन ऐसे किसी भी अधिकार पर आधारित नहीं है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, अशोक



बहार ने हाई कोर्ट में अर्जी देकर अधिकारियों को उनके रिप्रेजेंटेशन पर विचार करने और नीट के जरिये एमबीबीएस और दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एलिजिबल सीनियर सिटिजन्स के लिए 1 प्रतिशत रिजर्वेशन या स्पेशल कोटा देने पर सही पॉलिसी फैसला लेने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश देने की मांग की थी कि वे 23 जून, 2026 की उनकी पेंडिंग रिप्रेजेंटेशन पर एक तय समय में एक तर्कपूर्ण और बोलने वाला ऑर्डर पास करके फैसला करें। सिंगल जज ने पहले रिट पिटीशन को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि मामला पॉलिसी से जुड़ा है। पिटीशनर की मांगी गई रिट ऑफ मैंडेमस जारी करने से मना कर दिया था। उस ऑर्डर को चुनौती देते हुए, बहार ने मौजूदा इंट्रा-कोर्ट अपील की।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वकील ने डिवीजन बेंच के सामने कहा कि एनटीए सिर्फ एग्जामिन करने वाली बॉडी है और एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन के लिए मौजूदा कानूनों और पॉलिसी के हिसाब से चलती है। बेंच को बताया गया कि अभी तक, अपील करने वाले ने जैसा मांगा है, वैसा कोई प्रोविजन मौजूद नहीं है। यह मामला वैसे भी संबंधित लेजिस्लेचर या सरकार के दायरे में आता है। बेंच ने अपने ऑर्डर में आगे कहा कि पिटीशनर का रिप्रेजेंटेशन कोई कानूनी रिप्रेजेंटेशन नहीं था, बल्कि इसे मैंडेमस मांगने वाली रिट पिटीशन को बनाए रखने के लिए जरूरी शर्तों को पूरा करने के लिए पेश किया गया था।



दुर्गापूजा दीपावली एवं छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

विपिन कुमार सिंह
सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी
(विशेष सर्वेक्षण)
बारसोई (कटिहार)



सभी गयावासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

सुभाष कुमार
गुरुआ गया जी
अंचल आर ओ



सीएम शुभेंदु ने दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के इंतज़ामों की समीक्षा की

कोलकाता (एजेंसी)। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कोलकाता के बाबूघाट में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के इंतज़ामों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मूर्ति विसर्जन को लेकर ऐसी टिप्पणी की जिससे सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सनातन धर्म को मानते हैं, वही मूर्ति को हाथ लगाएंगे। उन्होंने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के समय हिंदू परंपरा और विरासत के बारे में बात करते हुए यह बात कही। इसको लेकर पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरू हो गई है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पवित्रता बनाए रखने के लिए हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज, शास्त्रों को मानना होगा, जो हज़ारों सालों से चले आ रहे हैं। यह एक धार्मिक रस्म है। बेशक, त्योहार तो है लेकिन त्योहार सेकेंडरी हैं। प्राइमरी बात धार्मिक परंपरा को सही तरीके से बनाए रखना है। मैंने तो यहां तक कहा है कि जो लोग यहां माता को ले जाएंगे, उनका नाम, पहचान रखेंगे। सिर्फ सनातन को मानने वाले ही मूर्ति को हाथ लगाएंगे। इसमें कोई कम्युनलिज्म नहीं है।

पश्चिम बंगाल में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। कोलकाता के चोरबागान में पंडाल हादसे के बाद पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। चोरबागान दुर्गा पंडाल में भगदड़ मचने से 19 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना



के मद्देनजर विसर्जन को लेकर पूरी चौकसी बरती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री भी दुर्गा विसर्जन घाटों का दौरा कर इंतजामों का जायजा ले रहे हैं। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय कुमार नंद और कोलकाता म्युनिसिपल कमिश्नर स्मिता पांडे के साथ, अधिकारी ने बाबूघाट में इंतज़ामों का जायज़ा लिया और बिजय दशमी पर विसर्जन प्रोसेस को आसानी से चलाने के तरीकों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा, और भी सावधानी बरती गई है, और सिक्योरिटी इंतज़ाम मज़बूत किए गए हैं। हथकरघा भी सिक्योरिटी इंतज़ामों में शामिल है। विसर्जन खत्म होने के बाद सफ़ाई का काम किया जाएगा। कोलकाता और आसपास के तीन पुलिस कमिश्नरेट में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की निगरानी के लिए 18 आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारियों को तैनात किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन 18 अधिकारियों में से 12 को कोलकाता में तैनात किया गया है जबकि छह अन्य अधिकारी हावड़ा, बैरकपुर और चंदननगर आयुक्तालयों में विसर्जन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा, ये आईपीएस अधिकारी बुधवार से 24 अक्टूबर तक विसर्जन गतिविधियों की निगरानी करेंगे। सभी अधिकारियों के लिए अलग-अलग ड्यूटी कार्यक्रम तैयार किया गया है।

18 आईपीएस अधिकारी तैनात

राज्यपाल और सीएम ने दी बधाई

वहीं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन.रवि और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने लोगों को बुधवार को विजयादशमी की बधाई दी और सभी के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। राज्यपाल रवि ने अपने संदेश में इस अवसर को बुराई पर अच्छाई की शाश्वत जीत का प्रतीक बताया, जो देवी दुर्गा की महिषासुर पर और भगवान राम की रावण पर विजय में परिलक्षित होती है। मुख्यमंत्री ने बुराई के विनाश और परोपकारी शक्तियों की जीत की कामना की। साथ ही, उन्होंने बंगाल की विरासत, सद्भाव और भाईचारे पर जोर दिया। राज्य के लोगों को हार्दिक बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने यह आशा जताई कि बंगाल की विरासत, सद्भाव और भाईचारे के बंधन और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, शुभो बिजोय।

अमेरिका की पैरवी करने ईरान पहुंचे आसिम मुनीर

तेहरान (एजेंसी)। ईरान अपना एक ग्राम यूरेनियम भी देश के बाहर नहीं भेजेगा। ये फैसला ईरान के सिक्योरिटी चीफ मोहसिन रेजाई ने पाकिस्तान को सुना दिया है, जो अमेरिका की पैरवी कर रहा है। रेजाई ने पाकिस्तान से दो टूक कहा है कि तेहरान एक ग्राम यूरेनियम भी देश के बाहर नहीं भेजेगा। मोहसिन रेजाई ने यह बात मंगलवार को पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसीम मुनीर के साथ बातचीत में कही है। बता दें कि पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता बहाल करने की कोशिश के तहत तेहरान पहुंचे थे।

मोहसिन रेजाई ने पाक को सुना दिया फैसला

ईरान के सिक्योरिटी चीफ मोहसिन रेजाई ने पाकिस्तान को साफ साफ बता दिया है कि जब तक अमेरिका उसकी मांगे पूरी नहीं करता है, तब तक वह उसके साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी मोहसिन रेजाई ने कहा, ईरान की परमाणु सामग्री ईरानी लोगों के लिए एक बड़ी संपत्ति और राष्ट्रीय संपदा है, जिसका इस्तेमाल देश के भीतर ही किया जाना है। रेजाई ने एक्स पर एक पोस्ट में भी इस बात को दोहराया है। पाकिस्तान के चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी मंगलवार को ईरान पहुंचे हैं। आसिम मुनीर के दौरे के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका से बातचीत तभी होगी, जब वॉशिंगटन उसकी सभी शर्तें पूरी करने के लिए कदम उठाएगा। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशों के बावजूद ईरान ने अपना रुख और सख्त कर दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ चर्चा की। हालांकि इसका कोई फायदा नहीं दिख रहा है। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फरवरी में शुरू हुए युद्ध के बाद एक दो बार नहीं, पांचवीं बार ईरान पहुंचे हैं। इस बार के ईरान दौरे में मुनीर ईरानी अधिकारियों और विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय हालात और अमेरिका के साथ ईरान के तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

KINGS WAY PATNA

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK ● WWL हॉस्पीटल, राइन्टिंगटन, इंग्लैंड
हड्डी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व ज्वाइंट सर्जन (दूरबीन पद्धति)

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर ट्रंप का बड़ा बयान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। भारत और अमेरिका ट्रेड डील (व्यापार समझौता) के काफी करीब पहुंच चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। मंगलवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं। एक सवाल के जवाब में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे। हां, हम इसके काफी करीब हैं। यह समझौता अब तक किए गए हमारे समझौतों से काफी अलग होगा।%

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की यात्रा के दौरान व्यापार, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। मार्को रुबियो ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दोनों पक्ष एग्रीमेंट को फाइनल करने के करीब हैं, बस कुछ ही मुद्दों पर बात होनी बाकी है। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि हम बिना किसी एग्रीमेंट के जितना करीब हो सकते हैं, उतने करीब हैं। मुझे लगता है कि कुछ ही चीजें बाकी हैं जिन्हें पूरा करना है। रुबियो ने उम्मीद जताई कि बाकी मुद्दे जल्द ही सुलझ जाएंगे, जिससे ट्रेड डील की घोषणा का रास्ता साफ हो जाएगा। और शायद इसके बाद दोनों देशों के नेता इस पर साइन कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस महीने की शुरुआत में व्यापार समझौते की बारीकियों पर चर्चा करने के लिए मिल्वॉकी और वाशिंगटन में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर से मुलाकात की थी। बता दें कि भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने की फरवरी में घोषणा की थी।

हिंदू मंदिर में गोलीबारी की साजिश की जांच हेट क्राइम मानकर करें

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के 100 से ज़्यादा सांसदों ने एफबीआई निदेशक काश पटेल को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इलिनोइस के एक हिंदू मंदिर में हुई सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की जांच एक फेडरल हेट क्राइम (नफरत से प्रेरित अपराध) के तौर पर की जाए। उन्होंने भारतीय-अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली ऑनलाइन धमकियों से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जवाब मांगा है।

अमेरिकी सांसदों ने एफबीआई निदेशक को लिखा पत्र

कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति के नेतृत्व में सांसदों का ये पत्र शिकागो के पास ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में एक 19 साल के बंदूकधारी द्वारा गोलीबारी करने की कोशिश के कुछ दिनों बाद आया है। बंदूक (शॉटगन) जाम हो जाने के कारण उसकी योजना नाकाम हो गई थी, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई थी। कांग्रेस के 105 सदस्यों (जिनमें चार अमेरिकी सीनेटर भी शामिल हैं) के इस पत्र में ट्रंप प्रशासन के बयानों की भी आलोचना की गई है। इसमें कहा गया है कि इन बयानों ने नस्लीय और धार्मिक रूढ़ियों को जायज ठहराने का काम किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, अमी बेरा, सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (गृह सुरक्षा विभाग) की एक पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें एक सिख व्यक्ति की तस्वीर के साथ ये संदेश था- हमारी सड़कों से हट जाओ, तुम्हें गाड़ी चलानी नहीं आती, मिस्टर सिंह। इसके अलावा, उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन (शिक्षा विभाग) की एक पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें मेक कॉलेज फुटबॉल ग्रेट अगेन लिखा था। ये पोस्ट तब आई थी जब टेक्सास के एक रिपब्लिकन ने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के फुटबॉल मैच में दक्षिण एशियाई लोगों के शामिल होने पर शिकायत की थी।



20 अक्टूबर को लिखे गए पत्र में सांसदों ने कहा, हमें इस बात की भी गहरी चिंता है कि प्रशासन की ओर से आए संदेशों ने इन समुदायों के प्रति नफरत को कम करने के बजाय उसे और बढ़ाने का काम किया है। सांसदों ने कहा कि नस्लीय नफरत, धार्मिक संदर्भ और बड़े पैमाने पर हिंसा की तैयारियों का ये मिला-जुला रूप एक व्यापक संघीय प्रतिक्रिया की मांग करता है। सांसदों ने ये जानने की कोशिश की कि क्या एफबीआई अरोरा मामले में संभावित नस्लीय, जातीय और धार्मिक पूर्वाग्रह की जांच कर रही है, क्या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या दूसरे व्यक्तियों ने कथित साजिश को बढ़ावा दिया है और पूजा घरों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सितंबर 2026 की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें जनवरी 2025 और जून 2026 के बीच एक्स पर 5,42,000 से अधिक दक्षिण एशियाई विरोधी घृणित पोस्ट की पहचान की गई, जनवरी 2024 से जून 2026 तक मासिक मात्रा लगभग 240 प्रतिशत बढ़ गई।

अब आपके शहर पटना में राम मनोहर लोहिया हास्पीटल, नई दिल्ली के 25 वर्षो के अनुभवी प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0 के ठाकुर उपलब्ध है।

HEALTHY HEART CLINIC
Dr. A. K. THAKUR
MD, DM, CARDIO (Gold Medalist)
PGI, RML Hospital, New Delhi
Visiting Consultant at
Asian City Hospital, Patna



ECG, ECHO, HOLTER, TMT, ABPM, ILR, ANGIOGRAPHY, ANGIOPLASTY, PACEMAKER ICD, CRTD इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।
आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत योजना एवं TPA / इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की व्यवस्था
Adult Vaccination Available
एम 2/36, श्रीकृष्णापुरी, मिश्रा फार्मा के बगल में, कृष्णा अपाटमेंट के सामने, बोरिंग रोड, पटना
7061824674, 7250257778